सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-283 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 08 अप्रैल 2025
09 शव्वाल 1446 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# ट्रंप टैरिफ से कांपा शेयर बाजार
## भारतीय निवेशकों के डूबे 14 लाख करोड़

- अब अमेरिकी मार्केट में भी भूचाल
- स्मॉलकैप में 6 प्रतिशत गिरावट, निफ्टी भी 3.24 प्रतिशत गिरा



**ऐतिहासिक गिरावट**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। शेयर बाजार के मुख्य इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में लगातार बिकवाली जारी है। जाहिर है कि अमेरिकी टैरिफ का असर भारतीय शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है। हालांकि शेयर बाजार में हो रही गिरावट के कई और कारण भी हो सकते हैं।

अभी लिखते समय, बीएसई सेंसेक्स लगभग 2900 अंक गिरकर 72,389 पर ट्रेड कर रहा है। वहीं एनएसई निफ्टी में 920 अंक की गिरावट आई है। अभी निफ्टी 21,977 पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा आज सुबह प्री-ओपन के समय बीएसई सेंसेक्स 4000 अंक तक गिरा था. वहीं निफ्टी में 1100 अंक की गिरावट दर्ज की गई थी। अमेरिकी टैरिफ से पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था डगमगा उठी है। सभी निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ रहे हैं। आज सुबह एशियाई बाजार के सभी इंडेक्स में भारी बिकवाली हुई थी। वहीं अमेरिकी मार्केट का भी बुरा हाल है। गिफ्ट निफ्टी भी सुबह 900 अंक की गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा था। विदेशी बाजारों में हुई बिकवाली का प्रभाव भारतीय शेयर बाजार में भी देखने को मिला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को कड़वी दवा बताया है। भारत समेत कई बड़े देशों में अमेरिका ने निर्यात पर टैरिफ का ऐलान कर दिया है। डगमगाए ग्लोबल अर्थव्यवस्था के बीच इस हफ्ते चौथे तिमाही के परिणाम जारी हो सकते हैं।

### टैरिफ का अभी और दिखेगा असर

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो शेयर बाजार में अभी पूरी तरह से टैरिफ का असर देखने को नहीं मिला है। ट्रंप ने भारत सहित लगभग 180 से अधिक देशों में टैरिफ का ऐलान कर दिया है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में टैरिफ का इनडायरेक्ट असर हो सकता है। इसके साथ ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भी इससे मंदी आ सकती है।



# जांच अधिकारी को कटघरे में खड़ा करो : सुप्रीम कोर्ट
## यूपी में कानून का शासन धाराशायी, योगी सरकार को लगायी फटकार

**सिर्फ पैसे ना देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने सोमवार 7 अप्रैल 2025 को यूपी में सिविल मुकदमों के क्रिमिनल केस में तब्दील किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। न्यायाधीश संजीव का कहना है कि उत्तर प्रदेश में आए दिन मामलों को आपराधिक मुकदमों में बदले जा रहा है। न्यायाधीश ने यूपी पुलिस को फटकार लगाई और चेतावनी दी है कि अगर आगे से ऐसा फिर हुआ तो जुर्माना लगाया जाएगा।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने यह भी कह दिया कि इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर को कटघरे में खड़ा करो और उसपर क्रिमिनल केस बनाओ। अधिकारियों को भी तो सबक मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट एक मामले की सुनवाई कर रहा था। यूपी पुलिस ने जहां सिविल केस को आपराधिक मामले में बदल दिया था। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं माना जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि ये बहुत ही बेतुकी बात है और वह डिप्टी जनरल ऑफ पुलिस से भी कहेंगे कि यूपी में ये जो हो रहा है, वह उसमें कुछ न कुछ करें। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने आगे इस तरह के मामलों में पुलिस पर जुर्माना लगाने की भी चेतावनी दी है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना ने कहा कि यूपी में मुकदमों को लेकर जो हो रहा है, वो बहुत ही गलत है... हर दिन सिविल केस आपराधिक मुकदमों में तब्दील हो रहे हैं। ये बहुत बेतुकी बात है, सिर्फ पैसे न दे पाने को अपराध नहीं कहा जा सकता है। मैं इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर से भी कटघरे में आने के लिए कहूंगा। आईओ को कटघरे में खड़ा करो और आपराधिक मामला बनाओ, हम ये निर्देश देते हैं, उन्हें भी तो सबक मिलना चाहिए, ये कोई तरीका नहीं है चार्जशीट फाइल करने का। चौंकाने वाली बात तो यह है कि आए दिन यूपी में ये हो रहा है, वकील भूल गए हैं कि वह नागरिक क्षेत्राधिकार भी है।



## बीमा पॉलिसी के तहत मुआवजे पर नए सिरे से करें फैसला करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग को निर्देश दिया कि वह एक बीमा पॉलिसी के तहत एक कंपनी को 2005 में हुए नुकसान के लिए देय मुआवजे की राशि पर नए सिरे से विचार करे। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ एनसीडीआरसी के अगस्त 2022 के आदेश के खिलाफ बीमा कंपनी की अपील पर सुनवाई कर रही थी। एनसीडीआरसी ने माना कि बीमा कंपनी आगरा स्थित एक कंपनी को मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी है, जिसे अपनी पॉलिसी के तहत एक फैक्ट्री शेड के ढहने के कारण नुकसान उठाना पड़ा था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कंपनी ने बीमा कंपनी से आग और विशेष खतरों के खिलाफ एक व्यापक बीमा पॉलिसी ली थी, और यह पॉलिसी 30 जून, 2005 से 29 जून, 2006 तक प्रभावी थी। यह बात रिकॉर्ड में आई कि 1 अगस्त 2005 को भारी बारिश के कारण फैक्ट्री शेड ढह गया और प्लांट, मशीनरी, स्टॉक और इमारतों को नुकसान पहुंचा।

### मुख्यमंत्री ने प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैण्डबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 (हैण्डबॉल/बास्केटबॉल) का किया शुभारम्भ
## पीएम मोदी ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया है बढ़ावा: योगी



- पांच साल में यूपी पुलिस में 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की भर्ती की
- महिला आरक्षी बरखा सोनकर ने मुख्यमंत्री योगी को मशाल सौंपी
- एक स्मारिका का सीएम ने विमोचन भी किया
- खेलकूद की गतिविधियां प्राचीनकाल से ही भारत के जीवन का हिस्सा रही हैं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें स्वस्थ भारत चाहिए और स्वस्थ भारत के लिए खेलकूद की गतिविधियों को प्रत्येक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। इसीलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है।

खेलो इण्डिया, फिट इण्डिया मूवमेण्ट या देश में प्रत्येक जनपद में खोले गए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के सेण्टर इस बात के उदाहरण हैं। इसके दृष्टिगत प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैण्डबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किया जा रहा है, जिसमें केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों की 75 टीमें सहभागी बन रही है। मुख्यमंत्री यहां शहीद चन्द्रशेखर आजाद क्रीड़ा संकुल, 35वीं वाहिनी पी0ए0सी0 में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैण्डबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 (हैण्डबॉल/बास्केटबॉल) का उद्घाटन करने के बाद इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतिभागी टीमों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। मुख्यमंत्री जी ने उनका मान-प्रणाम स्वीकार किया। महिला आरक्षी सुश्री बरखा सोनकर ने मुख्यमंत्री जी को मशाल सौंपी। मुख्यमंत्री जी द्वारा मशाल आरक्षी श्री विक्रान्त सिंह को सौंपी गयी। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेल व खेलकूद की गतिविधियां प्राचीनकाल से ही भारत के जीवन का हिस्सा रही हैं।

भारतीय मनीषा ने कहा है कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्' अर्थात धर्म के जितने भी साधन है, उनकी पूर्ति एक स्वस्थ शरीर से ही सम्भव है। स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। आज से अगले 04 दिनों तक प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैण्डबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किया जा रहा है। इसमें केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों व राज्य पुलिस बलों से जुड़ी 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कुल 1,341 खिलाड़ी इस आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें 336 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं।

## हज से पहले सऊदी अरब ने लगाई पाबंदी भारत सहित 14 देशों का वीजा रोका

**रियाद।** बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए सऊदी अरब ने भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिकारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है।



नियम तोड़ने पर पांच साल की एंट्री बैन

# टिकट चाहिए तो बनाइए 50 हजार से अधिक फॉलोअर्स : राहुल गांधी

- महागठबंधन के सभी दलों को मिलकर चुनाव लड़ना होगा
- ईमानदारी से काम करें और कथनी-करनी में फर्क न रखें

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेसियों को दो टूक कह दिया है कि अलग-अलग चुनाव लड़कर बिहार में एनडीए को परास्त नहीं कर सकते हैं। एनडीए को परास्त करना है तो महागठबंधन के सभी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ना होगा।

सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में पार्टी के जिलाध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि बिहार विधानसभा का चुनाव इस राज्य के लिए ही नहीं, देश के लिए भी महत्वपूर्ण है। बदलाव का रास्ता बिहार से ही निकलता है। उन्होंने कांग्रेसियों से आग्रह किया कि वे कथनी और करनी में बिल्कुल अंतर न रखें। कहें कुछ और करें कुछ और इस प्रवृति को छोड़ दें। ईमानदारी से काम करें तो सफलता जरूर मिलेगी। मंच पर राहुल गांधी के आने से पहले पार्टी की आईटी टीम के सदस्य बता रहे थे कि आज इंटरनेट मीडिया के माध्यम से लोगों के बीच अपनी पहुंच बनाना कितना आसान हो गया है। टीम के एक सदस्य ने कहा कि अगर विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनना चाहते हैं तो इंटरनेट मीडिया पर अपने फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाएं। यह 50 हजार से अधिक हो तो टिकट मिलने में सुविधा होगी।

### कांग्रेस के लोग गांवों में जाएं

गांधी ने कहा कि कांग्रेस के लोग राज्य के गांवों में जाएं। चौपाल लगाएं। आम लोगों की समस्याओं को सुनें। आन्दोलन के माध्यम से उसका समाधान करें। आप उन लोगों के बीच भी जाकर काम करें, जिनकी प्रतिबद्धता अन्य दलों के प्रति है। दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचितों के अलावा गरीब सवर्णों को भी संगठन से जोड़ें। उन्हें जाति आधारित गणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लाभ के बारे में भी बताएं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि राज्य इकाई एआइसीसी के निर्देशों के अनुरूप काम कर रही है। कांग्रेसी अपने वाहन और घर पर पार्टी का झंडा लगा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य कांग्रेस के लोग ईमानदारी और मेहनत से काम कर रहे हैं। कार्यक्रम को बिहार के कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लाबारु ने भी संबोधित किया।



## प्रयागराज जंक्शन पर बेपटरी हुई मालगाड़ी
### इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे



**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 6 के सामने रेल ट्रैक से मालगाड़ी उतर गई है। मालगाड़ी पर गिट्टी लदी है। गिट्टी को रेल लाइन पर बिछाने के लिए ले जाया जा रहा था। घटना के बाद इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और मालगाड़ी के पहिए को वापस ट्रैक पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। मालगाड़ी में कुल 9 वैगन है सभी में कोयला लदा हुआ है। दिल्ली हावड़ा रूट की मुख्य लाइन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इसके कारण ट्रैफिक सामान्य गति से चल रहा है। घटना सोमवार को अपराह्न लगभग 2:45 की है. घटना के कारण का पता लगाया जा रहा है।

## आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

- हाईकोर्ट ने अर्जी को किया स्वीकार



**जोधपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है। गौरतलब है कि अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने के बाद आसाराम ने 1 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था। लेकिन करीब 10 घंटे बाद रात 11.30 बजे उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी इलाज के आधार पर उन्हें तीन महीने की अंतरिम जमानत दी थी। उसी फैसले को आधार बनाकर राजस्थान हाईकोर्ट में अर्जेंट सुनवाई की मांग की गई थी।

## मणिपुर के लिलोंग में तनाव के बाद लगा कर्फ्यू, इंफाल घाटी के कई हिस्सों में प्रदर्शन



**इंफाल।** मणिपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष असकर अली के घर में आगजनी के बाद थौबल जिला प्रशासन ने सोमवार को पूरे लिलोंग विधानसभा क्षेत्र में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने तथा हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसमें कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक ने रविवार रात को रिपोर्ट दी कि लाठियों और पत्थरों से लैस लगभग सात से आठ हजार लोगों ने लिलोंग सम्ब्रुखोंग मामेई क्षेत्र में असकर अली के घर पर धावा बोल दिया और उसे आग लगा दी।

असकर अली ने शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर ने वक्फ संशोधन अधिनियम का समर्थन किया था, हालांकि घटना के बाद अली ने अपने पिछले बयान के लिए माफी मांग ली। इस बीच रविवार को इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में वक्फ संशोधन कानून को लेकर प्रदर्शन हुए। रैली में पांच हजार लोग शामिल हुए। प्रदर्शन के कारण लिलोंग में एनएच 102 पर यातायात बाधित हो गया। थौबल में इरोंग चेसाबा सहित कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार के खिलाफ नारे लगाए और इस कानून की निंदा की। घाटी के मुस्लिम बहुल इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। संसद से पारित वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंजूरी दे दी है।

**बोझ**

### आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका
# महंगी हुई रसोई गैस, 50 रुपये की बढ़ोतरी

- 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 से बढ़कर 853 रुपये होगी

**नई दिल्ली।** आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गई हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी। 500 से यह 550 (पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए) हो जाएगी और अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं। इसलिए, आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है।



### पेट्रोल-डीजल में 2 रुपये का इजाफा

सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। राहत की बात यह है कि उत्पाद शुल्क के बढ़ने से आम जनता पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह फैसला वैश्विक तेल कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बीच लिया गया है। पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगीं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो-दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। आदेश में कहा गया है कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।



# विधायक ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास



*अवधनामा संवाददाता*

**मवई अयोध्या।** माँ कामाख्या धाम विकास के पथ पर अग्रसर है।विधायक रामचंद्र यादव के लगातार अथक प्रयासों से रुदौली विधानसभा का सर्वांगीण विकास हो रहा है इसी कड़ी में विधायक रामचंद्र यादव ने मां कामाख्या धाम नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 के रामपुर गुदारा में 4 करोड़ 17 लाख 89 हजार की लागत से बनने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के एकेडमी एवं बालिका छात्रावास का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रामाकांत राम ने मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र यादव का बुके देकर स्वागत किया। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को उत्कृष्ट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, रोजगार और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। इस कॉलेज की स्थापना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास उन बच्चियों को समर्पित है, जिनमें पढ़ने की ललक तो है पर साधन आदि के अभाव में शिक्षा से दूर रहती हैं। बेटियों पर आगे चलकर दो परिवारों की जिम्मेदारी होती है अतः उनमें शिक्षा होना आवश्यक है।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल व संचालन तेज तिवारी ने किया।

## 9 अप्रैल बुधवार से महबूबगंज से पीएम के संसदीय क्षेत्र वाराणसी तक बस का संचालन

**गोसाईगंज अयोध्या।** गोसाई गंज क्षेत्र वासियों का एक बहुत बड़ा सपना अब पूरा होने वाला है।गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल के प्रयास पर आगामी 9 अप्रैल बुधवार से महबूबगंज, गोसाईगंज, अंबेडकरनगर, मालीपुर,शाहगंज,जौनपुर के रास्ते वाराणसी तक चलने वाली परिवहन निगम की बस पर सवार श्रद्धालुओ को अब श्रृंगीऋषि,शिव बाबा,जौनपुर स्थित चौकियां धाम, विंध्याचल एवं पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र स्थित बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए झंझटो से सामना नहीं करना पड़ेगा।

# न्यू जी. डी. उद्योग कार्यालय पर आयोजित हुआ ईद मिलन कार्यक्रम

## देश के चौथे स्तम्भ को अंग वस्त्र एवं उपहार दे कर क़िया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली अयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र के न्यू जी. डी. उद्योग ईट भट्टा मुस्काबाद हलीमनगर कार्यालय पर रविवार को ईद मिलन व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन क़िया गया जिसमे न्यू जी. डी. उद्योग ईट भट्टे के प्रोपराइटर मोहम्मद इरफान खान द्वारा रुदौली तहसील क्षेत्र के पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित क़िया गया! समारोह के मुख्य अतिथि हाजी सुहैल अहमद ने कहा कि ईद का पर्व आपसी भाई चारा, गंगा जमुनी तहजीब, सदभाव व सौहार्द का सन्देश देती है पत्रकार देश के चौथे स्तम्भ है जो मजलूमो, बेसहारा व गरीबो के साथ हो रहे अन्याय को अधिकारी व कर्मचारी तक उनकी बातो को पहुँचाने का काम करते है । कार्यक्रम के संयोजक अबू बकर खान ने कहा की ईद मिलन कार्यक्रम के माध्यम से पत्रकारों के बीच सौहार्द की भावना कायम रहेगी। ईद मिलन कार्यक्रम में तहसील भर के पत्रकारों ने शिरकत कर मिठाई की मिठास चखी। सभी ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार विनय मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों के बीच ईद मिलन कार्यक्रम के द्वारा सौहार्द की भावना बनी रहेगी। आज के दौर में पत्रकारिता करना चुनौतीपूर्ण है, ऐसे में हमें जाति-धर्म से ऊपर उठकर देशहित में कलम का इस्तेमाल करना होगा। तहसील के तेज तर्रार पत्रकार जगदम्बा श्रीवास्तव व पत्रकार अब्दुल जब्बार एडवोकेट ने कहा कि देश के लोकतंत्र के लिए पत्रकारिता कितनी महत्वपूर्ण है, अगर कोई सरकारों को आईना दिखा सके तो वह एक पत्रकार हैं । अब्दुल जब्बार एडवोकेट ने अपनी बातो के माध्यम से एकता और सभी धर्मों के प्रति सम्मान का संदेश दिया। पत्रकार मुनीर अहमद ने कहा कि यह देश सभी धर्म व वर्गों का देश है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुल्क, समाज व कौम की तरक्की के लिए लोगों में आपसी प्रेम व सद्भाव जरूरी है। ईद का पर्व आपस में मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का धर्म है। भट्टे के प्रॉपराइटर मोहम्मद इरफान ने सभी पत्रकारों को ईद मिलन कार्यक्रम के आयोजन मे आने के लिए आभार प्रकट क़िया व उज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर मो. इब्राहिम खान, रमेश पाण्डेय, अबू बकर खान, शेख अरसलान, जय सिंह विश्वकर्मा, प्रमोद गुप्ता, समाज सेवी सत्य प्रकाश यादव,तुफैल अहमद,शहनवाज अहमद,कफील अहमद, नबील अहमद, उबैद अहमद, अदील अहमद, मोहम्मद तालिब एडवोकेट,उमेर अहमद, मोहम्मद अरबाज खान, शीजान खान, अमन खान, तनवीर अहमद, मोहम्मद सैफ़, डॉक्टर उज़ेर अहमद,आदि लोग उपस्थित थे।

# सूफी संतों ने हमेशा सभी को एक होकर रहने का संदेश दिया: गौरव



**मसौली बाराबंकी।** आपसी एकता एवं मेल मिलाप के प्रतीक है मेले, सभी लोगों को ऐसे आयोजनों में आगे आना चाहिए।सूफी संतों की दुआओं की बदौलत ही आज संसार चल रहा है। उक्त विचार आज कस्बा बांसा शरीफ में हजरत सैयद शाह अब्दुल रज्जाक रहमतुल्ला अलेह की याद में चल रहे आठ दिवसीय मेले के समापन के अवसर पर मजार पर चादर चढ़ाने के उपरांत विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किये। श्री रावत ने आगे कहा कि मेलों में हम लोग एक दूसरे से मिलकर आपसी गिले शिकवे को मिटाते हैं। मेलों से हमारी पुरानी संस्कृति जीवित रहती है। सूफी संतों ने हमेशा सभी को एक होकर रहने का संदेश दिया है, उन लोगों ने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का काम किया तथा लोगो को सच्चाई के रास्ते पर चलने की शिक्षा दी। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज ने अपने संबोधन ने कहा मेला कमेटी के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इतना शानदार आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से किया। हम सभी लोगों को ऐसे आयोजनों को करते रहना चाहिए।इस मेले में देश के कोने-कोने से जायरीन आकर अपनी मन्नत मांगते हैं और उनकी मुरादे पूरी होती है। मेला कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान संजय में अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया तथा अपने सभी पदाधिकारी का मेले में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मेला कमेटी के उपाध्यक्ष कामिल अली, सचिव जमील अंसारी, मोहम्मद एखलाक अंसारी, मोहम्मद आमिन खादिम, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद गुफरान खादिम, मोहम्मद नियाज खादिम, लल्ला यादव, जैशराम, संजय यादव व नितिन मौर्या समेत समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# कूटरचित अभिलेखों से ट्रस्ट पर कब्जा, 10 लोगो पर मुकदमा दर्ज




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** श्री कृष्ण एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य न्यासी राकेश कुमार वर्मा की संस्थापक ट्रस्टी पत्नी विमला देवी ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा समेत 10 लोगो पर कूट रचना करके फ्राड करने की गंभीर धाराओ में थाना जंहागिरबाद में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पीड़ित बिमला देवी पत्नी राकेश कुमार वर्मा निवासी लखपेडाबाग थाना कोतवाली नगर बाराबंकी ने बताया कि वह श्री कृष्ण एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक न्यासी है। यह ट्रस्ट वर्ष 2009 से संचालित है। ट्रस्ट के मुख्य न्यासी राकेश कुमार वर्मा हैं। इस ट्रस्ट से रमेश चंद्र आर्य उर्फ पुजारी पुत्र श्री कृष्ण का कोई संबंध कभी नहीं रहा है। फिर भी इन्होंने कई लोगो के साथ मिलकर कागजो में ट्रस्ट की बैठक दिनांक 27.12.2024 को फर्जी तरीके से दिखाकर बिना सूचना और बिना बैठक के कूट रचना करते हुए राकेश कुमार वर्मा को प्रबंधक / सचिव पद से हटा दिया तथा अपने पुत्र भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा को ट्रस्टी बना दिया जो कि ट्रस्ट के नियमों के विपरीत है। बताया कि ट्रस्ट की कार्यवाही में अपने मुख्य सहयोगी राजकुमार उर्फ लाल बेग अरविंद कुमार वर्मा मानसिंह अनीता वर्मा आनंद कुमार वर्मा विवेक कुमार वर्मा अंशू वर्मा पुत्री हरी प्रसाद व आदर्श वर्मा उर्फ बन्टी की संलिप्तता से कई बड़े फ्राड कर डाले। पीड़ित के मुताबिक सभी एक राय होकर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर अभिलेखों में छेडाछाड करके साक्ष्य के रूप में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर लिए जिज़ प्रयोग में लेकर खूब लाभ कमाया।

### आत्म दाह की धमकी के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

दिनाँक 14 अप्रैल 025 को दिल्ली के जंतर मंतर में आत्मदाह करने की धमकी के बाद जाएगा प्रसाशन ने मामला संज्ञान लिया पीड़िता की तहरीर पर जांच की गई प्रकरण सही पाए जाने पर 5 अप्रैल को गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पीड़िता विमला देवी ने बताया कि करीब 6 माह से न्याय के लिए दर दर भटक रही थी आरोपियों ने संगठित होकर उसे बहुत परेशान कर लिया।

### फर्जी निकला गैंगरेप मुकदमा

पीड़िता का आरोप है 19 सितंबर 2024 में एक महिला को मोहरा बनाकर गैंगरेप की धाराओं में मेरे पुत्र समेत 3 भतीजो 1 देवर दो नौकर 1 रिस्तेदार के अलावा 4 अज्ञात पर मसौली थाना में मुकदमा दर्ज करा दिया लेकिन जांच में यह झूठा पाया गया। इससे कैरियर बर्बाद होने से बच गया। पीड़िता ने बताया कि उसने दबाव में हिम्मत नही हारी। और अन्याय के खिलाफ लड़ती रही।

### विवाद की वजह है कालेज

ट्रस्टी विमला देवी ने आरोप लगाते हुए बताया कि शाहवपुर मसौली और बेरिया में बने बड़े चार कालेजो की देखरेख और पूरा नियंत्रण एक बाहरी युवती करीब 10 साल से कर रही है। परिवार के लोगो पर फर्जी मुकदमा धमकाना हक छीन लेने की वजहों से विवाद उपज गया। उसी शातिर महिला ने ने कूटरचना का सारा खेल बनाया है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक जंहागिरबाद ने बताया कि कूटरचना धोखाधड़ी की धाराओं में कई लोगो पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिसकी जांच की जा रही है।

# हरी उर्स का भव्य आयोजन, हांडी और दमदांन पट्टी बनी आकर्षण का केंद्र



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला छोटी बाजार में स्थित हज़रत वली शहीद र०अ० (हरी मजार) का एक दिवसीय उर्स रविवार को बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। रात 10 बजे कुल शरीफ के साथ शुरू हुए इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इसके बाद हरी मजार कमेटी की ओर से लंगर वितरित किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम और समाजसेवी सालिम ने मजार पर चादर चढ़ाकर दुआएं मांगीं। हर साल ईद की सातवीं तारीख को आयोजित होने वाला यह मेला जैदपुर का एक चर्चित आयोजन है, जिसमें हांडी और दमदांन पट्टी मुख्य आकर्षण के रूप में लोगों का ध्यान खींचती हैं।कार्यक्रम में समाजसेवी कलीम अंसारी, सभासद ताहिर अंसारी, सभासद कासिम मास्टर, मिन्हाज, इस्तियाक, मैनू, इस्लामुद्दीन, नेता आबिद रजा सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेले की रौनक और भक्ति का माहौल पूरे क्षेत्र में छाया रहा।

# बसपा नेता ने अग्निपीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की किया मांग



**मया बाजार अयोध्या।** महाराजगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत समन्था में बीते दो दिन पूर्व दलित समाज के संदीप कुमार रवि कुमार मथुरा कपिल प्रेम कुमार के यहां हुई आगजनी की घटना को सुनकर बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिजनों के यहां पहुंचकर आगजनी की जानकारी लेते हुए दुख व्यक्त किया जिला प्रशासन से मांग किया है कि अग्नि पीड़ित परिजन गरीब मजदूर व्यक्ति है आग लगने के कारण पूरी गृहस्थी जलकर नष्ट हो चुकी है परिजनों के शरीर पर वस्त्र के अलावा कोई भी सामान बच्चा नहीं सब जलकर नष्ट हो गया है इन्हें समुचित मुआवजा के साथ-साथ आवास दिया जाए अग्नि पीड़ित संदीप कुमार एवं रवि कुमार की पत्नी को बसपा नेता विमल ने अपनी तरफ से ढाई हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दिया बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में ग्राम प्रधान समन्था बंशीधर बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम,विजय प्रकाश भारती, विनोद कुमार, मेवा लाल गौतम, सोनू सिंह, संदीप शर्मा ,राहुल कुमार मुख्य रूप से थे

# संस्थागत प्रसव और एनसीडी स्क्रीनिंग बढ़ाए एएनएम और सीएचओ

## प्रसव कक्ष में गंदगी देख एएनएम को लगाई फटकार

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** डिप्टी सीएमओ डॉ वीर विक्रम सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ.केपी सिंह तथा डिप्टी सीएमओ डॉ अखिलेश यादव ने सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर दरौली का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने सीएचओ विनीता और एएनएम पुनीता पटेल से एनसीडी स्क्रीनिंग और संस्थागत प्रसव बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं प्रसव कक्ष में गंदगी देख एएनएम पुनीता पटेल को फटकार लगाई।तीनों डिप्टी सीएमओ ने सोमवार को करीब 12.30 बजे आकस्मिक निरीक्षण के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दरौली पहुंचे। केन्द्र पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी विनीता और एएनएम पुनीता पटेल उपस्थित मिलीं। एएनएम ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर दरौली पर मार्च माह में तीन तथा अप्रैल माह में अभी तक केवल एक संस्थागत प्रसव हो सका है। जबकि सीएचओ के एरिया की आबादी करीब छह हजार बताई जाती है। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष में बेड और फर्श पर गंदगी देखने को मिली। इस पर अधिकारियों ने एएनएम पुनीता पटेल को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर अगली बार निरीक्षण में गंदगी देखने को मिली तो कार्यवाई तय है।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीएचओ के कार्यो की समीक्षा की तो पता चला कि सीएचओ द्वारा सोमवार को 12.30 बजे तक ओपीडी के दौरान कुल छह मरीजों को देखा गया। इनमें से चार मरीजों का टेलीकंसलटेंशन कराया था। सीएचओ ने बताया कि उनके द्वारा 84 प्रतिशत लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इस पर सीएचओ को निर्देशित किया गया कि स्क्रीनिंग बढ़ाए तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाएं।

# जन्नतुलबकी निर्माण को लेकर शिया समुदाय ने किया प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन

## सऊदी हुकूमत मुर्दाबाद, फातिमा व मोहम्मद के नवासे का रोज़ा जल्द निर्माण हो







*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सऊदी हुकूमत मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद के जोरदार नारो के साथ शिया समुदायों ने धरना प्रदर्शन कर सऊदी अरब में मुसलमानों के आखरी पैगम्बर मोहम्मद साहब की पुत्री बीबी फातिमा ज़हरा व नवासों की कब्रो को सऊदी हुकूमत ने 1925 में ध्वस्त कर दिया था। जिसको लेकर आज तक शिया मुसलमान जन्नतुल बकी कब्रिस्तान को पुनः निर्माण करने की माँग करते आ रहे है। इसी क्रम में सोमवार को देवा रोड स्थित मौलाना गुलाम अस्करी हाल में मौलाना इमामे जुमा मोहम्मद रज़ा रिज़वी ज़ैदपुरी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन सुबह 8 बजे किया गया। नायाब तहसीलदार रामजीत सिंह, कोतवाली प्रभारी अमित सिंह, चौकी प्रभारी संजय यादव पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। यह पत्र ज्ञापन के रूप मे महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए इमाम जुमा मौलाना मोहम्मद रजा सहित शिया समुदाय के अन्य श्रद्धालुओं द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है। पत्र में कहा गया है कि जन्नतुल बकी,जो इस्लाम के इतिहास में एक पवित्र स्थल है] वहां 21 अप्रैल 1925 को तत्कालीन राजशाही सरकार द्वारा इन कब्रों को नष्ट कर समतल कर दिया गया था। इस घटना से भारत के शिया और गैर-वहाबी सुन्नी समुदाय समुदाय की धार्मिक भावनाएं लंबे समय से आहत हैं। मौलाना मोहम्मद रज़ा ने भारत सरकार के अतिरिक्त सऊदी अरब के राजदूत को भी एक ज्ञापन प्रेषित किया है, जिसमें मदीना में जन्नतुल बकी कब्रिस्तान के जीर्णोद्धार का आग्रह किया गया है और सम्मानजनक पुनर्निर्माण और तीर्थयात्रा की मांग की गई है। मौलाना इब्ने अब्बास ने कहा हमारा विश्वास है शिया और गैर वहाबी सुन्नी समुदाय की भावनाओं का बहुत बड़ा सम्मान होगा। मौलाना जवाद अस्करी ने कहा भारत सरकार की यह पहल भारत और सऊदी अरब के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करेगी। मौलाना काशिफ रिज़वी ज़ैदपुरी, मौलाना ताजदार ज़ैदी, मौलाना हिलाल अब्बास और मौलाना मोहम्मद राहिम ने इस भारत सरकार से सकारात्मक कदम उठाने की अपील करते हुवे नायाब तहसीलदार रामजीत सिंह को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर अली ज़हिर ज़ैदी,हाजी दिलकश रिज़वी, मज़ाहिर हुसैन, सादिक़ हुसैन सभासद, मोहम्मद अब्बास ज़ैदी एडवोकेट, अहमद रज़ा, आसिफ हुसैन, कल्बे अली रज़ा पत्रकार, मनाज़िर हुसैन,अजमल किन्तूरी, मोहम्मद गुलफाम, हसन सज्जाद ज़ैदी, सरफ़राज़ मेंहदी, आयाज़ ज़ैदी,तालिब ज़ैदी, अक़ील रिज़वी, रिज़वान हुसैन, आमिर रज़ा, हसन आलम, मज़ाहिर हुसैन, मोहम्मद जावेद, ज़फर इमाम, क़र्बला मुत्वल्ली मंज़र अब्बास, शब्बर रिज़वी सहित अन्य सभी अंजुमन सदाये हुसैन, गुन्चए अब्बासिया, अन्जुम. ए.इमामिया तथा अंजुमन गुलामें. अस्करी, के पदाधिकारियों एवं सदस्य मौजूद रहे।

# एथेनॉल प्लांट में धमाका, बॉयलर फटने से लगी आग, तीन झुलसे



**बरेली।** बिशारतगंज क्षेत्र में आंवला-अलीगंज रोड के किनारे स्थित जिंदल ग्रुप के एथेनॉल प्लांट में धमाके के साथ बॉयलर फट गया। एसएनजे बॉयो प्रोडक्ट नाम के फैक्टरी प्लांट में बॉयलर फटने के बाद उसकी कैप करीब पांच सौ मीटर दूर जा गिरी और इसमें आग लग गई। घटना के दौरान तीन मजदूर झुलसने की बात बताई जा रही है, जिनमें से दो को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद फैक्टरी के मैनेजर व स्टाफ मौके से भाग निकले। जोरदार आवाज हुई तो ग्रामीण अपने घरों से निकलकर यहां पहुंचे। इस दौरान प्लांट में भगदड़ और दहशत का माहौल था। सूचना पर आंवला व बरेली से दमकल की गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना मिलते ही एडीएम प्रशासन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि प्लांट में अभी ट्रायल चल रहा है, इसी दौरान ये हादसा हो गया। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है।

# प्रवर्तन टीमो ने 16 ई-रिक्शा किये सीज, अन्य अभियोग मे 6 चालान

**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक बिना फिटेनस व लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिग अभियान मे आज सोमवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी श्री रवि चन्द्र त्यागी व यातायात प्रभारी श्री रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, नम्बर प्लेट आदि कागजातों की जांच करते हुये 16 ई-रिक्शा को सीज किया। तथा 6 अन्य अभियोगो मे चालान किये। इस दौरान बिना फिटेनस व क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले ई-रिक्शा चालक को सख्त हिदायत देते हुये सीज किया गया।

# फ्लोर मिल का विधायक ने क्या उद्धाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** विकास खंड घुघली के पुरैना चौराहे पर स्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ओमप्रकाश जायसवाल के प्रतिष्ठान महावीर फ्लोर मिल पुरैना का भव्य शुभारंभ सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया के कर कमलों से हुआ। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ओमप्रकाश जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस शुभारंभ कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने उपस्थित होकर मेरा सम्मान बढ़ाया है इस फ्लोर मिल से आसपास के लोगों को काफी रोजगार का अवसर मिलेगा सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल की इस प्रतिष्ठान से आसपास के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे उपरोक्त फ्लोर मिल से लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जनार्दन गुप्ता ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला पनियरा ब्लॉक प्रमुख आनंद शंकर वर्मा प्रधान संगठन के मंडल अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ब्लॉक प्रमुख रीता जायसवाल जिला पंचायत सदस्य टुनटुन खान एमएलसी प्रतिनिधि आशीष कुमार गौतम भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी हेमंत गुप्ता, निहाल सिंह ,सुरेंद्र सिंह भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता मनोज जायसवाल, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सत्यप्रकाश जायसवाल अरुण सिंह ग्राम प्रधान नाथू चौधरी,राधेश्याम गुप्ता ,राजा राम गुप्ता अमर नाथ साही रामसूरत सिंह विनोद यादव सतीश जयशवाल पूर्व प्रधान वकील उपाध्याय छोटे लाल पांडेय गणेश पांडेय भाजपा नेता रामाज्ञा निषाद आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## सूचना

मैं सैय्यद इरफान हुसैन आयु लगभग 33 वर्ष पुत्र रईस हुसैन निवासी 337/198 क टापे वाली गली, थाना सआदतगंज, जनपद लखनऊ का निवासी हूं। मेरा पूरा नाम सैय्यद इरफान हुसैन है। अतः सैय्यद इरफान हुसैन और इरफान हुसैन दोनों मेरे ही नाम हैं।

## सिसवा राम जानकी मंदिर में विशाल जागरण संपन्न

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** रविवार को नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार के प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राम प्रभु के विशाल जागरण में श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ झूमते हुए शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शिबू केडिया के गीतों ने खास आकर्षण का केन्द्र बने रहे।

## सूचना

**माननीय वडोदरा के 4थे एडी. सीनीयर सिवील जज साहबके अदालत...**

कि.प.अ. नं. 1998/25 मु.ता. 15/4/2025
अरजदारकीऔर से व.श्री ओम.आई. मेमण

**सार्वजनिक सूचना**

इस कार्य के आवेदक ने यहा अदालत मे प्रस्तुत किया हे की उसका बेटा, पठान मोहम्मद जाहिद साकीर हुसैन, जैसा की उसका नाम इस कार्य के प्रतिवादी संख्या 01 के स्कूल छोडने के प्रमाण पत्र और प्रतिवादी संख्या 04 द्वारा दी गई मार्कशीट के टेलर मोहम्मद जाहिद साकीर हुसैन लिखा है। वास्तव मे, उसका नाम पठान मोहम्मद जाहिद साकीर हुसैन है। अतः इस कार्य के प्रार्थी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है की उसके पुत्र का वास्तविक नाम पठान मोहम्मद जाहिद साकीर हुसैन सामनेवाले कुमांक 01 के रजिस्टर मे सही किया जाए तथा सुधार कर तदनुसार प्रमाण पत्र जारी किया जाए। यदि जनता में किसी व्यकित को इस पर कोई आपत्ति या विवाद है तो कृप्या दिन 30 के अंदर अपना जवाब न्यायालय मे प्रस्तुत करे। अन्यथा प्रार्थी के अनुरोध के अनुसार माननीय न्यायालय उचित आदेश पारित करेगा, जिसका सभी इच्छुक पक्ष ध्यान रखे। मैंने इस तारीख =25/03/2025 को इसके उपर हस्तांक्षर कर दिये है, तथा न्यायालय की मुहर भी लगा दी है।

**तैयार करनेवाले**
**(एफ.डी. सुरजकर)**
**मुकाबल करने वाले**
**(जी. एन. परमार)**
**रजिस्ट्रार**
**प्रिन्सी. सीनी, सीवील कोर्ट**
**वड़ोदरा**

## अधिवक्ता फ़रज़ान रईस हैदर को राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी मजदूर सभा पद पर किया गया नामित

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अधिवक्ता फ़रज़ान रईस हैदर को राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी मजदूर सभा पद पर नामित किया गया है। अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के निर्देश और श्याम लाल पाल जी अध्यक्ष समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की संस्तुति पर समाजवादी पार्टी के प्रति निष्ठा लगन और जनता के बीच लोकप्रियता और उनकी मेहनत को देखते हुए राष्ट्रीय मजदूर सभा संगठन ने अधिवक्ता फ़रज़ान रईस हैदर को जो इरादत नगर डालीगंज निवासी हैं उनको प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी मजदूर सभा के पद पर मनोनीत किया है।



## भीषण गर्मी से निपटने के लिए सरदार सेना ने सौंपा ज्ञापन

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मौसम का बदला रुख और पड़ रही भीषण गर्मी एवं सूखे की स्थिति को देखते हुए सरदार सेना ने सोमवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल के नेतृत्व में यह ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें दो प्रमुख मांगों को तत्काल पूरा करने की अपील की गई है।

## कोलंबिया फाउंडेशन स्कूल में 33 मेधावी छात्रों का सम्मान

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को कोलंबिया फाउंडेशन स्कूल आलमनगर शाखा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। समारोह



में मुख्य अतिथि के तौर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री रामप्रवेश और केएन पांडे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों की उपलब्धियों व मेहनत की सराहना की गई। समारोह में 33 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कोलंबिया स्कूल के प्रबंधक मज़हर रिज़वी, मोहसिन रज़ा ने मेधावियों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार दिए। जिससे विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम का समापन स्कूल प्रबंधक ने समस्त स्कूल प्रशासन का धन्यवाद अर्पित करते और विद्यार्थियों को अग्रिम वर्षों की शुभकामनाएं देते हुए किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य फराह आगा, स्वाती मिश्रा समेत कोलंबिया फाउंडेशन स्कूल के शिक्षक व अन्य स्कूली प्रशासन मौजूद रहा।

# इंटैक उरई के सौजन्य से भव्य श्रीराम वीथिका का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** इन्टैक उरई अध्याय के सहयोग से, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में उरई के टाउनहाल में श्री राम वीथिका का भव्य शुभारम्भ हुआ। शंख ध्वनि के मध्य जनपद के मुख्य विकास अधिकारी श्री राजेन्द्र श्रीवासजी व जिला पंचायत राज अधिकारी श्री राम अयोध्या प्रसाद गुप्त जी ने मॉ सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित तथा पुष्पार्पण कर किया। वीथिका अवलोकन के समय मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र श्रीवास जी ने कहा कि इस वीथिका को देखकर मैं हतप्रभ हूं। भगवान श्री राम जी इतना सुन्दर संग्रह वास्तव में सराहनीय है। इस वीथिका में अयोध्या धाम में श्री रामलला के मन्दिर का एक माडल प्रदर्शित किया गया है। श्री राम लला के भव्य मंदिर के निर्माण हेतु विशेष प्रकार की ईटों का प्रयोग किया गया है जिनका एक हजार वर्षो तक क्षरण आदि नहीं होगा। इन ईंटों पर श्रीराम 2021 तथा श्रीराम 2023 अंकित है। ये ईंटें इस वीथिका का प्रमुख आकर्षण रहीं। यहीं पर श्रीराम लाला की प्रतिष्ठित मूर्ति का लघु स्वरुप भी आस्था का केन्द्र रहा। श्री राम वीथिका में चोदहवीं शताब्दी से सोलहवीं शताब्दी के मध्य दक्षिण भारतीय रियासतें, मैसूर, मदुरै, शिवग:गा, तन्जावुर आदि के श्रीराम जी , श्रीसीता माताजी श्री लक्ष्मण जी के चित्रों से युक्त ताम्र मुद्रायें, अवध प्रान्त के नवाब मोहम्मद अली द्वारा श्री राम सीता के चित्र से युक्त रजत मुद्रा के साथ-साथ थाईलैंड द्वारा जारी श्रीराम जी की मुद्रा भी प्रदर्शित की गई। वीथिका में विभिन्न आकार प्रकार के ताम्र, रजत आदि से निर्मित मन्दिर प्रतीकों का भी प्रदर्शन किया गया। वीथिका में अपने भारत के डाक विभाग द्वारा श्री राम जी के जीवन पर आधारित दिनांक 22-09-2017 को विभिन्न मूल्यों के 11 डाक टिकट मय लघु डाक पत्रक तथा प्रथम दिवस आवरण सहित प्रदर्शित किये गये।


# कार्यालय ग्राम पंचायत छभवाँ, वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 08-04-2025 से 16-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 17-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैवर्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सुधा सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. छभवाँ वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

**दीपक यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. छभवाँ वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत सुम्बुलपुर , वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 08-04-2025 से 16-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 17-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैवर्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**एकराम**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. सुम्बुलपुर वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

**नरेन्द्र कुमार गौतम**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. सुम्बुलपुर वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत सैद गोरारी, वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 08-04-2025 से 16-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 17-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैवर्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**वसीम अहमद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. सैद गोरारी वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

**अजय यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. सैद गोरारी वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत झांसेपुर, वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 08-04-2025 से 15-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 16-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैवर्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
डोनाल्ड ट्रंप जब दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए थे और उन्होंने अपना सहयोगी सलाहकार एलन मस्क को बनाया था तब लगा सचमुच दुनिया की आर्थिक व्यवस्था में काफी सुधार आएगा दूसरी तरफ ट्रंप ने विश्व युद्ध रोकने की जोरदार मुहिम की शुरुआत की थी लेकिन ट्रंप के टैरिफ हाइक ने भारत के साथ यूरोपीय देशों और नाटो देशों के व्यापार जगत में हड़कंप मचा दिया है। भारत में ही सेंसेक्स 3000 अंक में उछाल ला दिया है और निफ्टी में 850 अंक की बढ़ोतरी हुई है। दूसरी तरफ अमेरिका में ही महंगाई 10% का उछाल आया है। अमेरिका ने सभी देशों पर 25 से 35% तक महंगा कर दिया है जिससे अमेरिका में ही महंगाई का हड़कंप मच हुआ है। ट्रंप की इस मनमानी पर 50 राज्यों में 150 महत्वपूर्ण समूह ने उग्र प्रदर्शन कर दिया है डोनाल्ड ट्रंप के साथ सहयोगी एलन मस्क का भी जबरदस्त विरोध शुरू हो गया। टैरिफ में जबरदस्त बढ़ोतरी, कर्मचारियों में भारी कटौती एवं अर्थव्यवस्था में तेजी से गिरावट के कारण हजारों-हजार नागरिकों और व्यापारिक समूह ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वैश्विक युद्ध की संभावना को रोकने के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन और जेलेन्सकी की से वार्ता शुरू की जिससे संभावना बन रही थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-पिलिस्तिनी युद्ध में रोक लगेगी पर ऐसा हुआ नहीं। ट्रंप ने एलन मस्क की सलाह पर टैरिफ बढ़ाकर वैश्विक व्यापार युद्ध को न्योता दे दिया है। विश्व युद्ध रोकने की जगह अब अब व्यापारिक युद्ध का ऐलान हो गया जिससे वर्तमान में अमेरिका में विपक्ष की मुहिम के तहत हुए प्रदर्शनों में 150 से अधिक समूह शामिल रहे इसमें नागरिक अधिकार संगठन श्रमिक संघ एवं वकालत करने वाले समूह बुजुर्ग तथा चुनावी सुधारो में वकालत करने वाले समूह शामिल हो रहे हैं। कैलिफोर्निया, मैनहटन से लेकर अलास्का तक देश भर के शहरों में लाखों प्रदर्शनकारियों ने सरकार द्वारा छटनी तथा अर्थव्यवस्था, आव्रजन व मानवअधिकार पर ट्रंप तथा उनके सहयोगी अरबपति एलन मस्क की कार्रवाई की आलोचना कर खुलकर प्रदर्शन किया जा रहा है। अमेरिका में ही पोर्टलेंड ओरेगॉन और लॉस एंजेल प्रदर्शन कार्यो ने बड़ी-बड़ी रैलियां निकाली है। अमेरिकी राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निर्देशक केविन हैसेट ने बताया कि व्हाइट हाउस में लगभग 50 देश देश के प्रतिनिधियों से संपर्क कर टैरिफ पर अपनी बात रखी है। प्रदर्शनकारी 150 समूहों ने आरोप लगाया है की ट्रम्प और एलन मस्क अपने आमिर साथियों को फायदा पहुंचाने के लिए नए-नए कदम उठाए हैं जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हो सके और इसका ही खुलकर वहां की आम जनता एवं अन्य समूह विरोध कर रहे हैं। भारत के संदर्भ में भारत के निर्यात पर 25% के स्थान पर 27% टैरिफ लगाने से भारत में भी निर्यात पर महंगाई काफी बढ़ जाएगी एवं इसका असर भारत के घरेलू उत्पाद पर भी पड़ेगा। इस बात के विरोध पर एवं ट्रंप के फैसलों से नाराज लोग बाग लाखों की संख्या में विरोध प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। विरोध प्रदर्शन में जाने माने उद्योगपति बाल्टीमोर निवासी रॉय अपने बेटों तथा पत्नी कैथरीन के साथ वाशिंगटन में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए उन्होंने प्रदर्शन करते हुए शेयर बाजार सूचकांक में गिरावट को दर्शाते हुए ग्राफ के साथ एक साइन बोर्ड लगाया था उस पर लिखा गया क्या हमने इसी बात के लिए हमने आपको वोट दिया था हम इस बात का खुलकर विरोध करते हैं। अनेक संगठन तथा अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के सरकारी कार्य दक्षता विभाग की छटनी का शिकार हुए हैं एवं इसके विरोध में रैली में शामिल भी हुए हैं। अब ट्रंप तथा एलन मस्क तथा पूरे अमेरिकी प्रशासन को दो बड़े मुद्दों पर पूरे विश्व से नाराजगी झेलनी पड़ रही है। वैश्विक युद्ध रोकने के लिए ट्रंप ने पुतिन को आश्वासन दिया था पर ट्रंप की बात पर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अपना अविश्वास जाहिर किया उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ नाटो तथा यूरोपीय देश के अन्य देश ने यूक्रेन का साथ देकर अमेरिका का खुलकर विरोध किया है। पुतिन ने यूक्रेन पर जबरदस्त हमले फिर जारी कर कर दिए हैं इसके अलावा इसराइल ने गाजी तथा अन्य क्षेत्र पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए युद्ध विराम की कोई संभावना दिखती नजर नहीं आती इसके अलावा दूसरी तरफ वैश्विक व्यापार युद्ध शुरू हो चुका है। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका में राष्ट्रपति पद की पारी उन पर भारी पड़ती नजर आती है।

## कश्मीर अब दूर नहीं!

चिनाब नदी के गहरे हरे पानी को मापता दुनिया का सबसे ऊँचा रेल पुल, आपको तेज़ सर्द हवाओं के साथ रोमांच का भी अनूठा एहसास दिलाता है। ऊंची-ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा चिनाब नदी का यह पुल, समुद्र तल से 359 मीटर ऊपर है - ऊँचाई में, एफिल टॉवर से 35 मीटर, और कुतुब मीनार से लगभग पाँच गुना ज़्यादा ऊँचा! बादलों का मुकुट पहने, पहाड़ों के सीने पर चौड़ी और मज़बूत नींवों के सहारे अडिग खड़ा यह पुल भारतीय रेल की प्रौद्योगिकी चेतना का प्रतीक तो है ही, हमारी आधुनिकीकरण की आकांक्षाओं का सचेतक भी। अत्याधुनिक मशीनरी और रखरखाव से लैस, 266 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ़्तार की हवाओं का सामना करने में सक्षम, चिनाब पुल, उधमपुर श्रीनगर बारामुला रेल लिंक की उत्कृष्ट उपलब्धियों का द्योतक है। लगभग 42,000 करोड़ की लागत से निर्मित, USBRL की 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन, विश्व की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है।

दुर्गम गहरी घाटियों और ऊँचे पहाड़ों को चीरती ये रेलवे लाइन 943 पुलों और 36 मुख्य सुरंगों से होकर गुज़रती है, जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग, T-50, जो 12.77 किलोमीटर लंबी है, शामिल है। USBRL के कटरा - बनिहाल सेक्शन पर भारत का पहला केबल-स्टेड रेल पुल, अंजी खड्ड ब्रिज है। 96 केबल्स के सहारे टिका, समुद्र तल से 336 मीटर ऊँचा और 725 मीटर लंबा पुल, डिज़ाइन और इंजीनियरिंग की बानगी है। कश्मीर को समग्र और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करती यह लाइन, दुनिया के सबसे आकर्षक और सुहावने नजारे को भी अपने अनुभवों में पिरोए हुए है। यह रेल लिंक पर्यटन, व्यापार, और सुरक्षा को बढ़ावा देने में सक्षम है, जिससे जम्मू और कश्मीर के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में भी उन्नति होगी। इस लाइन पर बने रेलवे स्टेशन जम्मू और कश्मीर की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। काज़ीगुंड, जिसे कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है, दक्षिण कश्मीर और पूर्वी क्षेत्रों के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क के रूप में कार्य करता है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर, और अनंतनाग स्टेशन कश्मीर घाटी की आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र हैं। इसके अलावा, रियासी और कटरा स्टेशन, माता वैष्णो देवी मंदिर से निकटता के कारण, आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। जल्द ही कटरा से श्रीनगर के लिए अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन का S-BRL लाइन पर नियमित रूप से परिचालन होगा, जिसका हम सब देशवासियों को बेसब्री से इंतज़ार है! यहाँ परिचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को कश्मीर की सर्दी और बर्फ़बारी की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सुचारू संचालन के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं के अलावा, इसके उन्नत हीटिंग सिस्टम यह सुनिश्चित करते हैं कि यह ट्रेन, शून्य से नीचे के तापमान में भी, आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का नया अनुभव देंगे। ड्राइवर के सामने के ग्लास में भी हीटिंग सिस्टम लगे हैं, ताकि सर्दी में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। कश्मीर की अपनी वंदे भारत विश्व स्तरीय यात्रा के लिए तैयार है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत हमेशा एक रहा है। भारतीय रेल की यह नवनिर्मित रेलवे लाइन, इस सदियों पुराने संबंधों को और मज़बूती देगी, और कश्मीर को निर्बाध रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लम्बे समय से संजोये सपने को जीवंत करेगी। कश्मीर घाटी का प्रहरी, पीर पंजाल, बनिहाल सुरंग से गुज़रती ट्रेन के पहियों के मधुर संगीत के इंतजार में है। सचमुच, कश्मीर अब दूर नहीं है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# जजों की संपत्ति का प्रकटीकरण पारदर्शिता की ओर कदम


ललित गर्ग

**न्यायपालिका पर जनता का भरोसा लोकतंत्र का अहम आधार है। न्यायिक प्रणाली में किसी संदेह की गुंजाइश नहीं रहे, इसके लिये न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता, जबावदेही एवं निष्पक्षता की जरूरत है, इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय से निचली अदालतों तक के न्यायाधीशों को संपत्ति सार्वजनिक करने जैसे कदम उठाए जाने की अपेक्षा आजादी के अमृतकाल में तीव्रता से की जा रही थी, ताकि न्यायपालिका की पारदर्शिता को लेकर उठने वाले संदेह दूर हो सकें, यह मुद्दा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर जली हुई नोटों की गड्डी मिलने जैसी घटनाओं और उनसे उपजे विवादों के बाद गंभीर सार्वजनिक विमर्श का बन गया था।**

जनचर्चाओं एवं आदर्श राष्ट्र-निर्माण की अपेक्षाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर जो सहमति जताई है, वह सही दिशा में उठाया गया उचित एवं प्रासंगिक कदम है। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी और आम लोगों का उस पर भरोसा मजबूत होगा। देश में न्यायालयों को ऐसी संस्था के रूप में देखा जाता है, जो आम लोगों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है। न्याय करने वाले न्यायाधीशों पर संदेह के बादल मंडराना न्याय-प्रक्रिया पर भरोसा कम करने का एक बड़ा कारण बनता रहा है। अब जनता की अपने पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा पूरी होते हुए दिखाई देना एक रोशनी बना है, जिससे न्याय प्रक्रिया के प्रति विश्वास ज्यादा मजबूत होगा।



नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए। न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है। बाद में, एक और प्रस्ताव आया कि न्यायाधीश चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर सकते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं, स्वैच्छिक था। पिछले लगभग तीन दशक में, यह मामला कई बार उठा है। सूचना का अधिकार लागू होने के बाद यह बहस भी हुई कि न्यायपालिका इसके दायरे में क्यों नहीं? इसके पीछे यही तर्क रहा कि किसी निजी जानकारी को तब तक साझा करने की जरूरत नहीं, जब तक उससे सार्वजनिक हित न जुड़े हों। 2010 और 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह केस आया था, तब इसी तथ्य को आधार बनाकर कहा गया कि जानकारी सार्वजनिक करना न्यायाधीशों की इच्छा पर है। एक तरह से यह व्यवस्था न्यायाधीशों को लगातार संदेहों के घेरे में रखती रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा का निर्णय न्यायपालिका में पारदर्शिता कायम करने वाला एक सराहनीय कदम होगा। जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग के पीछे बड़ा तर्क भी यही दिया जाता रहा है कि जब तक जजों की संपत्ति सार्वजनिक नहीं होगी, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर ठोस कार्रवाई संभव नहीं हो सकेगी। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज, सरल पारदर्शी एवं समानतामूलक होने के साथ आम आदमी के भरोसे वाली होनी चाहिए। इसके लिये भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए। भारतीयकरण के लिये ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता, जबावदेही आवश्यक मूल्य है। सरकार की एक संसदीय समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य की जाए। हालांकि कतितय कारणों से सरकार इस मामले में आगे नहीं बढ़ी। इसका एक बड़ा कारण सरकार पर यह आरोप लगना भी बना कि सरकार न्यायपालिका में अनावश्यक राजनीतिक दखल दे रही है। लेकिन न्यायपालिका की साख के लिए उसका स्वतंत्र होना और दिखना भी जरूरी है। लेकिन सम्पत्ति की घोषणा के मामले में उन्हें अतिरिक्त सुविधा देना या उनके लिये अतिरिक्त सुविधा का होना, संदेह का कारण बनता रहा है। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। यूं तो न्यायपालिका के कामकाज में कई तरह की गड़बड़ियां देखने को मिलती हैं। संपत्ति की घोषणा जैसे कई स्तरों पर न्यायिक सुधार के प्रयास आगे बढ़ाने की जरूरत नये भारत, सशक्त भारत एवं आदर्श भारत के लिये जरूरी है। अब अगर सर्वोच्च अदालत के जज खुद को भी उन कसौटियों पर कसने में नहीं हिचक रहे हैं जिन्हें वे दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं, तो निश्चित ही इस कदम से एक सकारात्मक संदेश जरूर गया है। न्यायिक पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से, सुप्रीम कोर्ट के सभी 30 मौजूदा न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की है। यह घटनाक्रम न्यायपालिका में पारदर्शिता की कमी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद हुआ है, खासकर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े विवाद के बाद। जिन न्यायाधीशों ने पहले ही अपनी घोषणाएं प्रस्तुत कर दी हैं, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। इसे फैसले को न्याय के प्रति जनता के भरोसे को और मजबूत करने के लिहाज से सही एवं सामयिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो सुखद होने के साथ-साथ श्रेयस्कर न्याय-प्रक्रिया का द्योतक है।

# ट्रम्प की सनकी नीतियां बदल देंगी वैश्विक परिदृश्य


दिलीप कुमार पाठक

“डोनाल्ड ट्रम्प एक सनकी मिजाज़ इंसान हैं ये हमेशा कहा गया है। जब से उनका दूसरा कार्यकाल शुरू हुआ है, तब से डोनाल्ड ट्रम्प खुद को दुनिया का स्वघोषित बॉस सिद्ध करना चाहते हैं। हालांकि टैरिफ टैरिफ चिल्लाते हुए ट्रम्प खुद ही एक मज़ाक बनकर रह गए हैं। भारत, यूरोपीय देशों, चाइना आदि के साथ टैरिफ, टैरिफ खेल रहे हैं। दर-असल डोनाल्ड ट्रम्प को लगता है अगर पूरी दुनिया पर टैरिफ रेट बढ़ा देंगे तो पूरी दुनिया उनके कदमों में गिरेगी। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमीर जेलेंस्की को व्हाइट हाउस में बेइज्जत करना, या निरंतर भारत गणराज्य के खिलाफ़ बोलना उन्हें अमेरिका में बसे भारतीयों के बीच निंदा का पात्र बनना पड़ रहा है, चूंकि अमेरिका में भारतीयों की ताकत क्या है किसी से छुपा नहीं है।




गैर वीज़ा के रह रहे लोगों को जानवरों की तरह उन्हें मुल्क से निकालना डोनाल्ड ट्रम्प के इस फैसले ने उन्हें एक सनकी असंवेदनशील इंसान घोषित कर दिया है। कुछ दिनों से डोनाल्ड ट्रम्प टैरिफ को लेकर इतना झल्लाए हुए हैं कि लगता है उनके मुँह से टैरिफ के अलावा दूसरा शब्द मुश्किल से ही निकलता होगा. ग़ज़ब तो तब हो गया जब यूरोपीय देशों एवं चाइना, कनाडा ने भी अमेरिका पर टैरिफ रेट बढाकर ट्रम्प को मुँहतोड़ जवाब दिया है।

कोई भी संप्रभुतावादी मुल्क हो उसको यही करना चाहिए. हालांकि दुःख होता है जब भारत सरकार टैरिफ को लेकर ट्रम्प की इस नीति का विरोध नहीं किया, भारत हमेशा से ही गुटनिरपेक्ष नीति का समर्थक रहा है, अमेरिका भारत से बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन भारत की संप्रभुता का सम्मान करे भारत जैसे मुल्क को ट्रम्प रोज टैरिफ की धमकी देते रहते हैं. अब तक भारत सरकार की चुप्पी खल रही है, जब सभी मुल्क ट्रम्प के सामने अपने आत्मसम्मान के लिए लड़ते दिख रहे हैं तो हम चुप क्यों हैं ? डोनाल्ड ट्रंप आजकल अपने मुल्क में ही मज़ाक के पात्र बने हुए हैं. इन दिनों अमेरिका में अपने नागरिकों का कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है. हजारों की संख्या में अमेरिकी नागरिकों ने शनिवार को अमेरिका के अलग-अलग शहरों में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ रैलियां निकाली. बताया जा रहा है कि इन रैलियों का मकसद टैरिफ, कर्मचारियों की छंटनी, अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति और मानवाधिकार समेत कई मुद्दों पर अपना विरोध जताने का है। ये प्रदर्शनकारी ट्रंप सरकार के कई कार्यकारी आदेशों के खिलाफ भी सड़कों पर उतरे हैं. ट्रंप की नीतियों का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों ने सरकारी कर्मचारियों में कटौती से लेकर व्यापार शुल्क और नागरिक स्वतंत्रता के हनन के मुद्दे वाशिंगटन, न्यूयॉर्क, ह्यूस्टन, फ्लोरिडा, कोलोराडो और लॉस एंजिल्स सहित अन्य शहरों में रैली निकाली। न्यूयॉर्क की चित्रकार शाइना केसनर ने इस प्रदर्शन को लेकर कहा कि मैं बहुत गुस्से में हूं. इस सरकार की नीतिया सही नहीं लग रही हैं. एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि हमारे पास लगभग 100 लोग हैं जो न्यू हैम्पशायर से बस और वैन द्वारा इस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए आए हैं. हमें दुनिया भर में अपने सहयोगियों को खोना पड़ रहा है, पूरी दुनिया अमेरिका के खिलाफ़ हो गई है हम ये नहीं चाहते और यहां घर पर लोगों के लिए तबाही का कारण बन रहा है. एक प्रदर्शनकारी ने कहा, मैं महात्मा गांधी से बहुत प्रेरित हूं. आज मैं यहां हूं क्योंकि यह हमारा महासागर और हमारा नमक है. जहां तक विश्व वाणिज्य और विश्व विनिमय का सवाल है। हमारे पास एक-दूसरे को देने के लिए बहुत कुछ है. पहले मैं, पहले मेरा देश, पहले मेरा उत्पाद का यह लालच दुनिया और मानवता के लिए अस्थिर है. प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप और मस्क को अमेरिका के लिए खतरा बताया और कहा कि दोनों मिलकर देश को नष्ट करने में लगे हुए हैं. एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, %मैं लगभग दो साल से कोलकाता में रह रहा हूं. यह वह शहर है, जहां देवी मां काली, एक महान और शक्तिशाली शक्ति अभी भी निवास करती हैं. वह शक्ति पूरे भारत और दुनिया में निवास करती हैं. वाशिंगटन स्मारक पर हम सभी लोग आज कह रहे हैं कि यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रम्प इतिहास में अपराधियों के रूप में जाने जाएंगे. इन लोगों को सत्ता में बने रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालते ही इस बात का भी ऐलान किया था कि अब अमेरिका में सिर्फ दो जेंडर यानी महिला और पुरुष ही रहेंगे. किसी भी जगह पर तीसरे जेंडर के लोगों को जगह नहीं मिलेगी. बताया जा रहा है कि इस विरोध प्रदर्शन के दौरान तीसरे जेंडर का मामला भी उठाया जा रहा है. ट्रंप सरकार की नीतियों के खिलाफ शनिवार को अमेरिका भर में 1000 से ज्यादा प्रदर्शन किए गए। इन प्रदर्शन का नाम हैंड्स ऑफ रखा गया था. इनमें नागरिक अधिकार संगठनों, श्रमिक संघों, पूर्व सैनिकों और चुनाव कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया. डोनाल्ड ट्रंप कुछ दिन पहले ही भारत समेत दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था. ट्रंप ने भारत पर भी 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी. भारत के अलावा और जिन देशों पर टैरिफ लगाया गया उनमें चीन, मलेशिया, कनाडा, वियतनाम जैसे देश शामिल हैं. ट्रंप के व्हाइट हाउस लौटने के बाद से अक्सर विरोध-प्रदर्शन होते रहे हैं लेकिन हैंड्स ऑफ प्रोटेस्ट महिला मार्च 2017 और ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन 2020 के बाद सबसे बड़ा जनांदोलन माना जा रहा है। लेकिन कई प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि शनिवार की ये लहर सिर्फ शुरुआत है। ट्रम्प सोच रहे थे टैरिफ बढ़ाकर पूरी दुनिया को झुका लेंगे लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प अपने देश के लोगों के द्वारा ही नकारे जा रहे हैं।

# वक्फ (संशोधन) बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली


किशन सनमुखदास

**वैश्विक स्तरपर हर लोकतांत्रिक देश में भारतीय भाषा में कहे तो वहां की संसद के दोनों सदनों में लोकतांत्रिक तरीके से ही कोई भी बिल पास करके उसे कानून का दर्जा देकर क्रियान्वयन किया जाता है,उसी कड़ी में भारत में एक और अध्याय वक्फ़ संशोधन बिल 2025 के रूप में जुड़ गया है,जो दोनों सदनों में पारित होकर दिनांक 5 अप्रैल 2025 को देर शाम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद अब उम्मीद नाम से कानून बन चुका है व आम जनता की जानकारी के लिए इसे गज़ट में भी प्रकाशित कर दिया गया है, अब इस कानून को कब से लागू करने की अधिसूचना जारी की जाती है इसपर सभी की नज़रें लगी हुई है, चूँकि वक्फ़ संशोधन बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है,नया कानून अस्तित्व में आया गया है अब उसका नाम यूनिफाइड मैनेजमेंट एंपावरमेंट इंपिरिएंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) हुआ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे केंद्र सरकार एक अधिसूचना जारी कर वक्फ़ के बदले नए कानून उम्मीद को लागू करनेकी तारीख बताएगी व नियम भी बनाए जाएंगे।**

साथियों बात अगर हम वक्फ़ संशोधन बिल 2025 के कानून बन जाने की करें तो,वक्फ संशोधन बिल संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद अब कानून भी बन गया है इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के बाद वक्फ संशोधन बिल को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा गया था। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही वक्फ संशोधन बिल अब कानून बन गया, जो कि पूरे देश में लागू होगा।




संसद के उच्च सदन राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े थे, इससे पहले लोकसभा में इसके पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े थे।दोनों सदनों में विपक्षी दलों ने इसका पुरजोर विरोध किया था।विपक्षी दलों के नेताओं ने इसे असंवैधानिक करार दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से बिल वापस लेने की अपील भी की थी। इस बिल को लेकर सरकार का दावा है कि इससे वक्फ प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा। गरीब मुसलमान जो अपने अधिकारों से वंचित रहते थे, उन्हें उनके अधिकार मिलेंगे, देश में मुसलमानों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार की दिशा में एक अहम कदम है।संशोधन और राष्ट्रपति मुर्मू की मंजूरी के बाद अब इस बिल का नाम यूनिफाइडमैनेजमेंट एपावरमेंट इफ़िफ़इंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) हो गया है। यह कानून सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को वक्फ संपत्तियों पर समान उत्तराधिकार अधिकार मिले, जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों का महत्वपूर्ण व अहम हिस्सा है। साथियों बात अगर हम इस कानून के प्रावधानों की करें तो, (1) वक्फ बोर्ड की संरचना- बोर्ड में इस्लाम के सभी फिकरों को प्रतिनिधित्व मिलेगा. केंद्रीय वक्फ परिषद में 22 सदस्य होंगे, जिनमें चार गैर-मुस्लिम से अधिक नहीं होंगे। (2) वक्फ़ संपत्ति पर नियंत्रण- वक्फ बोर्ड की देखरेख के लिए परमार्थ आयुक्त (चैरिटी कमिश्नर) की नियुक्ति का प्रस्ताव किया गया है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि संपत्तियों का उचित मैनेजमेंट हो रहा है। (3) विधवा, तलाकशुदा महिलाओं और अनाथ बच्चों के अधिकारों की रक्षा- कोई भी व्यक्ति अपनी संपत्ति वक्फ़ कर सकता है लेकिन विधवा, तलाकशुदा महिला और अनाथ बच्चों के अधिकार वाली संपत्तियों को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा। (4) विवादों के समाधान के लिए ट्रिब्यूनल- देशभर में वक्फ़ से जुड़े 31,000 से अधिक मामले लंबित हैं, इसलिए वक्फ़ न्यायाधिकरण को अधिक सशक्त बनाया गया है. साथ ही अपील का प्रावधान भी जोड़ा गया है, जिससे असंतुष्ट पक्ष दीवानी अदालत में जा सकता है। (5) राष्ट्रीय संपत्ति और स्मारकों की सुरक्षा-भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत आने वाली संपत्तियों को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा।क्यों लाया गया विधेयक संसदीय कार्य मंत्री ने सदन में कहा था, 2006 में देश में 4.9 लाख वक्फ संपत्तियां थीं, जिनसे मात्र 163 करोड़ रुपये की आय हुई। 2013 के संशोधन के बाद भी यह आय केवल तीन करोड़ रुपये बढ़ी। वर्तमान में देश में 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं लेकिन इनके प्रबंधन को प्रभावी बनाने की आवश्यकता थी। साथियों बात अगर हम इस कानून में जिला कलेक्टर की अहम् भूमिका की करें तो, कलेक्टर की भूमिका होगी अहम एक प्रमुख प्रिंट मीडिया पेपर में में छपी एक रिपोर्ट में अधिवक्ता विशेषज्ञ ने कहा कि विधेयक में कुछ प्रावधान ऐसे हैं जिन्हें लागू करना आसान होगा। जैसे कि मूल अधिनियम के तहत निरस्त किए गए सेक्शन। वक्फ संपत्ति का निर्धारण करने का अधिकार पहले वक्फ बोर्ड के पास था, लेकिन अब इसे हटा दिया गया है। इसे तुरंत लागू किया जाएगा। कुछ प्रावधानों को लागू करने में समय लगेगा। खासकर कलेक्टर द्वारा की जाने वाली जांच की प्रक्रिया को स्पष्ट करने में। जब वक्फ बोर्ड किसी मामले को कलेक्टर को भेजता है, तो जांच कैसे होगी, इसके नियम बनाए जाएंगे। कुछ संशोधनों के लिए केवल प्रक्रियात्मक बदलावों की आवश्यकता होगी।उनके अनुसार सरकारी संपत्तियों और नामित अधिकारियों की भूमिका से संबंधित प्रावधानों को भी नियमों में स्पष्ट करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, सरकारी संपत्तियों के लिए,एक नामित अधिकारी होगा। यह अधिकारी कौन होगा, उसका कार्यकाल और अधिकार क्षेत्र क्या होगा, यह नियमों में बताया जाएगा। नियमों को प्रकाशित करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय इन नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर प्रिंट मीडिया में बताया कि राष्ट्रपति द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद नियम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि नियमों को प्रकाशित करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा, क्योंकि मंत्रालय विधेयक और संशोधनों को लेकर स्पष्ट है। एक बार नियम बन जाने के बाद, उन्हें कानून बनने के छह महीने के भीतर प्रकाशित करना होगा। कुछ मामलों में, समय सीमा को बढ़ाया जा सकता है। कुछ नियमों के लिए सार्वजनिक परामर्श की आवश्यकता होती है, जिसमें फीडबैक के लिए कम से कम 30 दिन का समय दिया जाता है। यदि इस प्रक्रिया के दौरान कई सुझाव आते हैं, तो प्रकाशन की समय सीमा छह महीने तक बढ़ सकती है। जिन नियमों के लिए सार्वजनिक परामर्श की आवश्यकता नहीं है, उनके लिए समय सीमा विधेयक के अधिनियमित होने से छह महीने है। लोकसभा के पूर्व महासचिव से बात करते हुए विधेयक के अगले कदमों के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि एक बार राष्ट्रपति की सहमति मिलने और इसे गजट में अधिसूचित किए जाने के बाद, संशोधित विधेयक में कुछ प्रावधान हो सकते हैं जो नियमों के लिए हैं और कुछ संशोधन पहले से ही वर्णित हैं।

## कम्पिल मैन बाजार में नवजात शिशु मिला



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के थाना कम्पिल के मैन चौराहे स्थित बाजार मे नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी के द्वारा कचरा ढोने वाली हाथ गाड़ी पर रखी बोरी में नवजात शिशु को कुत्ते खींच रहे थे कुछ मोहल्ले के नागरिकों ने जब देखा तो उसमें नवजात शिशु था पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर मृतक नवजात शिशु को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जांच का विषय यह है की सफाई कर्मचारी यह बोरी कहां से उठाकर लाया था और उसने गाड़ी का कचरा क्यों नहीं डाला गाड़ी भरी हुई क्यों खड़ी कर दी मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चे कह रहे थे की 11:12 बजे तक नवजात शिशु जिंदा था अगर मोहल्ले के लोग समय से पुलिस को सूचना दे देते तो उसकी जान बचाई जा सकती थी पुलिस को सूचना शाम 7 बजे के करीब मिली पुलिस ने तत्काल पूरे अमले के साथ समय से पहुंचकर उस बच्चे को कुत्तों के नोचने से बचाया और पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## चैत रामनवमी के उपलक्ष्य पर निकली शोभायात्रा



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** चैत रामनवमी के अवसर पर नगर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य शोभायात्रा निकली गई । शोभा यात्रा के लिए नगर में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किये गये थे और नगर पालिका द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था की गई। यह शोभा यात्रा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से निकलकर विभिन्न मार्गो से होते हुए पोस्ट ऑफिस के सामने से निकलकर मठिया मंदिर पर समाप्त हुई। नगर पालिका द्वारा इस शोभायात्रा के दौरान मार्गो पर चुनाव,साफ सफाई की व्यवस्था की गई विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में चैत्र राम नवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस मौके पर सोनू गौड़, केशव प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल कसौधन, सुशील सुल्तानिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे। शोभा यात्रा के दौरान क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह कोतवाल संतोष कुमार सिंह अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

## एडीएम ने कराई क्राप कटिंग

**अमेठी/गौरीगंज।** सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने



ग्राम पंचायत सैंठा में जनपद में गेहूं की फसल का उत्पादन जानने को लेकर क्राप कटिंग कराई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सैंठा में राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम के साथ किसान कौशल्या, रजबुला, संजय कुमार व जगदीश सिंह के खेत पर पहुंच कर अपने सामने 43.03 स्क्वायर मीटर गेहूं की फसल की क्राप कटिंग कराई तथा उसका तौल भी कराया। जोकि क्रमशः 15.54 किग्रा, 16.97 किग्रा, 14.85 किग्रा व 15.05 किग्रा निकला। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्राप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने किसान भाइयों से सीधा संवाद स्थापित किया और अपने नजदीक के क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने हेतु किसानों से अपील भी की। उन्होंने कहा कि सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर किसान भाई गेहूं बेंचे ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने किसान भाइयों से अपने खेतों में फसल अवशेषों को ना जलाने की भी अपील किया।

# कार्यकर्ताओं की तपस्या से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है भाजपा: कन्हैया

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया 1951 में गठित जनसंघ से अलग होकर 6 अप्रैल,1990 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। कार्यकर्ताओं की तपस्या से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

संसद और विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व और प्राथमिक सदस्यता के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ हमारे वैचारिक और संगठनात्मक संबंध है। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री की हत्या के बाद देश में जो आम चुनाव हुए थे उसमें भाजपा को महज दो सीटें मिली थी, लेकिन आज 45 वर्ष में भाजपा न केवल तीसरी बार केंद्र की सरकार में है अपितु 19 राज्यों में भाजपा सहयोगियों या बिना सहयोगियों के





आठ सरकार में है। 1980 में जब भाजपा की स्थापना हुई तो सबसे पहले उत्तर प्रदेश में संगठन की अध्यक्षता सिद्धार्थनगर के माटी के लाल पंडित माधव प्रसाद त्रिपाठी की सौंपी गई। वह 1980 से 1984 तक अध्यक्ष रहे। भाजपा में सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता आगे बढ़कर किसी भी जिम्मेदारी को संभाल सकता है। यह प्रेरणा पार्टी में हर कार्यकर्ता को प्राप्त है। यह विशेषता ही भाजपा को आज पूरे विश्व में प्रकाशित कर रहा हैं। भाजपा में अपने कई प्रकोष्ठ और मोर्चे है। भाजपा का सबसे बड़ा सहयोगी मोर्चा भारतीय जनता युवा मोर्चा है। प्रत्येक 3 वर्ष पर भाजपा का संगठनात्मक चुनाव होता है। ऐसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया किसी दूसरे दल में देखने को नहीं मिलेगी। भाजपा सरकार आज सेवा सुशासन की नई उड़ने तय कर रहा है जैसे अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदेश के 15 करोड़ गरीबों को राशन 7.50 लाख सरकारी नौकरियां, एक जिला एक मेडिकल कॉलेज के तहत हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, प्रत्येक कमिश्नरी स्तर पर विश्वविद्यालय की स्थापना का कार्य चल रहा है। वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर, अयोध्या धाम में भव्य राम मंदिर का निर्माण यह सब भाजपा सरकार में ही संभव हो पाया है। पार्टी कार्यकर्ताओं के तपस्या से आज भारतीय जनता पार्टी केंद्र में लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर विश्व की सबसे बड़ी विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी बनी है।

# एक देश एक चुनाव पर बैठक में भाग लेंगे देवरिया के लोग : भूपेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** एक राष्ट्र एक चुनाव पर पूरे देश की राय जानने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इसी क्रम में इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में भी प्रदेश के लोगों की राय जानने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें कार्यक्रम के लिए एनजीओ प्रकोष्ठ देवरिया की बस को भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने झंडा दिखा कर शहर के सुभाष चौक से लखनऊ के लिए रवाना किया । इस दौरान उन्होंने बताया कि लखनऊ की इस बैठक को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि एक देश एक चुनाव का आशय यह है कि एक समय पर पूरे देश भर में एक साथ लोकसभा और विधान सभा चुनाव संपन्न करवाया जाए। अभी तक देश भर में दोनों चुनाव अलग-अलग समय पर कराए जाते हैं, लेकिन अब



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे एक ही समय पर कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई थी, इसमें 8 सदस्य थे।

कमेटी का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। इसी कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव से बहुत से फायदे होंगे, इससे बार बार चुनाव कराने से देश को जो आर्थिक नुकसान होता है वो नहीं होगा और सरकारी मशीनरी के साथ साथ लोगों का भी समय बचेगा। हालांकि यह काम चुनौतीपूर्ण है लेकिन राष्ट्रहित के लिए संकल्पित मोदी सरकार सबकी सहमति से इस कार्य को करेगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, एन जी ओ प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल श्रीवास्तव, गंगा शरण पांडे, सरिता पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने की विभागीय समीक्षा, गेहूं खरीद लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश





**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति श्री सतीश चन्द्र शर्मा ने आज सर्किट हाउस सभागार, बस्ती में विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीद के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में बस्ती मंडल के तीनों जिलों के अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। माननीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गेहूं खरीद केंद्रों पर आने वाले किसानों का पूरा ब्योरा रखा जाए और उनसे नियमित रूप से वार्ता की जाए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि किसानों के साथ संवाद का एक रजिस्टर बनाया जाए, ताकि उनकी समस्याओं और सुझावों का व्यवस्थित सुनिश्चित हो सके। श्री शर्मा ने कहा, किसानों की सुविधा और संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित करें कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी तरह की कोई बाधा न आए। बैठक में राशन वितरण और उज्ज्वला गैस कनेक्शन की समीक्षा भी की गई। मंत्री ने तीनों जिलों (बस्ती, संत कबीर नगर और सिद्धार्थनगर) के जिला पूर्ति अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड किसी भी स्तर पर लंबित न रहें। उन्होंने कहा, राशन कार्ड गरीबों का हक है, इसे समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। किसी भी पात्र व्यक्ति को इससे वंचित नहीं होना चाहिए। उज्जवला गैस कनेक्शन के तहत लाभार्थियों को दी जाने वाली सब्सिडी पर भी चर्चा हुई।

## विधायक पी.एन पाठक के नेतृत्व में कसया में निकाली गई बाइक रैली

**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी योगी सरकार के आठ वर्ष पूरा होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक के नेतृत्व में सोमवार को नगर



में भव्य बाइक रैली निकाली। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली में जोरदार भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, मोदी योगी जिन्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान पूरे नगर में उत्साह का माहौल देखा गया। कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि योगी सरकार के आठ वर्षो ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। भाजपा जो कहती है वो करती है। योगी सरकार की नीतियों के कारण देश के अग्रणी विकासशील प्रदेशों में यूपी गिना जाने लगा है। शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली उद्योगों में निवेश के मामले में प्रदेश सबसे आगे पहुंच गया है। कुशीनगर विधानसभा का सर्वांगीण विकास हो रहा है। बाइक रैली कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता आदित्य मिश्रा ने कहा कि मोदी एवं योगी सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। डबल इंजन की सरकार गरीब, युवा, महिला और किसानों को समर्पित है। बाइक रैली कुशीनगर बिरला धर्मशाला से निकलकर कसया नगर होते हुए कसाडा चौक पर समापन हुआ।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सूरजनगर चौराहे के पास



सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा पडरौना - पनियहवा राष्ट्रीय मार्ग पर सूरजनगर और लीलाधर छपरा गांव के बीच हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, परसौनी निवासी सूरज पुत्र दिनेश, उम्र 28 वर्ष व लक्ष्मीपुर निवासी प्रमोद पुत्र राजमंगल बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी एक ट्राली से उनकी बाइक जबरदस्त तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए कोटवा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल प्रमोद को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

## डुमरियागंज की सपा विधायक सय्यदा खातून का ऐक्सिडेंट

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सपा विधायिका सैय्यदा खातून



अपनी गाड़ी से ज़िला मुख्यालय जा रही थीं, वहीं रास्ते में मोटर साइकिल सवार आगे जा रहे थे जिससे उनकी गाड़ी की बाईक से टक्कर हो गई, टक्कर बहुत भंयकर हुयी थी जिससे गाड़ी में बैठी विधायिका को भंयकर चोट लग गई तथा बाईक पर बैठे दोनों सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गये है सभी लोगों का इलाज ज़िला चिकत्सालय में चल रहा है जब की सूत्रों के अनुसार सपा विधायक को जिला चिकित्सालय से लखनऊ रेफर कर दिया गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि रोड पतली है और ट्रैफिक बढ़ता जा रहा है इससे वहां से एक्सिडेंट ज्यादा हो रहा है।

# कोमा में गई मरीज तो आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** इलाज में लापरवाही में बहुचर्चित आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल के अध्यक्ष, चिकित्सक और पैथोलॉजी के संचालक फंस गए हैं। हालांकि यह पहला मामला नहीं जब यहां लापरवाही देखी है। दरअसल, एक महिला मरीज को इलाज में तेज गति से सोडियम इन्फ्यूजन और हायर एंटीबायोटिक दी गई थी। जिससे मरीज के हाथ-पैर शिथिल (सेंट्रल पॉटीन माइलिनोलिसिस, सीपीएम) हो गए थे। महिला मरीज कोमा में चली गई थी जिस पर महिला मरीज के पति ने सीएम से शिकायत की थी। आगरा सीएमओ ने जांच के लिए चिकित्सकों की टीम गठित की थी। जांच टीम ने इस मामले में माना कि हॉस्पिटल में अनट्रेंड पैरामेडिकल स्टाफ और चिकित्सकों की लापरवाही से मरीज कोमा में पहुंची थी। जांच टीम ने हॉस्पिटल प्रबंधन, चिकित्सक और अन्य को दोषी करार





दिया। पीड़ित की शिकायत पर आगरा पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के आदेश पर हरि पर्वत थाना पुलिस ने पुष्पांजलि हॉस्पिटल के अध्यक्ष और नामजद चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिरोजाबाद के सिरसागंज निवासी व्यापारी राजेश कुमार जैन ने बताया कि 9 मई 2024 को मेरी 62 वर्ष की पत्नी मधु जैन को लो ब्लड प्रेशर और कमजोरी हुई थी। इस डॉ. विश्व दीपक से फोन पर संपर्क किया डॉक्टर की सलाह पर पुष्पांजलि हॉस्पिटल में पत्नी को भर्ती कराया। हॉस्पिटल में विशेषज्ञ की टीम ने उन्हें देखा और इलाज शुरू हुआ। लेकिन, तबीयत सुधार की जगह बिगड़ती चली गई। जिस पर 13 मई को दिल्ली के लिए रेफर कर दिया।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 26 अप्रैल को

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 26 अप्रैल शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय एवं बाह्य स्थित न्यायालयों पर किया जाना है। विशेष लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं आपराधिक शमनीय वादों, मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है। अपर जिला जज एवं पूर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए वादकारीगण से अनुरोध किया है कि वह विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत न्यायालय में लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं आपराधिक शमनीय वादों के निस्तारण के लिए आयोजित विशेष लोक अदालत का लाभ उठायें।

# कोर्ट के आदेश के बावजूद अवैध निर्माण रोकने में प्रशासन नाकाम

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** राजेश कुमार पुत्र जियाराम निवासी ग्राम इमामपुर मलेथू परगना तहसील थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अंबेडकर नगर निवासी है। प्रार्थी के भाई राकेश कुमार व माता श्रीमती शोभावती गाटा संख्या 985 रकबा 0. 3100 हे. की सकमणीय भूमिधर दर्ज है तथा काबिज व दाखिल है प्रार्थी गाटा उपरोक्त मे दक्षिणी पशिचमी किनारे पर टीन सेट लगाकर निवास कर रहे हैं प्रार्थी गरीब व असहाय व्यक्त है विपक्षी रंजीत कुमार यादव पुत्र दयाराम निवासी ग्राम चिउटीपारा परगना तहसील अकबरपुर जनपद अंबेडकर नगर बगल के गाटा संख्या 986मे प्रमोद कुमार आदि द्वारा बैनामा ले करके प्रार्थी के भूमिधरी आरजी गाटा संख्या 985 मे निर्माण करने के



फिराक मे ईटा गिट्टी एकतित करने लगा तो प्रार्थी व प्रार्थी के भाई द्वारा सिविल जज जू0डि0 महोदय अंबेडकर नगर मे मूलवत संख्या 187. 20 25 बमुकदमा राजेश कुमार आदि बनाम रंजीत कुमार यादव के विरुद्ध दावा अस्थाई निपेधाक्ष का वाद दिनांक 10.3. 2025 ई0को दायर किया जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा प्रतिवादी रंजीत को वादी के कब्जा दखल मे हस्तक्षेप करने से रोका जा चुका है परंतु स्थानीय लेखपाल द्वारा विपक्षी से साज करके स्थानीय पुलिस को मिलकर प्रार्थी के भूमिधरी आराजी मे निर्माण करवाना प्रारंभ कर दिया विपक्षी द्वारा गाटा संख्या 986मे मात्र 429 वर्ग फिट का दस्तावेज बैनामा लिया है परंतु विपक्षी स्थानीय लेखपाल के साज से 2958 वर्ग फिट मे निर्माण करवा रहा है प्रार्थी द्वारा उक्त स्थगन आदेश के साथ अवैध निर्माण रुकवाने हेतु स्थानीय थाना कोतवाली अकबरपुर को उप जिलाधिकारी अकबरपुर अंबेडकर नगर के आदेश के अनुक्रम मे भी स्थानीय थाने पर दिया कोई सुनवाई नहीं की गई। क्या गरीब असहाय का हक अपनी संपत्ति पर नहीं रह गया क्या गरीब की जमीन दबंगों द्वारा भू माफिया द्वारा कब्जा किया जाय गरीब अपने आंसू बहता हुआ योगी सरकार में दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर है

# शोभायात्रा में झूमें श्रृद्धालु



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** त्रेतायुग में रामलला के जन्म के बाद नगर को ध्वजा, पताका और तोरणों से इस सजाया गया, जिसका वर्णन शायद ही किया जा सकता है। आकाश से पुष्पवृष्टि हो रही थी और सभी ब्रह्मानंद में मग्न थे। अवधपुरी सोहइ एहि भाँती। प्रभुहि मिलन आई जनु राती॥ देखि भानु जनु मन सकुचानी। तदपि बनी संध्या अनुमानी॥ अर्थात जिस तरह भगवान के जन्म के समय लग रहा था की रात्रि भगवान से मिलने आयी हो। ठीक उसी तरह का नजारा रामनवमी के अवसर पर शहर में भगवान राम की शोभायात्रा निकालने के दौरान नजर आया। नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरी शोभायात्रा का भक्तों ने जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। यात्रा में शामिल भगवान की विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा में शामिल भक्त जय श्रीराम के नारों के साथ ही डीजे पर झूमते हुए चल रहे थे। शहर के सरस्वती भवन से श्री राम विविध कला केंद्र के माध्यम से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण पर निकली। यात्रा में आगे माँ दुर्गा की झांकी शोभा बढ़ा रही थी। पीछे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन की शोभायात्रा रामरथ पर सबार थी। शोभायात्रा चौक, घुमना, सुतहट्टी होते हुए। नाला मछरटटा से फिर सरस्वती भवन पंहुचेगी जहाँ सीता-राम रसोई द्वारा प्रसाद वितरण होगा। जगह-जगह आरती उतारी गयी। सांसद मुकेश राजपूत ने पंहुच भगवान श्रीराम के स्वरूपों की आरती उतारी।

# ट्वीट फाउण्डेशन ने डाक्टरों को किया सम्मानित

■ इस समाज में ट्रांजेडर को वह इज्जत मिलनी चाहिए जो सामान्य लोगों को मिलती है : रेहाना

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आज लखनऊ स्थित यूपी प्रेस क्लब में ट्वीट फाउण्डेशन ने डाक्टरों को उनके कार्यो के लिये डॉ. फैजान खान, डॉ. सफवान खान, डॉ. फेसल एहसन, डॉ. फारिस इमरान, डॉ. इकबाल खान, डॉ. तौसीफ मुस्तफा, सनद सिंह, डॉ. अमित कुमार यादव, डॉ. विकास चौहान, डॉ. आफताब खान, डॉ. मिर्जा फाइक बेग, डॉ. हम्माद, डॉ. अबु बशर, डॉ. अबु कमर, डॉ. अबु हमजा, डॉ. अलीना हमजा, डॉ. रोजी फातिमा, डॉ. आलिया सहरीन को सम्मानित किया। ट्वीट फाउण्डेशन जो सन् 2017 से रजिस्टर्ड संस्था है जिसके चेयर पर्सन अमन शुक्ला, सीईओ अभिना अहिर हैं, जो दिल्ली, मुम्बई में ट्रांजेडर को देश की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें शेल्टर होम, एजुकेशन, स्किलिंग, अवेयरनेस





सेशन प्रोग्राम, हेल्थ इश्यू, इम्पॉवरमेंट आदि निःशुल्क उपलब्ध कराता है।

इस प्रोग्राम की अध्यक्षता प्रोग्राम आफिसर रेहाना बानो व विन्सी (एडवोकेसी आफिसर) ने किया। इस अवसर रेहाना ने कहा कि आज के आधुनिक समय में लोग ट्रान्जेडर के बारे में बात नहीं करना चाहते ऐसा क्यों है? इस समाज में ट्रांजेडर को वह इज्जत मिलनी चाहिए जो सामान्य लोगों को मिलती है, जिसके लिये हमारी संस्था और हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। हमने अभी तक कई शहरों में लागों को जागरूक करने के लिये कई तरह के कार्यक्रम किया है और आज इसी का हिस्सा यह कार्यक्रम है। मैं आप लोगों से यह कहना चाहती हूं कि ट्रांजेडर भी हमी में से हैं उनको भी ईश्वर ने ही बनाया है, जब हम ईश्वर की दी हुई हर चीज एक्सेप्ट करते हैं तो ट्रांजेडर को क्यों नहीं एक्सेप्ट करते? आज दुनिया बहुत आगे जा रही है और हम भेदभाव में जीवन जी रहे हैं।

एडवोकेसी आफिसर विन्सी ने कहा कि मैं ट्रांजेडर समाज से आती हूं मुझे क्या सहना पड़ता है यह मैं शब्दों में नहीं बयान कर सकती। मैं बस आज यहां यह कहना चाहती हूं कि हमें हमारा हक मिलना चाहिए। हमें वह इज्जत मिलनी चाहिए जो आप लोगों की है। आज यही कारण है कि मैं इस संस्था से जुड़ी हूं। आज हमने डाक्टरों को सम्मानित किया क्योंकि हम यह जानते हैं कि डाक्टर्स हमारी समस्याओं के बारे में और लोगों से ज्यादा जानते हैं। हमारी तकलीफ को समझते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्था ट्विट फाउण्डेशन पिछड़े मुसलमानों के समाजिक संगठन आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नफीस मंसूरी, उपाध्यक्ष व प्रदेश संयोजक-हाजी नेहाल अंसारी, प्रदेश सह-संयोजक डॉ. इमरान, पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष महताब आलम इदरीसी कर तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये हमारी मदद की।

## जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई संपन्न

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में पी0सी0पी एन0डी0टी0 एक्ट 1994 के अंतर्गत सोमवार को कैम्प कार्यालय पर जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम बिगत बैठक की कार्यवाही पर विचार किया गया। बैठक में प्यारी बिटिया पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों यथा अल्ट्रासाउंड केंद्र के नवीन पंजीकरण, नवीनीकरण, मशीनों के संचालन हेतु डॉक्टर के पैनल के अपडेशन तथा नई अल्ट्रासाउंड मशीनों के क्रय हेतु आवेदनों पर विचार किया गया। बैठक में प्यारी बिटिया पोर्टल पर प्राप्त अल्ट्रासाउंड केंद्र के नवीन पंजीकरण के 10 प्रकरणों को प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रकरणों में से 08 प्रकरणों को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न समिति की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई और 02 अल्ट्रासाउंड केन्द्र के आवेदनों को रिव्यू व मौके पर जांच करने तदोपरांत अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि सत्यापन के दौरान अस्पतालों की जिओ टैग फोटोग्राफी कराई जाये।

# उपमुख्यमंत्री ने हाजीपुर चौहट्टा में नवीन आवासीय गोवंश चिकित्सा केंद्र का किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हाजीपुर चौहट्टा में राधारमण गौसेवा समिति के सौजन्य से स्थापित कराए जाने वाले नवीन आवासीय गौवंश चिकित्सा केंद्र का विधिवत शिलान्यास किया। यह केंद्र गोवंशों के संरक्षण, चिकित्सा एवं देखरेख के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा।

उपमुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन के दौरान गौवंश चिकित्सा केंद्र को स्वेच्छा से 1 लाख रूपये की धनराशि दान देने की घोषणा करते हुए चिकित्सा केंद्र के लिए भूमि दान करने वाले परिवारों का आभार प्रकट किया। उन्होंने गौमाता के प्रतीक पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के उपरांत मुख् अतिथि, जनप्रतिनिधियों, समिति सदस्यों ने पुरोहितगणों द्वारा किए जा रहे मंत्रोचार के साथ गौवंश चिकित्सा केंद्र की आधार शिला रखी। इस अवसर पर



मौर्य ने कहा कि सरकार गोवंश संरक्षण एवं पशु चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नवीन केंद्र के निर्माण से क्षेत्रीय पशुपालकों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं सुलभ होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गोवंश संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मोबाइल एम्बुलेंस सेवा भी संचालित की जी रही है। इस नवीन केंद्र के निर्माण से पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं सुलभ होंगी और गोवंशों की समुचित देखभाल सुनिश्चित हो सकेगी। यह केंद्र आवासीय सुविधा से युक्त होगा, जिससे चिकित्सकों और कर्मचारियों को चौबीस घण्टे सेवा देने में सुविधा होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास, कानून व्यवस्था, गरीब कल्याण के कार्यो के साथ ही माता-बहनों की सुरक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। प्रदेश सरकार द्वारा हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए अच्छे-अच्छे कार्य किए जा रहे हैं।


## सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि सन्तोष कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम गद्दीपुर पोस्ट कचगांव तहसील सदर जिला जौनपुर की निवासी हूं। पहले मुझे सन्तोष कुमार मिश्रा के नाम से जाना जाता था।अब मुझे सन्तोष के नाम से जाना पहचाना जाएं।

**नाम -सन्तोष कुमार**
**ग्राम- गद्दीपुर**
**पोस्ट -कचगांव**
**तहसील -सदर**
**जिला- जौनपुर**

# खाने-पीने की वस्तुओं को लेने से पहले हो जायें सावधान

- वार्षिक सत्र में लिये गये नमूनों में अधिकांश हुये फेल
- मिलावट के खिलाफ अभियान लगातार रहेगा जारी : विनोद कुमार शर्मा
- 12 लाख के टर्न ओवर पर लाइसेंस अनिवार्य



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** शहर में बेची जा रहीं खाद्य वस्तुओं में मिलावट का स्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार कार्यवाहियां भी कर रहा है। लेकिन जागरूकता की कमी के चलते लोग कई ऐसी वस्तुओं को खाकर सेहत से खिलबाड़ कर रहे हैं, जिनमें मिलावट है। जी हां, यह बात सही है, क्योंकि एक साल में खाद्य वस्तुओं के भरे गये नमूनों में अद्योमानक हुये सेम्पलों के आंकड़े डराने वाले हैं। खाद्य वस्तुओं के लिए गये आंकड़ों में करीब सत्तर फीसदी नमूने प्रयोगशाला में फेल हुये हैं। यह चिन्ताजनक है। हालांकि मिलावट के खिलाफ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार कार्यवाहियां कर रहा है। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय विनोद कुमार शर्मा ने बताया पिछले वर्ष लिये गये नमूनों में 226 वस्तुओं जांच आख्या प्रयोगशाला से विभाग को प्राप्त हुयीं हैं, जिनमें से कुल 137 नमूने फेल हुये हैं। इसके अलावा 20 नमूने तो ऐसे निकले, जो कि सेहत और सुरक्षा के लिहाज से बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। इस प्रकार कुल फेल हुये नमूनों की संख्या 157 हैं, जो कि प्रतिशत के आंकलन में 69.47 प्रतिशत होती है। यह प्रतिशत का आंकड़ा काफी चिन्ता का विषय है और मिलावट का पैमाना दर्शाने के लिए एक पैमाना माना जा सकता है। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय ने यह भी बताया कि मिलावट करने वालों के खिलाफ विभाग द्वारा अपर जिलाधिकारी न्यायालय से 167 वाद दायर किये गये हैं, जिनमें 100 पर तो 16.39 लाख रुपये का जुर्माना भी आरोपित किया गया है। उन्होंने बताया कि मिलावट करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। इसके अलावा उन्होंने शहर के व्यापारियों से भी आह्वान किया है कि वह विभागीय कार्यवाहियों में सहयोग करें, जिससे कि लोगों की सेहत से खिलबाड़ करने वाले ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि 12 लाख रुपये वार्षिक टर्न ओवर वाले खाद्य व्यापार से जुड़े दुकानदारों को खाद्य सामग्री बेचने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है, जो कि विभाग द्वारा मुहैया कराया जाता है।

# नामदेव समाज मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव की रही धूम



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** श्रीसत्यनारायण नामदेव मंदिर पर श्रीराम नवमीं के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मोत्सव समारोह बड़े ही उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम भगवान श्रीराम जन्म विधि-विधान से सम्पन्न होकर भगवान की आरती संपन्न हुयी। साथ ही भजन-कीर्तन मण्डली द्वारा भजनों का गायन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं नामदेव समाज के लोगों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान नामदेव समाज के अध्यक्ष दीपक पटवारी, दीपक नामदेव गब्बू, अशोक नामदेव, मनोहरलाल नामदेव, राजेश नामदेव, बृजेश नामदेव, विनोद नामदेव, बी.डी.नामदेव, शिवकान्त, दीपक नामदेव, गोबर्द्धन नामदेव, रामनिवास, अवधेश, रामकुमार, अरविन्द नामदेव, बालकृष्ण मसौरा, बालकिशन नामदेव, पुरुषोत्तम नामदेव, मुकेश नामदेव, पीयूष नामदेव, रामकुमार नामदेव के अलावा सजातीय बंधु श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुये। जानकी नामदेव एण्ड पार्टी द्वारा भव्य भजनों की प्रस्तुति दी। अंत में उपस्थित भक्तों व सजातीय बंधुओं का आभार अध्यक्ष दीपक नामदेव पटवारी ने व्यक्त किया।

## दो बीघा गेहूं की फसल को जबरन काट ले गए दबंग

**बरसाना (मथुरा)।** थाना क्षेत्र के गांव कमई में दो बीघा गेंहू की फसल को दबंग जबरन काट कर ले गए। पीड़ित रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने से लेकर तहसील तक के चक्कर काट रहा। पुलिस ने बताया कि दोनों का संयुक्त खाता था। रविवार को बरसाना थाने के गांव कमई में दबंगों के द्वारा कटाई को खड़ी गेंहू की दो बीघा फसल को काट कर ले गए। पीड़ित मूल चंद का कहना है कि सूरजपाल, शेरपाल, वीरपाल, चंद्रपाल पुत्रगण सुघडी,जीतपाल पुत्र खुशीराम, लखन, भीकम, मनोज पुत्रगण आदि रविवार की रात्रि में कंपास से मेरे हिस्से के दो बीघा खेत में खड़ी फसल को जबरन काट कर ले गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में जबरन फसल काट कर ले जाने की तहरीर दी। तहरीर के बाद कोई कार्रवाई आज तक नहीं हुई । अब पीड़ित न्याय पाने के लिए तहसील व थाने के चक्कर लगाने को मजबूर हो गया है। थाना प्रभारी राजकमल सिंह बालियान के अनुसार सहखाता होने से यह पता नहीं चल पा रहा है फसल किसकी कहां थीं। राजस्व विभाग के पटवारी बताये कि कौन सा चक किसका था तभी निश्चित हो सकेगा कि फसल किसकी थी और किसने काटी। उसके बाद ही कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।

# 60 में से अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन कर आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान लगभग 60 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने मौके पर ही त्वरित समाधान कर दिया। शेष शिकायतों के प्रभावी और समयबद्ध निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी (एसडीएम), खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम (जूम एप) के जरिये बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ और अन्य विभागीय अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित करें तथा प्राप्त समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी मीना ने यह भी कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों की गंभीरता से समीक्षा कर, संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करें और समयबद्ध आख्या प्रस्तुत करें।

# अवैध होडिंग पर चली निगम की चाबुक,12 लाख का जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन महानगर क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध होर्डिंग, विज्ञापन पट लगाने वाले एक दर्जन से अधिक स्कूल, जमीन फ्लैट की बिक्री करने वाले संस्थान आदि पर 11 लाख 95 हजार रु का जुर्माना लगाया गया है। निगम ने संबंधित फर्मो को नोटिस देते हुए कहा है कि जुर्माने की धनराशि एक सप्ताह के अंदर जमा कर दें वरना कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के आदेश के अनुपालन में शनिवार को वृन्दावन-जोन सीमान्तर्गत नगर निगम की बिना अनुमति लगाये गये अवैध होर्डिग्स/विज्ञापन पटों का अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक के नेतृत्व में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक कर अधीक्षक हरिकृष्ण गुप्ता राजस्व निरीक्षक मुकेश सिंह द्वारा चिन्हाकन किया गया। चिन्हाकन के अन्तर्गत स्थल पर पाये गये अवैध होर्डिग्स/विज्ञापन पटों पर नगर निगम मथुरा-वृन्दावन, मथुरा (विज्ञापन पर अनुज्ञा शुल्क का निर्धारण और वसूली) उपविधि 2019 में वर्णित नियम व शर्तो के अनुसार वृन्दावन, 75000/- हरे कृष्णा आसियाना वृन्दावन, रूकमणी बिहार सेक्टर-1 वृन्दावन, 80000/- द सारंग हाई इम्पैक्ट स्कूल, चैतन्य बिहार फेस-1 वृन्दावन, 75000/- सी.के. पब्लिक स्कूल, अटल्ला चुंगी नियर गोरेदाऊ मन्दिर परिक्रमा मार्ग, वृन्दावन 75000/- इण्डियन पब्लिक स्कूल, सुनरख रोड वृन्दावन, 125000/- विनोद एण्ड संस, मुंगेर मन्दिर के सामने बटाला आश्रम वाली गली, वृन्दावन 75000/- डॉ. सुरेश सिंह चौधरी चैतन्य बिहार 100 फुटा पुल रोड वृन्दावन, 75000/- प्रबन्धक, पीटर इग्लैड, राधारानी कॉम्पलैक्स परिक्रमा मार्ग वृन्दावन, 75000/- प्रबन्धक श्री राधाकृष्णा प्रोपर्टी हेड ऑफिस रामताल चौक देवी आटस रोड, वृन्दावन, 100000/- वी.एस.एस. वोकलेशन ट्रेनिंग सेण्टर गोपाल वाटिका निकट सूवटी देवी स्कूल बस स्टैण्ड वृन्दावन, 40000/- कान्हा माखन मिलिनियम स्कूल ओमेक्स इण्टरनिटी वृन्दावन, 325000/- कुल योगः- 11 लाख 95 हजार /- उक्तानुसार जुर्माना निर्धारित करते हुये प्रत्येक फर्म को नगर निगम मथुरा-वृन्दावन वृन्दावन-जोन द्वारा पृथक-पृथक नोटिस जारी करते हुये नोटिस के माध्यम से कहा गया कि उक्त विज्ञापन/होर्डिग्स को तत्काल हटाते हुये जुर्माने की धनराशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार प्रत्येक फर्म के विरूद्ध क़ानूनी कार्यवाही नगर निगम द्वारा अमल में लाई जायेगी।

# गांधी और गांधीवाद को भूली कांग्रेस पहुंची हाशिये पर

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** देश में लंबे समय तक केंद्र और राज्यों में सरकारों पर काबिज रही कांग्रेस पार्टी जिसका अपना वोट बैंक दलित पिछड़ा और अल्पसंख्यक हुआ करता था,समय के बदलाव के साथ या यह कह संगठन और नेताओं की बदलती पॉलिसी और गरीब मजदूर किसानों के पसीने से परहेज करने वाले नेताओं के कारण कांग्रेस संगठनात्मक रूप से बिखरकर काफी कमजोर हो गई, एक समय था जब कांग्रेस की बैठक हो या कोई भी कार्यक्रम उसमें गांधी जी को प्रमुखता से याद किया जाता था, वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता महात्मा गांधी की प्रिय गांधी टोपी को भी लगाना नहीं भूलते थे, वर्तमान समय में कांग्रेस का कोई कार्यक्रम हो या बैठक एक भी गांधी टोपी धारक नेता या कार्यकर्ता दिखाई नहीं देता है। यह कहना गलत नहीं होगा स्वयं कांग्रेसियों ने जनता के बीच अपनी पकड़ को कमजोर किया है उन्होंने लोगों के मध्य जाना दलित पिछड़े और गरीब बस्तियों से अब उनका कोई कोई लेना देना नहीं है जब से कांग्रेसियों पर वीआईपी कल्चर हावी हुआ है कांग्रेस दोनों दिन कमजोर होती चली गई कांग्रेस की गलत नीतियों के चलते भारी संख्या में जमीन से जुड़े हुए कांग्रेसी नेतागणों ने या तो नई पार्टी का गठन कर लिया या अन्य दलों में जाकर शामिल हो गए इस समस्या का समय रहते कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व संज्ञान ले लेता तो आज पार्टी की यह दुर्दशा नहीं होती।

कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम और बैठकों में गांधीवादी लोगों को जो सम्मान दिया जाता था आज गांधीवादी लोगों को कोई पूछने वाला नहीं है कुछ तो दुनिया छोड़कर चले गए कुछ जाने के कगार पर हैं जो मौजूद हैं वह अपनी कांग्रेस को दी गई सेवाओं को याद कर और वर्तमान कांग्रेस पार्टी की स्थिति को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को कोषने के अलावा और कुछ नहीं रह गया है पूर्व की सरकारों में चाहे वह कांग्रेस की हो या गैर कांग्रेस की किसी ने भी महान देशभक्त महात्मा गांधी को अपमानित करने का दुस्साहस नहीं किया वर्तमान भाजपा नीत सरकार ने गांधी जी की जो दुर्दशा की है वह किसी से छुपी नहीं है पूर्व की सरकारों ने जो कार्य किया उसमें उन्होंने गांधी जी को भूलने नहीं दिया और वर्तमान सरकार गांधी जी को अपनी नीति और कार्य प्रणाली से महात्मा गांधी जी को भुलाने का पूरा कार्य कर रही है । पहले सरकार ने गांधी जी की फोटो के स्थान पर उनके पीछे का फोटो निम्न स्तर के स्थान पर लगना शुरू किया वर्तमान में गांधी जी का चश्मा ही कहीं-कहीं दिखाई देता है यह कहना गलत नहीं होगा वर्तमान सरकार ने महात्मा गांधी को छवि को विलुप्त होने की स्थिति में लाकर रख दिया है कांग्रेस भी महात्मा गांधी की देशभर में हो रही धूमिल छवि को मूक दर्शक बनकर देख रही है जो कांग्रेस गांधी जी का गुणगान करते हुए नहीं थकती थी आज वही कांग्रेस गांधी जी की स्थिति और परिस्थिति को लेकर किसी भी तरह चिंतित दिखाई नहीं दे रही है क्या भविष्य में कांग्रेस गांधी जी और गांधीवाद को स्थापित करने के लिए संघर्षसील होगी यही कारण है आज कांग्रेस हासिये पर पहुंच चुकी है।

## मोबाइल में गेम खेलते समय युवक की अचानक मौत

**महोबा।** जिले की सरहद से सटे मध्य प्रदेश के थाना बारीगढ़ क्षेत्र के ग्राम रामपुरा गांव में मोबाइल गेम खेलते समय एक युवक अचानक बेहोश हो गया, बाद में एसे जिला अस्पताल महोबा लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घर में गमगीन माहौल बना हुआ है। ग्राम रामपुर निवासी फूलचंद्र 28 पुत्र वृंधावन अपने कमरे में मोबाइल पर गेम खेल रहा था। अचानक वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन आनन फानन में उसे जिला अस्पताल महोबा ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। फूलचंद्र ने हाल ही में एक सरकारी नौकरी के लिए इंटरव्यू दिया था। परिवार में सब कुछ सामान्य चल रहा था। युवक की अचानक मौत से परिवार और पूरा गांव शोक में डूब गया। युवक की मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह किस गेम को खेल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि गेम खेलते खेलते अचानक युवक के बेहोश होने और बाद मे उसकी मौत हो जाने के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस भी डॉक्टरों से संपर्क बनाए हुए है, लेकिन अभी तक डॉक्टर कोई स्पष्ट जवाब नही दे पा रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

## युवती का मोबाईल छीनने वाले युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पडोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज निवासी शिवांगी कन्नौज में नर्सिंग की कोचिंग पड़ रही है। सुबह 10:30 बजे पैसेंजर ट्रेन से अपनी सहेली के साथ कन्नौज जा रही थी। स्थानीय रेलवे स्टेशन से ट्रेन के छूटते ही एक युवक उसका मोबाइल छीनकर भागा। युवती द्वारा शोर मचानें पर लोगों ने युवक को पकड़ लिया। वहीं गार्ड ने वैक्यूम लगाकर ट्रेन को रोका। इस बीच शिवांगी चलती ट्रेन से कूद पड़ी और घायल होकर बेहोश हो गई। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम दीपक वाल्मीकि निवासी मोहल्ला आजाद नगर बताया। वहीं जीआरपी पुलिस पकड़े गए युवक को अपने साथ कन्नौज ले गई।

## दूसरे दिन भी नहीं मिला गंगा नदी में डूबा बालक



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते दिन अपने पिता के साथ गंगा नदी में भैस नहलाने गया अचानक नदी के तेज बहाव में डूब गया। जिसका पता एनडीआरएफ की टीम भी नहीं लगा सकी। वहीं रेस्क्यू अभियान जारी है।

ज्ञात हो कि रविवार को पुलिस चौकी नौरंगपुर के ग्राम किश्तियापुर का निवासी लाला राम के साथ उसका 11 वर्षीय पुत्र गोविंद भैस को नहलाने के दौरान अचानक गंगा नदी मे डूब गया था। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं चौकी प्रभारी नौरंगपुर मोहन लाल ने ग्रामीण गोताखोरों को लगाया जो कि रविवार शाम तक बालक को खोजने मे असफल रहे। सोमवार को एनडीआरएफटीम ने एवं चौकी प्रभारी नौरंगपुर मोहन लाल के नेतृत्व मे सुबह रेस्क्यू अभियान प्रारम्भ किया। समाचार लिखे जाने तक बालक का पता नहीं लगाया जा सका।

## छात्रा से छेड़खानी पड़ी मंहगी, थाने में मांगी माफी

**उन्नाव।** नाबालिग छात्रा को फोन कर और तस्वीरें खींचकर परेशान करने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। बाद में माफी यागने पर युवक को छोडा गया। जानकारी के अनुसार बीघापुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा को बार-बार फोन करने और उसकी तस्वीरें खींचकर परेशान करना एक युवक को महंगा पड़ गया। शनिवार दोपहर पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर सुनियोजित योजना के तहत युवक को टोल प्लाजा से हिरासत में ले लिया। छात्रा का आरोप था कि युवक उसे लगातार कॉल कर रहा था और तस्वीरें खींचकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्काल एक योजना बनाई और पीड़िता की मदद से युवक को पकड़ने की कार्रवाई की। पीआरवी 6112 की टीम ने टोल प्लाजा पर युवक को दबोच कर बीघापुर थाने लाया गया, जहां छात्रा की मौजूदगी में पूछताछ की गई। थाने में युवक ने छात्रा से माफी मांगते हुए उसे बहन माना। छात्रा ने सामाजिक मर्यादाओं का पालन करते हुए चेतावनी देकर माफकर दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की।

## अग्निपीड़ितो को पूर्व सांसद ने भिजवाई राहत सामग्री



**उन्नाव।** बीघापुर ब्लॉक के गांव जयराजमऊ में हुए भीषण अग्निकांड जिसमे कई बीघे खड़ी फसल, कई कुंतल कटा तैयार गेहूं और कई परिवारों की गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई। इस भीषण अग्निकांड की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल मौके पर पहुंचे सपा नेता अंकित सिंह परिहार ने पीड़ित परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुआ उनका दुख साझा किया। मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी बीघापुर से वार्ता करके सभी पीड़ितों को शासन स्तर से उचित मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की। पूर्व सांसद श्रीमती अन्नू टंडन ने सभी पीड़ित परिवारजनों को राहत सामग्री के रूप में राशन, कपड़े, तिरपाल, बर्तन, दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेजी जिसका वितरण सभी पीड़ित परिवारजनों को किया गया।

## वक्फ संशोधन कानून संविधान के खिलाफ सरकार को वापस लेना चाहिए

**सिरसी (संभल)** मौलाना कल्बे जव्वाद ने रविवार को संभल के सिरसी कस्बे में मीडिया से बात करते हुए कहा है कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ न्यायालय की शरण में जायेगे शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद सिरसी में मजलिस को खिताब करते के लिए आये थेमौलाना ने पत्रकारो से बात चीत करते हुए कहा कि वक्फ बिल संशोधन कानून लाकर मुस्लिम समाज को धोखा दिया गया है मुस्लिम धर्मकि स्थलो के कागज मांगे जा रहे हैं वर्षो पुराने कागज कहॉ से लाये जायेगे।

## कंपोजिट विद्यालय के छात्रों ने अंक पत्र पाकर प्रसन्न मुद्रा में दिखे छात्र

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** जनपद के ब्लाक सठियांव के समीप स्थित कंपोजिट विद्यालय अवांव में आज कक्षा 8 और कक्षा 5 के छात्रों को वितरित किया गया परीक्षाफल पाकर छात्र प्रसन्न मुद्रा में दिखे वही विद्यालय के प्रधानाचार्य फैसल आलम ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें बुक और पेन देकर सम्मानित भी किया विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक बृज बिहारी सिंह जी उपस्थित रहे उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और कहा आप पढ़ लिख करके कामयाब बने अनुशासन में रहे एक अनुशासित सिपाही की तरह पढ़ाई लिखाई करें विद्यालय के सहायक अध्यापक पंकज सिंह ने इस कार्यक्रम का संचालन किया इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फैसल आलम सहायक अध्यापक पंकज सिंह भानु प्रताप सिंह उचतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक यशपाल सिंह सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

# अस्पतालों में बड़े बुखार व सरदर्द के मरीज, हुई जांचे

- तीन दर्जन से अधिक मरीजों का हुआ निशुल्क परीक्षण, वितरित की गई दवाएं



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों बड़ी संख्या में बुखार से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। केन्द्र प्रभारी डा. अजीत कुमार द्वारा कुल 42 मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया। इनमें से अधिकतर मरीज वायरल फीवर के सामने आए। नगरीय पीएचसी प्रभारी ने बताया कि मरीजों का तापमान, ब्लड प्रेशर और अन्य लक्षणों की जांच की गई। संदिग्ध मामलों में रक्त की जांच करवाई गई और सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गई। सोमवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. अजीत कुमार ने बुखार के 07, सरदर्द के 06, पेटदर्द के 03, सामान्य 22 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दबायें वितरित करनें सहित 05 ब्लड सुगर व सीवीसी की जॉचें करनें के उपरान्त बताया कि बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों के प्रकोप से डेंगू और मलेरिया फैलने की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए नागरिक साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और कहीं भी पानी जमा न होने दें। बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराने की सलाह दी जा रही है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुमार, प्रभात मिश्रा, पवन कुमार, पूनम आदि मौजूद रहे।

# सपा प्रत्येक विधानसभाओं में संविधान ही संजीवनी के तहत गोष्ठियां आयोजितः नंदकिशोर

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आज बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक संविधान और आरक्षण बचाने के पी.डी.ए. आंदोलन व स्वाभिमान सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए निर्णय लिया। विधानसभाओं में प्रत्येक जोन में संविधान ही संजीवनी है संविधान ही ढाल है विषय पर गोष्ठियां आयोजित कर संविधान के महत्व पर चर्चा की जाएगी। जिसमें पार्टी के विधायक सांसद व अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहेंगे ष्स्वाभिमान सम्मानष् के माध्यम से ही पी.डी.ए. समाज के सदस्य अपनी निर्णायक शक्ति हासिल कर स्वाभिमान से जीने लायक आपको अधिकार प्राप्त करेंगे दमनकारी, प्रभुत्व वादी,शक्ति कामी, नकारात्मक ताकतों को संविधान से ही जवाब दे पाएंगे। जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने ने कहा कि भा.ज.पा. बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी कर चुनाव जीतती है। पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस पर नजर रखे जनपद में सरकार पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को परेशान कर रही है सपा के कार्यकर्ता संघर्ष के लिए तैयार रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हवलदार यादव व संचालन जिला महासचिव हरिप्रसाद दुबे ने किया। बैठक में पूर्व सांसद-नंदकिशोर यादव, पूर्व मंत्री- राम आसरे विश्वकर्मा, विधायक-अखिलेश यादव, डॉ संग्राम यादव,पूजा सरोज, डॉ.एच.एन सिंह पटेल, पूर्व मंत्री डॉ. रामदुलार राजभर, करुणाकांत मौर्य, जयराम सिंह पटेल, रामप्यारे यादव, अजीत कुमार राव,वर्मन यादव, हरिश्चंद्र यादव, वसीमुद्दीन अहमद, अशोक कुमार यादव, राम आसरे चौहान, राज नारायणन यादव, जगदीश यादव, सोमनाथ यादव, डॉ.धनराज यादव, सुशील आनंद, श्याम देव चौहान, राजेश यादव, प्रदीप कुमार यादव, रामनयन यादव,योगेंद्र चौहान, संतोष कुमार गौतम, विवेक सिंह, कुणाल मौर्य, दुर्गेश यादव, महावीर गुप्ता, अबू आसिम खां,दीपचंद विशारद, गीता गिरी, निशांत राय टीपू, लल्लन प्रसाद, अनुराग यादव, मुक्तिनाथ राय, सिकंदर यादव, गुड्डी देवी, द्रोपती पांडेय,सुरेश यादव, सदानंद तिवारी, कमलेश यादव गायक, इं. लालचंद यादव, संदीप रजत सेठ,डॉ.अनीता,विनीत राय, रमेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर, सेवा ही संगठन के मंत्र पर सदैव अग्रसर करोडों कार्यकर्ताओं वाली विश्व के सबसे बड़े दल भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस को भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगा सेल्फी ली, एक-दूसरे को मिठाई खिला बधाई दी और बीजेपी विकसित भारत हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय उन्नाव में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी सांसद साक्षी जी महराज विधायक पंकज गुप्ता और भाजपा पदाधिकारियों के साथ ध्वजरोहण किया। भाजपा कार्यालय उन्नाव में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में सुंदरकाण्ड पाठ हुआ। कार्यालय पर देरशाम को मोमबत्तियां जला जगमग रोशनी हुई। उत्सव के रंग को बढ़ाने के लिए कार्यालय के बाहर आतिशबाजी भी की गई। इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी प्रभानशंकर दीक्षित बिपिन गुप्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र वर्मा निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह विधायक पंकज गुप्ता अनिल सिंह बंबालाल दिवाकर एमएलसी राम चंद्र सिंह प्रधान जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन आशीष बाजपेई अटल भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल प्रियंका शुक्ला विमल द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र दीक्षित विमला कुरील राकेश कृष्ण साहू आनंद अवस्थी जिला मंत्री रजनीश वर्मा सविता रावत भाजपा नेता केडी त्रिवेदी राम चंद्र गुप्ता भाजपा नेत्री चंद्रकांता जोशी ममता सिंह साधना दीक्षित नीलम सिंह किरण सिंह किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह अध्यक्ष युवा मोर्चा बलाराव गुप्ता पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती प्रसाद रावत वेणु रंजन भदौरिया संदीप पांडे सुशील तिवारी विजय द्विवेदी नवीन सिंह मंडल अध्यक्ष अवनीश गुप्ता ब्लॉक प्रमुख सतीश चौधरी श्रीकृष्ण वर्मा भी उपस्थित रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में नंदिनी सिंह ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती को लेकर सांई कॉलेज ऑफ एजुकेशन महोबा में भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। भारत का संविधान एंव अमृतकाल ने विकसित भारत सामंजस का मार्ग विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा एंव डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल और मालर्यापण कॉलेज के प्रबंधक संजय कुमार साहू एंव प्राचार्य डॉ0 एलसी अनुरागी, प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू, राकेश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों के स्वागत अभिनंदन के बाद प्रतिभागियों ने डॉ0 अम्बेडकर के जीवन से जुड़े तथ्य एंव भारत के संविधान ने योगदान, विकसित भारत में उनके कार्यो व प्रयासों पार भाषण दिए गए। प्रतिभागियों ने अपने अपने स्तर से भारत के संविधान पर अधिक से अधिक रोशनी डाली। निर्णायक मंडल के सदस्य आशीष चैरसिया, मरूति नंदन तिवारी, अंजना श्रोतीय के द्वारा निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए, परिणाम घोषित किए गए, जिसमें नंदनी प्रथम, पूजा सिंह द्वितीय और ज्योति कुशवाहा तृतीय स्थान पर रही। प्रतिभागी विजेताओं ने अपना नाम सुनकर प्रसन्नता जताई। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक ने जीवन में शिक्षा का महत्व एंव कठनाईयों का हिम्मत के साथ सामना करते हुए फर्स से सिखर तक पहुंचने का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सर्वश्रेठ संविधान है। जिसमें बसुधैव कुटुम्बकम की बात कही गई है। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ0 रविंद्र कुमार,डॉ0 मेहराज खान, प्रदीप सिंह, लोकेश चैरसिया, भावना साहू, रोमाना खान सहित तमाम प्राध्यापक मौजूद रहे।

# अब प्रभास की पाकिस्तानी हीरोइन का पंगा, दिल्ली में पैदा हुई फौजी अफसर की बेटी का दिलचस्प मामला

**मुंबई।** पुलवामा हमले के बाद से ही पाकिस्तान के कलाकारों के लिए भारत में काम करना मुश्किल हो गया है। प्रभास की फिल्म फौजी में पाकिस्तानी मूल की एक्ट्रेस ने काम किया है। इसलिए फिल्म के लिए संकट खड़ा हो गया है।

पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की फिल्म अबीर गुलाल को लेकर मुंबई में बने विरोध के माहौल के बाद साउथ सिनेमा की तेजी से बन रही फिल्म फौजी के लिए भी नया संकट खड़ा हो गया है। फिल्म की हीरोइन पाकिस्तान मूल की है और सूत्र बताते हैं कि फिल्म और टीवी डायरेक्टर्स एसोसिएशन (इफ्टडा) तक भी ये बात पहुंचा दी गई है।

इफ्टडा अध्यक्ष अशोक पंडित ने हाल ही में फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर सख्त चेतावनी जारी की है। उनका कहना रहा है कि पुलवामा हमले के बाद चूंकि किसी पाकिस्तानी कलाकार ने भारत की धरती पर हुए इस आतंकी हमले की निंदा नहीं की है, लिहाजा हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान के कलाकारों से 'असहयोग' जारी रहेगा। फवाद खान की सुपरहिट पंजाबी फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट' भी इसी के चलते भारत में अब तक रिलीज नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि फिल्म 'फौजी' की हीरोइन इमान इस्माइल ने अपना स्क्रीन नेम 'इमानवी' रखा है। वह सोशल मीडिया पर अपने डांस वीडियोज के लिए जानी जाती हैं। पाकिस्तान के फौजी अफसर इकबाल इस्माइल खान की बेटी इमान इस्माइल का जन्म भारत में उस समय हुआ जब उनके पिता अपनी पत्नी के साथ भारत आए हुए थे। आठ साल की होने के बाद से वह अमेरिका के कैलीफोर्निया में रह रही हैं। रेखा, माधुरी दीक्षित और वैजयंतीमाला की फिल्में देख देखकर नृत्य सीखने वाली इमानवी की फिल्म 'फौजी' में प्रभास लीड रोल में हैं, इसके अलावा हनु राघवपुडी निर्देशित इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती और जया प्रदा की भी मुख्य भूमिकाएं हैं। मशहूर फिल्म निर्माण कंपनी मैत्री मूवी मेकर्स निर्मित ये फिल्म एक ऐसे योद्धा की कहानी जो युद्ध को लेकर समाज की सोच बदल देता है। प्रभास इन दिनों अपनी इस फिल्म की शूटिंग पूरी करने में तेजी से लगे हुए हैं और इसके बाद उन्हें संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग भी पूरी करनी है। प्रभास की दो और फिल्में 'सालार 2' और 'कल्कि 2898 एडी 2' पर भी तेजी से काम चल रहा है। उनकी निर्माणाधीन फिल्म 'राजा साब' का भविष्य अधर में हैं, इसकी रिलीज हाल ही में अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गई है।

**चेतावनी**

> इफ्टडा अध्यक्ष अशोक पंडित ने हाल ही में फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर सख्त चेतावनी जारी की है।



# अर्जुन के सवाल पर जॉन अब्राहम की पत्नी ने दिया मजेदार जवाब



**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन कपूर अपने खास अंदाज के लिए जाने जाते हैं। अभी हाल ही में उन्होंने जॉन अब्राहम की पत्नी से एक सवाल किया, जिसके जवाब ने अर्जुन की बोलती बंद कर दी। आइए जानते हैं आखिर जॉन की पत्नी ने ऐसा क्या कहा और यूजर्स उस पर क्या बोले।

हाल ही में जॉन अब्राहम की पत्नी प्रिया रुंचाल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में जॉन और प्रिया अपने दोस्तों के साथ किसी रेस्तरां में डिनर करते दिख रहे हैं। इस तस्वीर में उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'ला लव इन बेबी'। शेयर की गई तस्वीर में अभिनेता जॉन टी-शर्ट पहने साधारण लुक में नजर आ रहे हैं। वहीं, उनकी पत्नी ने भूरे रंग का ड्रेस पहना हुआ है। प्रिया रुंचाल द्वारा शेयर की गई तस्वीर तब चर्चा में आ गई, जब अर्जुन कपूर ने कमेंट करके पूछा, 'क्या जॉन अपना पास्ता साथ लाए थे?' इस पर प्रिया ने जवाब ने दिया, 'हाहा यह उस बड़े नैपकिन के नीचे है।' दोनों की इस मजेदार बातचीत को यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा यूजर्स कई कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि जॉन अब्राहम के बाइसेप्स शानदार हैं। वहीं दूसरे यूजर ने कमेंट किया कि खूबसूरत लोग। एक तीसरे यूजर ने जॉन अब्राहम को काला पहनने पर काफी तारीफ की। इसके साथ ही एक अन्य यूजर ने लिखा कि जॉन ने कुछ नहीं खाया। अभिनेता जॉन अब्राहम के काम की बात करें तो जॉन ने हाल ही में डिप्लोमैट में नजर आए थे। शिवम नायर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में औसत प्रदर्शन किया था। यह फिल्म एक सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म में जॉन ने भारतीय राजदूत जेपी सिंह कि भूमिका निभाई है। इनके अलावा फिल्म में सादिया खतीब ने मुख्य भूमिका निभाई है।

## राशा थडानी के साथ दोस्ती पर बोलीं तमन्ना, 'मैं मतलब के लिए दोस्त नहीं बनाती



**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों एक नई फ्रेंडशिप के काफी चर्चे हो रहे हैं। हालांकि, कई लोगों को ये दोस्ती थोड़ी अजीब भी लग रही है। ये नई जोड़ी है अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की। इन दोनों ही एक्ट्रेस की दोस्ती पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बनी हुई है। हालांकि, दोनों ही अभिनेत्रियों के बीच उम्र का अच्छा-खासा फासला है। इसी को लेकर अक्सर ये सवाल भी उठता है कि आखिर ये दोनों दोस्त कैसे बने? अब इसी को लेकर तमन्ना ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और बताया है कि कैसे वो और राशा थडानी दोस्त बन गए। परमिट रूम पॉडकास्ट में बात करते हुए तमन्ना ने राशा के साथ अपनी दोस्ती की शुरूआत कहां से हुई और कब दोनों पहली बार मिले, इसको लेकर बात की। तमन्ना ने कहा, ÷मैं और राशा एक पार्टी में पहली बार मिले। इसके बाद हम दोनों साथ में डांस करने लगे। उसके बाद हम एक-दूसरे के संपर्क में आ गए। हम दोनों के बीच उम्र का पर्याप्त फासला है, लेकिन ये मायने नहीं रखता। क्योंकि यह लोगों के साथ उनके व्यक्तित्व के हिसाब से संबंध बनाने के बारे में है। जिससे आपकी बॉन्डिंग अच्छी बन जाती है, वो आपका दोस्त बन जाता है। तमन्ना ने आगे कहा, मैं उन लोगों के साथ दोस्ती करती हूं जिनके साथ मैं मजे कर सकूं, जिनका साथ मुझे अच्छा लगे और वो भी मेरे साथ ऐसा ही महसूस कर सकें। मैं किसी भी तरह के लाभ या मतलब के लिए किसी से दोस्ती नहीं करती हूं।

## एयरपोर्ट पर एक साथ दिखे रणवीर और दीपिका, आखिर क्या किया ऐसा कि नेटिजंस दे रहे प्रतिक्रियाएं?

**मुंबई।** हाल ही में रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण एयरपोर्ट पर दिखे, जिन्हें देख फैंस की खुशी का ठिकाना ना रहा। वायरल हो रहे वीडियो में दोनों के व्यवहार को देख नेटिजंस प्रतिकियाएं दे रहे हैं। आइए जानत हैं कि उन्होंने ऐसा क्या किया कि नेटिजंस दे रहे रिएक्शंस। आज सोमवार के दिन बॉलीवुड कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दोनों मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। वायरल हो रहे वीडियो में अभिनेत्री ने सफेद रंग की ओवरसाइज्ड टीशर्ट पहन रखी है, साथ ही गॉगल लगाए दिख रही हैं। वहीं अभिनेता ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कैप लगाया हुआ है और मास्क पहने भी दिख रहे हैं।

# द केरल स्टोरी के निर्देशक ने फिल्म चरक को लेकर किया बड़ा एलान, हासिल की ये उपलब्धि



**मुंबई।** फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन साल 2023 में आई फिल्म द केरल स्टोरी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने ऐलान किया है कि सिपिंग टी सिनेमाज बैनर तले बनी उनकी फिल्म चरक- फेयर ऑफ फेथ कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली है। यह फिल्म बतौर निर्माता उनकी पहली फिल्म है। चरक फिल्म यूरोपियन फिल्म मार्केट में इसी साल की शुरूआत में दिखाई गई थी। चरक फिल्म की कहानी आस्था और कर्मकांड की प्रथाओं के बीच के संबंध को दिखाती है। फिल्म की कहानी खास तौर से बंगाल के कुछ हिस्सों में मनाए जाने वाले चरक पूजा पर आधारित है। वराइटी ने सुदीप्तो सेन के हवाले से लिखा है चरक एक फिल्म से बढ़कर है। यह धार्मिक वजहों से लोगों की तरफ से की जाने वाली चीजों की परीक्षा है। इस कहानी के जरिए हमने यह बताने की कोशिश की है कि हमें उन परेशान करने वाले रीति-रिवाजों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिन्हें बिना किसी सवाल के लोग मान लेते हैं। मेरा मकसद उन रीति-रिवाजों पर प्रकाश डालना था, जो समाज के कुछ हिस्सों में अभी भी मौजूद हैं और अक्सर भक्ति की आड़ में छिपी रहती हैं।

सुदीप्तो सेन की द केरल स्टोरी साल 2023 में रिलीज होते ही सुर्खियों में आ गई थी। फिल्म काफी विवादों में रही थी। इसने देश के राजनीतिक वर्गों को विभाजित कर दिया था। कुछ लोगों ने फिल्म पर पाबंदी की मांग की थी, तो कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अछी कामयाबी हासिल की थी। फिल्म ने लगभग 35 मिलियन डॉलर की कमाई की थी। सिपिंग टी सिनेमाज की आगामी फिल्मों में 2001 की क्लासिक फिल्म चांदनी बार का सीक्वल, बसेरा, प्रसिद्ध कर्नाटक गायिका एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक द एटथ नोट और भारत की वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर केंद्रित पीपुल्स प्रेसिडेंट शामिल हैं।

## अनुपम खेर निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट का पहला लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही अनुपम खेर ने फिल्म से जुड़ी खास बात भी बताई हैं। आज (7 अप्रैल) को अनुपम खेर ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तन्वी द ग्रेट का पहला लुक जारी कर दिया है, लेकिन अफसोस की इसके पहले लुक में अभिनेत्री का चेहरी नहीं दिखाया गया है। लेकिन क्या आपको पता है कि इस फिल्म को बनाने का फैसला अनुपम ने चार पहले ही ले लिया था। अनुपम खेन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म तन्वी द ग्रेट का पहला लुक जारी किया और लिखा, मैंने तन्वी द ग्रेट फिल्म बनाने का फैसला आज से लगभग चार साल पहले लिया था और फिर चार साल लगे इसे लिखकर बनाने में। अब मेरे इस 'दिल के टुकड़े' को आप सबके साथ शेयर करने का वक्त आ गया है। पर धीरे धीरे। और बहुत प्यार के साथ। आगे अनुपम ने लिखा, क्या यह एक्स्ट्राऑर्डिनरी है, क्या यह यूनीक है, क्या इसके पास कोई सुपर पावर हैं... हमें नहीं पता... हमें जो पता है कि तन्वी अलग है लेकिन कम नहीं। जल्द ही आएगी... एएनआई को दिए एक इंटरव्यू के दौरान अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट को लेकर कहा, मैं किसी स्टूडियो के पास पैसे लेने नहीं गया, मैंने फिल्म के लिए कोई फाइनेंसर नहीं ढूंढा। अनुपम खेर की फिल्म तन्वी द ग्रेट को अनुपम खेर स्टूडियोज के तहत बनाया जा रहा है।

# 11 साल की उम्र में 55 किलो वजन, वेट कम करने केलिए शुरू की बॉक्सिंग, हितेश ने लगा दी मेडलों की झड़ी




**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर के 20 साल के बॉक्सर हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 कि ग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। हितेश का बचपन में ज्यादा वजन होने की वजह से बॉक्सिंग शुरू की थी। 14 अक्टूबर 2014 को झज्जर के जिला स्टेडियम में वजन कम करने की मंशा से बॉक्सिंग रिंग में उतरे 11 वर्षीय बच्चे ने विश्व पटल पर देश और हरियाणा का नाम रोशन कर दिया है। झज्जर के गांव जहांगीरपुर निवासी 20 वर्षीय हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 कि ग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। 15 जनवरी 2022 को भारतीय नौसेना ज्वॉइन करने के बाद हितेश सर्विसेज की टीम के स्टार मुक्केबाज हैं। सेना में जाने से पहले हितेश के कोच रहे हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के पिता सत्यवान गुलिया पेशे से ठेकेदार हैं। हितेश अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटे हैं। 11 वर्ष की उम्र में हितेश का वजन 55 किग्रा से ज्यादा था। इसी को कम करने की मंशा से पिता ने हितेश को उनकी निगरानी में बॉक्सिंग के रिंग में उतारा था। वर्ष 2014 में महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम झज्जर में हितेश ने मुक्केबाजी में अपना भविष्य संवारने के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी।

कोच हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के रिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके माता-पिता को भी प्रोत्साहन मिला। हितेश स्कूल नेशनल चैंपियन और तीन बार स्टेट चैंपियन भी रहे। वर्ष 2022 में नौसेना में भर्ती होने के बाद ऑल इंडिया सर्विसेज प्रतियोगिता में भाग लेकर कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं व वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स में पदक जीते हैं।

# आराम से प्लीज...फिर से चोटिल मत कर देना, पोलार्ड ने बुमराह को गोद में उठाया तो मुंबई के फैंस डरे



**मुंबई।** प्रैक्टिस सेशन के दौरान बुमराह का जोरदारा स्वागत किया गया। मुंबई के गेंदबाजी कोच पोलार्ड ने इस दौरान बुमराह को गोद में उठा लिया। इससे फैंस डर गए। देखें वीडियो...

मुंबई इंडियंस की टीम के लिए आईपीएल 2025 अब तक कुछ खास नहीं रहा है। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। एमआई ने अब तक चार में से तीन मैच गंवाए हैं और अंक तालिका में आठवें स्थान पर मौजूद है। हालांकि, सोमवार को उनका सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से अपने घरेलू मैदान पर है और हार्दिक पांड्या की टीम चाहेगी कि चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जबरदस्त वापसी की जाए। मुंबई की टीम में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी हो चुकी है और वह आज का मैच खेलते दिखेंगे। हालांकि, प्रैक्टिस सेशन के दौरान एक ऐसी घटना घटी जिसने मुंबई के फैंस को डरा कर रख दिया था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर खूब मीम्स भी शेयर हो रहे हैं। दरअसल, प्रैक्टिस सेशन के दौरान बुमराह का जोरदारा स्वागत किया गया।

मुंबई के गेंदबाजी कोच पोलार्ड ने इस दौरान बुमराह को गोद में उठा लिया। इससे फैंस डर गए और वह सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। बुमराह ने प्रैक्टिस सेशन में भी हिस्सा लिया और सभी खिलाड़ियों से मिले-जुले।

उन्होंने रोहित शर्मा से बात की। साथ ही कप्तान हार्दिक पांड्या को गले भी लगाया। साथी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के साथ भी वह बातचीत करते दिखे। बुमराह ने यॉर्कर की भी प्रैक्टिस की और आरसीबी को उन्हें हल्के में न लेने की चेतावनी दी। वह मुख्य कोच महेला जयवर्धने के साथ गंभीर चर्चा करते भी नजर आए।

मुंबई और बेंगलुरु की टीमें अब तक 33 बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इस दौरान बेंगलुरु ने 14 और मुंबई ने 19 मैच जीते हैं। दोनों के बीच पिछला मुकाबला अप्रैल 2024 में खेला गया था, जिसे मुंबई ने सात विकेट से अपने नाम किया था। वानखेड़े में दोनों टीमें 11 बार भिड़ चुकी हैं।

इस दौरान मुंबई ने आठ मैच जीते हैं, जबकि बेंगलुरु को दो मैचों में जीत मिली है। बुमराह की वापसी से मुंबई की टीम और मजबूत हो चुकी है। उनकी वापसी के बाद यह टीम जीत की पटरी पर लौटने की कोशिश करेगी।

# कराटे वर्ल्ड कप रूस-2025 में बिहार की अनुष्का अभिषेक ने रचा इतिहास



**मुजफ्फरपुर।** अनुष्का की इस ऐतिहासिक जीत पर इंडिया जेन टू शीन कराटे फेडरेशन की सेंडाई शिल्पी सोनम ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि भारत की बेटियां आज विदेशी खेल मंचों पर भी परचम लहरा रही हैं। रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित कराटे वर्ल्ड कप-2025 में भारत की ओर से हिस्सा ले रहीं बिहार के मुजफ्फरपुर की 13 वर्षीय अनुष्का अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। मास्को के विमपेल स्टेडियम में चार से आठ अप्रैल तक चले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में अनुष्का ने अपनी प्रतिभा और साहस से सबका ध्यान खींचा। अनुष्का ने टूर्नामेंट में शुरुआत से ही शानदार खेल दिखाया। उन्होंने पहले ताजिकिस्तान, फिर उज्बेकिस्तान और इसके बाद अर्मेनिया की प्रतिभागियों को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उन्होंने मॉरिशस की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मेजबान देश रूस की खिलाड़ी से हुआ। फाइनल में अनुष्का ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में महज तीन अंकों से हार गईं और सिल्वर मेडल के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। इस प्रदर्शन ने भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर एक बार फिर रोशन कर दिया।

मुजफ्फरपुर की रहने वाली अनुष्का अभिषेक की सफलता की कहानी जितनी प्रेरणादायक है, उतनी ही संघर्षपूर्ण भी रही है। आमतौर पर इस उम्र में बच्चे केवल पढ़ाई पर ध्यान देते हैं, लेकिन अनुष्का के माता-पिता ने उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति भी प्रोत्साहित किया। उनकी मेहनत और परिवार के सहयोग ने आज उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम दिलाया। अनुष्का अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव को देती हैं, जिन्होंने हर कदम पर उन्हें मार्गदर्शन और समर्थन दिया। राहुल श्रीवास्तव पहले भी अनुष्का को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

कराटे वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव को भी विशेष सम्मान मिला। उन्हें वर्ल्ड फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट नारेक मनुक्यान ने 'बेस्ट कोच अवॉर्ड' से सम्मानित किया। यह न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। इसके साथ ही रास वर्ल्ड जल्द ही कजाकिस्तान और अर्मेनिया में अपनी शाखाएं स्थापित करेगा। यह प्रस्ताव भारत की ओर से वर्ल्ड बॉडी की जनरल एसेंबली में रखा गया था, जिसे अब स्वीकृति मिल चुकी है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देना है।

अनुष्का की इस ऐतिहासिक जीत पर इंडिया जेन टू शीन कराटे फेडरेशन की सेंडाई शिल्पी सोनम ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि भारत की बेटियां आज विदेशी खेल मंचों पर भी परचम लहरा रही हैं। अनुष्का की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल है।

# लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे जोकोविच, वॉ-बोरिस बेकर भी रहेंगे मौजूद

**मैड्रिड।** महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, लॉरेस विश्व



खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है। महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलावा महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

# बारिश के बीच आधी रात नेविगेशन एप ने दिया धोखा; जंगल में फंसे पांच लोग



**मलप्पुरम।** भारी बारिश के बीच पांच लोगों को नेविगेशन एप का सहारा लेना महंगा पड़ गया। उन्होंने नेविगेशन एप के दिशा-निर्देशों का पालन किया और घने जंगल में पहुंच गए। यहां उनकी मदद करने वाला भी कोई नहीं था। काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन और बचाव सेवा कर्मियों ने उन्हें बचाया।

नेविगेशन एप आम तौर पर यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आसान और सहज रास्ते अपनाने में मदद करता है। हालांकि, बीते दिनों में कई ऐसे भी सामने आए हैं, जहां इन एप्स ने लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी। ऐसा ही एक मामला केरल में सामने आया, जहां कार सवार पांच लोगों को एप की ओर से दिखाया गया रास्ता आधी रात को घने जंगल से होकर गुजरा। भारी बारिश के बीच रास्ता मुश्किल होता चला गया। आगे जाकर उनकी कीचड़ में फंस गई।

दरअसल, रविवार को उत्तरी केरल के नीलांबुर जिले में लोकप्रिय नेविगेशन एप का इस्तेमाल कर जंगल के रास्ते पर चल रहे कुछ लोग भारी बारिश के दौरान घने जंगल में फंस गए। पड़ोसी वायनाड जिले के कलपेट्टा के रहने वाले पांच लोग नीलांबुर में एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उन्हें अग्निशमन और बचाव सेवा कर्मियों ने बचाया। वे जंगल के रास्ते से पहले कभी नहीं गए थे, इसलिए वे नेविगेशन एप का इस्तेमाल कर रहे थे। अग्निशमन और बचाव अधिकारी ने बताया कि वास्तव में वे अपना रास्ता नहीं भूले थे। जंगल के बीच से एक रास्ता है, जो नीलांबुर में उनके गंतव्य तक जाता है। हालांकि, रात में जब वे जंगल में घुसे तो भारी बारिश हो रही थी और उनकी कार दलदली गड्ढों में से एक में फंस गई।

उन्होंने बताया कि यह एक ऐसा क्षेत्र था, जहां हाथी और सूअर सहित जंगली जानवर अक्सर आते रहते हैं। भयभीत यात्री किसी तरह स्थानीय अग्निशमन केंद्र से संपर्क करने में सफल रहे, जहां से कर्मियों की एक टीम तुरंत उन तक पहुंची। अधिकारी ने बताया कि कार गड्ढे में फंस गई और खराब हो गई।

## मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज को केरल उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज को केरल हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश की है। अब सरकार की मंजूरी का इंतजार है। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता में कॉलेजियम की बीते महीने दो बैठकें हुईं और तीसरी बैठक बीती 3 अप्रैल को हुई। इन बैठकों में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी को केरल उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश में दीवानी मामले को आपराधिक मामले में बदलने की आलोचना की। मामला नागरिक विवाद से जुड़ा है, जिसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत दर्ज किया, जो आपराधिक मामला बन गया।

# मतदान के दौरान वीवीपैट पर्चियों की 100% गिनती की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान वीवीपैट पर्चियों की 100 फीसदी हाथों से गिनती को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। इस दौरान शीर्ष अदालत ने कहा- हमें विवादित फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई अच्छा आधार नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका की सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें चुनाव आयोग को इलेक्ट्रॉनिक गिनती के अलावा वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों की 100 प्रतिशत हाथों से गिनती के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ इस मुद्दे पर दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 अगस्त, 2024 के फैसले के खिलाफ हंस राज जैन की याचिका पर विचार कर रही थी। सीजेआई ने हंस राज जैन की अपील को खारिज करते हुए कहा, हमें (दिल्ली उच्च न्यायालय के) विवादित फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई अच्छा आधार नहीं मिला। विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है%। सीजेआई ने आगे कहा कि उनके नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने पहले भी इसी तरह के मुद्दे उठाते हुए एक फैसला सुनाया था और इसे बार-बार नहीं उठाया जा सकता। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के डेटा का वीवीपीएटी रिकॉर्ड के साथ 100 प्रतिशत क्रॉस-सत्यापन करने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने तब कहा था कि ईवीएम सुरक्षित, सरल, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं। पिछले साल 12 अगस्त को दिल्ली उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसलों का हवाला दिया और जैन की याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद उसने अपने फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। हंस राज जैन ने चुनाव आयोग को भविष्य में वीवीपीएटी प्रणाली के उपयुक्त प्रोटोटाइप का उपयोग करने के निर्देश देने की मांग की, जिसमें प्रिंटर को खुला रखा जाता है और मुद्रित मतपत्र, जो कट जाता है और प्रिंटर से बाहर गिर जाता है, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले पीठासीन अधिकारी को देने से पहले मतदाता की तरफ सत्यापन के अधीन होता है। उन्होंने कहा कि नियंत्रण इकाई की तरफ से इलेक्ट्रॉनिक गिनती के अलावा वीवीपीएटी पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती होनी चाहिए।

## मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो की फ्लाइट में महिला की मौत, छत्रपति संभाजीनगर में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** वाराणसी इंडिगो के विमान की छत्रपति संभाजीनगर में आपात लैंडिंग करानी पड़ी। दरअसल, विमान में बीच हवा में एक महिला यात्री की तबीयत बिगड़ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ही आपात लैंडिंग का फैसला लिया गया। हालांकि, महिला की जान नहीं बचाई जा सकी। इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में सवार 89 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मुंबई-वाराणसी फ्लाइट ने रविवार रात चिकलथाना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की थी। अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की मूल निवासी सुशीला देवी मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं।

## एसएसबी खिलाड़ियों ने खेल जगत में रचा नया इतिहास




**नई दिल्ली।** महानिदेशक प्रसाद ने विजेता खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि एसएसबी के खिलाड़ी बल द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण और संसाधनों का पूरी निष्ठा से उपयोग कर रहे हैं। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जो भारत-नेपाल एवं भारत-भूटान सीमाओं की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहता है, अब खेलों के क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। बल के खिलाड़ियों ने हाल के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर, न केवल एसएसबी, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। एसएसबी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद ने उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जिन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित खेल आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन खेलों में सेपकटकरा विश्व कप, 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी चैंपियनशिप, 72वीं तैराकी एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता, 68वीं पुलिस ड्यूटी मीट तथा प्रथम पुलिस कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता प्रमुख हैं। सेपकटकरा विश्व कप 2025, जो 20 से 25 मार्च तक पटना में आयोजित हुआ, उसमें भारत ने 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 7 पदक हासिल किए। इस शानदार उपलब्धि में एसएसबी के 8 खिलाड़ियों (पुरुष 2, महिला 6) का अहम योगदान रहा है। इसके अलावा, 68वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में एसएसबी ने पहली बार कंप्यूटर अवेयरनेस इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। पिछले दिनों आयोजित हुए सम्मान समारोह में 38वें राष्ट्रीय खेल, 73वीं बी.एन. मुलिक स्मृति फुटबॉल चैम्पियनशिप, कॉम्बैट शूटिंग प्रतियोगिता और अखिल भारतीय घुड़सवारी चैम्पियनशिप 2025 के पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया गया था। महानिदेशक प्रसाद ने विजेता खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि एसएसबी के खिलाड़ी बल द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण और संसाधनों का पूरी निष्ठा से उपयोग कर रहे हैं। वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विजय का परचम लहरा रहे हैं। इस अवसर पर अपर महानिदेशक डॉ. अनुपमा निलेकर चंद्रा, महानिरीक्षक गणेश कुमार, सोमित जोशी, पारुल कुश जैन और वंदन सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बलों की ओपीएस सहित लंबित मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, प्रधानमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बलों के जवानों और उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जिला स्तर पर डिस्पेंसरी खोलने की मांग की गई। सेना की तर्ज पर सीएपीएफ में एक्स मैन का दर्जा देने और झंडा दिवस कोष की स्थापना करना, इसे भी मांग पत्र में शामिल किया गया है। अलॉइंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले रविवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्रीय बलों में ओपीएस बहाली सहित दूसरी लंबित पड़ी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार से आग्रह किया गया। एसोसिएशन की ओर से इस बाबत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन स्थल पर देश के लिए जान कुर्बान करने वाले जवानों के आश्रितों, वीरांगनाओं/वीर नारियों का सम्मान किया गया। शहीद हुए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की याद में दो मिनट का मौन रख कर उनकी शहादत को नमन किया गया। अलॉइंस के अध्यक्ष पूर्व एडीजी एचआर सिंह ने पुरानी पेंशन बहाली, अर्ध सैनिक झंडा दिवस कोष व राज्यों में अर्धसैनिक कल्याण बोर्डों की मांग दोहराई। पैरा मिलिट्री सर्विस पे और वन रैंक वन पेंशन देने के लिए प्रधानमंत्री से गुहार लगाई।

## गर्भवती महिला मौत मामले में खुलासा, अस्पताल ने अग्रिम भुगतान की मांग कर तोड़े नियम

**मुंबई।** गर्भवती महिला के मौत के मामले में आय दिन कई नए खुलासे हो रहे है। जहां अब जांच समिति ने खुलासा किया है कि अस्पताल प्रशासन ने अग्रिम भुगतान की मांग कर नियमों का उल्लंघन किया है। पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत के मामले में आए दिन नए खुलासे हो रहे है। इस मामले की जांच करने वाले समिति ने अस्पताल पर कई गंभीर आरोप लगाए है। इससे पहले मृतका की परिजनों ने भी अस्पताल पर आरोप लगाए थे। परिजनों के अनुसार अस्पताल प्रशासन ने 10 लाख रुपये लेने का बावजूद महिला को भर्ती नहीं किया और इलाज में देरी के कारण उसकी मौत हो गई थी।

मामले में जांच के दौरान समिति ने बताया कि धर्मार्थ अस्पतालों को आपातकालीन मामलों में अग्रिम भुगतान मांगने से रोका गया है, लेकिन दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल ने इस नियम का उल्लंघन किया। राज्य स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राधाकिशन पवार की अध्यक्षता वाली इस समिति ने सोमवार को पुणे पुलिस को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपातकालीन स्थिति में धर्मार्थ अस्पतालों को मरीज को तुरंत भर्ती करना चाहिए और उसे जरूरी इलाज देना चाहिए, लेकिन अस्पताल ने ऐसा नहीं किया। साथ ही रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अस्पताल ने यह दावा किया था कि महिला साढ़े पांच घंटे तक अस्पताल में रही, लेकिन वह बिना किसी जानकारी के वहां से चली गई। समिति ने कहा कि अस्पताल ने मरीज को %गोल्डन ऑवर्स% उपचार देने के नियम का पालन नहीं किया। इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए चैरिटी कमिश्नर से सिफारिश की गई है।

वहीं महाराष्ट्र महिला आयोग की प्रमुख रूपाली चाकनकर ने भी इस मामले पर बयान दिया।

# इस्राइल का गाजा में अस्पतालों के नजदीक हमला



**गाजा।** हमास के साथ बीते हफ्ते युद्धविराम बातचीत रुकने के बाद से इस्राइल द्वारा गाजा में हमले तेज कर दिए गए हैं। साथ ही इस्राइल ने गाजा में खाने, ईंधन और दवाइयों की सप्लाई भी रोक दी है।

इस्राइल ने रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि गाजा पर हवाई हमला किया। ये हमला अस्पतालों के नजदीक बने तंबुओं पर किया गया, जिसमें पत्रकार समेत दो लोगों की मौत हो गई। साथ ही इस हमले में नौ लोग घायल हुए हैं, जिनमें से छह पत्रकार बताए जा रहे हैं। वहीं इस्राइल के एक अन्य हमले में 15 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गाजा में खान यूनिस अस्पताल के पास सुबह करीब दो बजे हमला हुआ, जिससे वहां लगे टेंट में आग लग गई।

इस हमले में गाजा के एक स्थानीय टीवी चैनल के पत्रकार यूसुफ अल फाकवी समेत दो लोगों की मौत हो गई। इस हमले में छह अन्य पत्रकार घायल भी हुए। वहीं इस्राइली सेना ने कहा है कि उन्होंने हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। इस्राइल ने हमास पर आरोप लगाया है कि उसके आतंकी घनी आबादी के बीच रहते हैं, जिसकी वजह से आम नागरिकों की जान जाती है। इसके अलावा गाजा के दीर अल बलाह शहर के अल अक्सा अस्पताल के पास भी हमला हुआ, जिसमें तीन लोग घायल हुए। हमास के साथ बीते हफ्ते युद्धविराम बातचीत रुकने के बाद से इस्राइल द्वारा गाजा में हमले तेज कर दिए गए हैं। साथ ही इस्राइल ने गाजा में खाने, ईंधन और दवाइयों की सप्लाई भी रोक दी है। इस्राइल ने हमास द्वारा बचे हुए बंधकों की रिहाई न होने तक हमले जारी रखने की बात कही है। इस्राइल के हमलों में गाजा में 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इस्राइल का दावा है कि उसके हमलों में हमास के 20 हजार से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। हालांकि इस्राइल ने अपने दावे के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिया है। सोमवार को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी दौरे पर जा रहे हैं। जहां उनकी मुलाकात राष्ट्रपति ट्रंप से होगी। दोनों नेताओं के बीच गाजा को लेकर अहम बातचीत हो सकती है।

# कैसे ट्रंप के टैरिफ लगाने का फैसला एशिया पर डाल रहा ज्यादा असर



**अमेरिका।** ट्रंप के आयात शुल्क लगाने के फैसले का शेयर बाजारों पर इतना भीषण असर क्यों पड़ा है? कहां-कहां मार्केट में गिरावट देखी गई है? इसके अलावा यह असर अभी कितने दिन तक रह सकता है? इससे आम लोगों की जिंदगी पर किस तरह असर पड़ने की संभावना है? आइये जानते हैं...

भारत में सोमवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स पिछले बंद से 3000-4000 अंक नीचे रहा। वहीं, निफ्टी में भी करीब 1100 अंकों की गिरावट आई। बाजार विशेषज्ञों ने इस गिरावट के बारे में गुरुवार को ही चेतावनी जारी कर दी थी, जब ट्रंप ने दुनियाभर की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आयात होने वाले अहम उत्पादों पर आयात शुल्क लगा दिया था। हालांकि, इसका असल असर सोमवार से दिखना शुरू हुआ है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि जापान से लेकर चीन तक, एशिया में सभी शेयर बाजारों में भारी बिकवाली का दौर देखा गया है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर ट्रंप के आयात शुल्क लगाने के फैसले का शेयर बाजारों पर इतना भीषण असर क्यों पड़ा है? कहां-कहां मार्केट में गिरावट देखी गई है? इसके अलावा यह असर अभी कितने दिन तक रह सकता है? इससे आम लोगों की जिंदगी पर किस तरह असर पड़ने की संभावना है? आइये जानते हैं...

बीएसई का सेंसेक्स ने सुबह खुलने के बाद सीधा 3900 से ज्यादा अंकों का गोता लगाया। यह पिछले बंद से करीब 5.22 फीसदी की गिरावट थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान भारत के शेयर बाजार से निवेशकों का करीब 20 लाख करोड़ रुपया साफ हो गया। हालांकि, दोपहर आते-आते सेंसेक्स थोड़ा संभला और यह गिरावट 3200 अंकों के करीब आती दिखी। मार्केट विश्लेषकों ने पहले ही एलान किया था कि सोमवार का दिन ब्लैक मंडे हो सकता है। यानी इस दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है। हुआ भी कुछ ऐसा ही। दुनिया में सबसे पहले खुलने वाले पूर्व में स्थित देशों (एशिया) में शेयर बाजार के खुलने के साथ ही बड़ी गिरावट दर्ज की गई। आलम यह रहा कि चीन के शंघाई से लेकर जाान के टोक्यो और ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से लेकर दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार तक में जबरदस्त बिकवाली का दौर देखा गया। बाजार में इस दिन को ब्लडबाथ तक कहा गया है।

गौरतलब है कि एशिया के अधिकतर देश अहम उत्पादकों में रहे हैं। चीन से लेकर वियतनाम और भारत से लेकर बांग्लादेश तक की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा देश में निर्मित उत्पादों के निर्यात पर निर्भर है। एशिया के अधिकतर देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा मार्केट है। हालांकि, ट्रंप की तरफ से आयात शुल्क लगाने के फैसले से इन देशों के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है। दरअसल, अमेरिका जिन देशों से आयात करता रहा है, अब वहां के उत्पाद खरीदने के लिए अमेरिकी नागरिकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसकी वजह है बढ़े हुए आयात शुल्क, जो कि इनकी मूल कीमतों के ऊपर जुड़े हैं। ऐसे में एशिया के निर्यातक देशों पर टैरिफ का असर सबसे ज्यादा पड़ रहा है।

## चीजों को सही करने के लिए दवाई देनी पड़ती है, विरोध के बावजूद ट्रंप का पीछे हटने से इनकार

**वॉशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि मैंने यूरोपीय, एशियाई, पूरी दुनिया के कई नेताओं से बात की है, वे हमारे साथ समझौता करना चाहते हैं, लेकिन अब हम व्यापार घाटा नहीं सहेंगे और हमने ये बात उन्हें साफ बता दी है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने टैरिफ लगाने के फैसले को वापस लेने से साफ मना कर दिया है। गौरतलब है कि ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद दुनियाभर के बाजारों में अस्थिरता का माहौल है और देश में भी उनका विरोध शुरू हो गया है। हालांकि ट्रंप ने अपने फैसले से पीछे हटने से मना कर दिया है और कहा है कि कभी कभी चीजों को सही करने के लिए दवाई देने की जरूरत पड़ती है। अपने आधिकारिक विमान एयरफोर्स वन में मीडिया के साथ बातचीत में ट्रंप ने कहा कि वह नहीं चाहते कि दुनियाभर के बाजारों में गिरावट आए, लेकिन मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं।

# चीन से पेंसिल खरीदने के लिए तो खरबों डॉलर नहीं गंवाएंगे, ट्रंप का तीखा तंज



**वॉशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने हमारे व्यापार, नौकरियां और पैसे को दूसरे देशों में जाने दिया। वे मेक्सिको, कनाडा और कई चीन चले गए, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमारे साथ कई देशों ने गलत व्यवहार किया, लेकिन पूर्व की बेवकूफ सरकारें ऐसा होने देती रहीं।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमृताखास की वित्तीय वर्ष 2025-2026 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत अमृताखास को प्राप्त होने वाले 15वां वित्त (टाईड एवं अनटाइड फण्ड), पंचम राज्य वित्त, आर जी एस ए, मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तिय बर्ष 2025- 26 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलाकिंग कार्य/सीसी रोड (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का कायाकल्प/जन सेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालयों का कायाकल्प रिसोर्स रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य एस. एल. डब्लू. एम. योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों का मरम्मत। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रो का कायाकल्प, अन्नपुर्णा भवन निर्मण आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्मण लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कक्षों का कायाकल्प, नवनिर्माण हैण्डपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी. सी. रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टबिन क्रय, ठेली व ई - रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरंम्मत एवं नव निर्माण कार्य, ग्राम. पंचायत में फांगिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार, बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी ठेली, पी.पी. किट, मास्क संफाई किट कूड़ा दान फांगिंग मशीन, कैमरा फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय अमृताखास पर दिनांक 11.04.2025 को सुबह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक-15.04.2025 को 10.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय अमृताखास पर खोली जाएगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत अमृताखास,**
**विकास खण्ड बीसलपुर, जनपद-पीलीभीत**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत अमृताखास,**
**विकास खण्ड बीसलपुर, जनपद- पीलीभीत**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पडरी खमरिया, विकास खण्ड वरखेड़ा, पीलीभीत

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पडरी खमरिया की वित्तीय वर्ष 2025-2026 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत पडरी खमरिया को प्राप्त होने वाले 15वां वित्त (टाईड एवं अनटाइड फण्ड), पंचम राज्य वित्त, आर जी एस ए, मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तिय बर्ष 2025- 26 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलाकिंग कार्य/सीसी रोड (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) पंचायत भवन का कायाकल्प/जन सेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालयों का कायाकल्प रिसोर्स रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य एस. एल. डब्लू. एम. योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों का मरम्मत। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रो का कायाकल्प, अन्नपुर्णा भवन निर्मण आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्मण लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कक्षों का कायाकल्प, नवनिर्माण हैण्डपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी. सी. रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टबिन क्रय, ठेली व ई - रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरंम्मत एवं नव निर्माण कार्य, ग्राम. पंचायत में फांगिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार, बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी ठेली, पी.पी. किट, मास्क संफाई किट कूड़ा दान फांगिंग मशीन, कैमरा फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय पडरी खमरिया पर दिनांक 11.04.2025 को सुबह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक-15.04.2025 को 10.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पडरी खमरिया पर खोली जाएगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत पडरी खमरिया,**
**विकास खण्ड वरखेड़ा, जनपद-पीलीभीत**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत पडरी खमरिया,**
**विकास खण्ड वरखेड़ा, जनपद- पीलीभीत**

# सपा हर वर्ग को सम्मान देने का काम करती है : राम निहोर

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न मासिक बैठक में कांग्रेस छोड़कर विवेक सिंह पटेल अपने दर्जनों का कर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सोमवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग को सम्मान देने का काम करती है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा हर वर्ग की लड़ाई लड़ने का सदन तक काम कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि हम समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि हम लोग गांव गांव जाकर एक-एक वोटर लिस्ट का गहन अध्ययन करके छूटे हुए मतदाताओं का नाम बढ़ाने का काम करें और जो भी फर्जी मतदाता है उनका नाम कटवाने का काम करें। इसी से के साथ स्नातक एमएलसी एवं शिक्षक के एमएलसी के मतदाताओं का भी मतदाता सूची में नाम बढ़ाने का काम करें और राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर आगामी 8 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025 तक समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी एवं समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में स्वाभिमान सवमान समारोह आयोजित किया जाना है।

# निजी स्कूलों में खुलेआम अधिनियम का उल्लंघन

**स्कूलों में ही बेची जा रहीं हैं किताबे, टैक्स चोरी का भी संदेह**

हिफजुर्रहमान



**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा क्षेत्र के अधिकांश निजी स्कूलों में शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सामग्री–जैसे कॉपियाँ और किताबें–स्कूल परिसर में या कुछ विशेष दुकानों पर जबरन बेचे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन छात्रों को स्वतंत्र रूप से किताबें खरीदने की छूट नहीं देता, जिससे उन्हें न सिर्फ महंगी सामग्री खरीदनी पड़ रही है, बल्कि यह नियमों का भी सीधा उल्लंघन है।

उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालय (शुल्क का निर्धारण) अधिनियम 2018 के अनुसार, कोई भी निजी विद्यालय छात्रों या उनके अभिभावकों पर किसी विशेष स्थान या दुकान से शैक्षणिक सामग्री खरीदने का दबाव नहीं बना सकता। इसके बावजूद मौदहा के अधिकांश निजी स्कूलों में यह व्यवस्था अब आम हो चुकी है।

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल और दुकानदारों की मिलीभगत से अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। स्कूलों द्वारा दी गई किताबें बाजार में कहीं और मिलती नही है जो खुला सुबूत है कमीशनखोरी का जिन प्रकाशनों द्वारा अधिक कमीशन दिया जाता है स्कूल प्रबंधन उन्ही प्रकाशनों की किताबे सिलेक्ट कर महगें दामों पर या खुद बेच रहे हैं या किसी विशेष दुकान से बिचवा रहे है और हद तो यह है कि अभिभावकों को सूची तक नहीं दी जाती–बल्कि पूरा सेट सीधे स्कूल या तय दुकानों से खरीदने को मजबूर किया जाता है।

सबसे गंभीर बात यह है कि इन बुक स्टाल वालों द्वारा बिल की मांग करने पर रसीद तक नहीं दी जाती, जिससे स्पष्ट होता है कि न केवल नियमों की अनदेखी हो रही है, बल्कि सरकारी टैक्स की चोरी भी की जा रही है। इससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है और आम जनता को बिना हिसाब-किताब के लूटा जा रहा है।

इस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी अलोक सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन कॉल का उत्तर नहीं दिया। उनके प्रतिक्रिया न देने से अभिभावकों में यह आशंका बढ़ रही है कि शिक्षा विभाग इस गंभीर मामले को नजरअंदाज कर रहा है।

जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता से जब इस सम्बन्ध में बात की गयी तो उन्होंने बताया, ÷हमें ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि कुछ स्कूलों/कॉलेजों द्वारा अपने निर्धारित ठेकेदारों से ही सामग्री दिलवाने का दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे स्कूलों को नोटिस भेजा जाएगा।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷अभिभावक कहीं से भी कॉपी-किताबें लेने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि कोई कॉलेज उन्हें बाध्य कर रहा है तो हमें शिकायत दें, विभाग संबंधित विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई करेगा।÷

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दोषी स्कूलों और संबंधित दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही वाणिज्य कर विभाग से भी इस टैक्स चोरी की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है, ताकि शिक्षा व्यवस्था पारदर्शी बन सके और छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# नीलम कौशल को मिलेगा उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**राठ (हमीरपुर)।** शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय महारानी लक्ष्मीबाई (कक्षा 1 से 8) में कार्यरत शिक्षिका नीलम कौशल को आगामी 13 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान-2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें पारस एजुकेशनल सोसायटी (पंजीकृत), बरेली द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन में प्रदेशभर से चुने गए 51 नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर) ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 16 वर्षों से शिक्षा, साहित्य, खेल, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करती आ रही है। नीलम कौशल को इससे पहले राष्ट्र गौरव शिक्षक सम्मान-2025, आइकन अवार्ड-2025 और इंद्रप्रस्थ सम्मान-2025 जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। हाल ही में प्रकाशित पुस्तक मेरा शैक्षिक सफर में उनका एक लेख भी प्रकाशित हुआ है, जो उनके शिक्षकीय अनुभवों और समर्पण को दर्शाता है। शिक्षा जगत में नीलम कौशल की यह उपलब्धि हमीरपुर जनपद के लिए गौरव की बात है।

## बीना कों 100 टन क्षमता वाले 4 डंपरो की सौगात



**सोनभद्र/,शक्तिनगर।** रविवार को एनसीएल बीना खदान के एचईएमएम कार्यशाला में हत्या आधुनिक बीईएमएल पीएच 100 मॉडल डंपर का उद्घाटन बताओ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक राजकुमार सिंह ने किया। विधि विधान से पूजन अर्चन कर उत्पादन लक्ष्य के लिए कामना की। महाप्रबंधक ने कहा कि यह डंपर 100 टन क्षमता के साथ उच्च क्षमता वाली मशीनों से उत्पादकता बढ़ाने, परिचालन दक्षता में सुधार करने, टिकाऊ और सुरक्षित खनन मिशन का समर्थन करने की उम्मीद करते हैं।इस मौके पर अधिकारी /कर्मचार मौजूद रहे।

# एसएमजीआई के छात्रों ने सीखी फार्मा कम्पनी की बारीकियां



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के डिप्लोमा इन फार्मेसी (प्रथम वर्ष) के छात्रों ने टेवा फार्मास्यूटिकल्स, मालनपुर (भिंड, मध्य प्रदेश) का औद्योगिक भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण का आयोजन संस्थान के निदेशक डॉ.यू.एस.शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। भ्रमण के दौरान कंपनी के प्रोडक्शन मैनेजर प्रशान्त अवस्थी ने छात्रों को पी.पी.टी.के माध्यम से टेवा फार्मास्यूटिकल की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी के साथ उत्पादन तथा गुणवत्ता मानकों आदि की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसके उपरान्त छात्रों को कंपनी की विभिन्न महत्वपूर्ण वर्किंग यूनिट में भ्रमण भी कराया गया एवं छात्रों की जिज्ञासाओं के उत्तर भी दिए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा.यू.एस.शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण सभी छात्र छात्राओं के लिए हमेशा ही बेहद ज्ञानवर्धक होते है। संस्थान के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने इस औद्योगिक भ्रमण को संस्थान के छात्रों के लिए एक नए प्रेक्टिकल अनुभव का सशक्त माध्यम बताते हुए विशेष सहयोग के लिए प्लांट हेड विनय शर्मा, सीनियर मैनेजर कॉरपोरेट अफेयर सत्यप्रकाश पाण्डेय, प्रोडक्शन मैनेजर प्रशांत अवस्थी क्यू.सी.मैनेजर बी.शिवा कुमार की संपूर्ण टीम को धन्यवाद दिया। इस भ्रमण कार्यक्रम में छात्रों के साथ संस्थान के प्राध्यापको में सुबोध बाबू एवं सुश्री प्रियंका सक्सेना भी उपस्थित रही।

# हमीरपुर का पतारा बना सोलर मॉडल विलेज, जिले को मिली नई पहचान

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार की ÷पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना÷ के तहत हमीरपुर जनपद में सोलर मॉडल विलेज चयन 2025 हेतु आयोजित बैठक में विकास खण्ड कुरारा के राजस्व ग्राम पतारा को सोलर मॉडल विलेज के रूप में चुना गया है।

इस चयन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला विकास अधिकारी साधना दीक्षित, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव, तथा यूपीनेडा के परियोजना प्रभारी आर. बी. ओझा सहित संबंधित 21 ग्राम पंचायतों के खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

परियोजना प्रभारी ओझा ने बैठक में योजना की जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में एक सोलर मॉडल ग्राम के चयन हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत 5000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्रामों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। जिलास्तरीय समिति द्वारा ग्रामों में सोलर संयंत्रों की उपलब्धता, सोलर पम्प, स्ट्रीट लाइट, निजी नलकूप सोलराइजेशन आदि बिंदुओं के आधार पर तुलनात्मक मूल्यांकन किया गया।

सभी पहलुओं के गहन परीक्षण और प्रतियोगिता के आधार पर विकास खण्ड कुरारा के ग्राम पतारा को सर्वसम्मति से जनपद का सोलर मॉडल विलेज चुना गया। यह निर्णय ग्रामों के बीच स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

बैठक के अंत में परियोजना प्रभारी ने सभी अधिकारियों और प्रतिभागियों का आभार प्रकट करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की।

# संक्षिप्त समाचार

## मीट की दुकानों पर नगर निगम की कार्रवाई



**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम ने राम नवमी के दिन खुली मीट की दुकानों पर कड़ी कार्रवाई की है। निगम ने कुल 19,500 रुपये का जुर्माना वसूल किया है। प्रदेश सरकार ने 6 अप्रैल को आदेश जारी किया था। इसमें राम नवमी पर प्रयागराज में सभी मीट शॉप और स्लॉटर हाउस को बंद रखने के निर्देश थे। नवरात्रि में मंदिरों और धार्मिक स्थलों से 500 मीटर के दायरे में मांस बिक्री पर रोक थी। नगर निगम के पशु पालन अधिकारी विजय अमृत राज के अनुसार काटजू रोड की मछली मार्केट में तीन दुकानदारों पर 6,000 रुपये का चालान काटा गया। ,त ऑफिस क्षेत्र की तीन दुकानों पर 4,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इससे धार्मिक त्योहारों के दौरान शहर में स्वच्छता और सुरक्षा बनी रहेगी। वसूला गया जुर्माना नगर निगम के खाते में जमा करा दिया गया है।

## नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी करें आवेदन

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत के0पी0 इण्टरमीडिएट कालेज, निकट मेडिकल चौराहा, प्रयागराज में संचालित यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, नीट, एसएससी, यूपीएसएससी की नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, प्रयागराज में 07 अप्रैल से 07 मई तक पूर्वान्ह 10.00 से अपरान्ह 04.00 बजे तक प्राप्त कर शैक्षिक एवं अन्य वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये योजनान्तर्गत- कोर्स को-ऑर्डिनेटर हृदया नन्द यादव से सम्पर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 प्रज्ञा पाण्डेय ने दी है।

## उलमा व मशाइख बोर्ड का चौथा शादी सम्मेलन 18 को



**इटावा।** ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के तत्वावधान में चौथा शादी सम्मेलन आगामी 18 अप्रैल दिन जुमे को दोपहर 12 बजे इटावा गार्डन पक्का बाग पर आयोजित होगा। ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शादी सम्मेलन सैयद मोहम्मद अशरफ अशरफी किछोछा शरीफ की अध्यक्षता में होगा। यूनिट के प्रवक्ता हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती ने बताया कि इस बार 9 जोड़ों की शादी कराई जाएगी। वार्ता के दौरान यूनिट के प्रदेश सचिव अब्दुल हमीद अशरफी, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के शहर अध्यक्ष साजिद अली अशरफी, यूनिट के नगर अध्यक्ष भरथना बिलाल मुसानी, शेख मु.नबाब, मुमताज पूर्व खजान्ची, काजी नुरूल हसन कोषाध्यक्ष, साजिद हुसैन वारसी, सरपरस्त, इमरान खान, मु.समीर आदि मौजूद रहे।

## अब मदरसे के बच्चे भी बढ़ेंगे एनसीईआरटी पाठ्यक्रम : संजय मिश्रा



**बहराइच।** जनपद में उत्तर प्रदेश के द्वारा मान्यता प्राप्त और अनुदानित सभी मदरसों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू किया गया है जिसके क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अनुरूप मदरसों में भी कक्षा एक से एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है इसके लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बहराइच संजय मिश्र ने एक पत्र भी जारी करते हुए जनपद में संचालित सभी तीन सौ एक मान्यता प्राप्त मदरसों के प्रबंधकों सहित सभी जिम्मेदारों को यह स्पष्ट रूप से बताया गया है कि सरकार की मंशा अनुसार सभी को इस आदेश का पालन करते हुए इस पाठ्य क्रम को लागू करना होगा अन्यथा निरीक्षण के समय यदि यह पाया गया कि बेसिक शिक्षा परिषद के एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का अनुपालन नहीं किया जा रहा है तो किसी भी प्रकार की कोई सफाई या बहानेबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं संबंधित समस्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही संपादित की जाएगी जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदाई माने जाएंगे।

## सपा सांसद के गलत टिप्पणी पर मामला दर्ज करने को दिया पत्र



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना सोनभद्र द्वारा शनिवार को रामलीला ग्राउंड रावटसगंज में बैठक रखी गई जिसमें संगठन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि पूर्व में 21 मार्च को सपा सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा महाराणा संग्राम सिंह उर्फ महाराणा सांगा के खिलाफ संसद में गलत टिप्पणी करने पे उसके विरोध में रामजी लाल सुमन के खिलाफ प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं राज्यसभा नई दिल्ली को SDM सदर व थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय को शनिवार को ज्ञापन दे कर FIR करने, केश दर्ज कर कड़ी से कड़ी सजा की मांग की गई जिसमें विंध्याचल मंडल के मंडल अध्यक्ष मुन्ना सिंह , संतोष सिंह , गोपाल , परशुराम अखाड़े के आलोक चौबे पूर्व विधायक तीर्थराज मौजूद रहे राम नारायण सिंह,युवा अध्यक्ष विकाश सिंह, संतोष सिंह , संतोष सिंह अध्यक्ष, प्रमोद सिंह, रोहित सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश सिंह, संतोष कुमार पांडेय, राहुल सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह, अमित सिंह, सुजीत सिंह, विशाल सिंह, शिवराम सिंह, विपुल कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# गाजी मिया के दरगाह की बढ़ाई गई सुरक्षा

**कल कुछ लोगों ने छत पर चढ़कर लहराया था झंडा**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सिकंदरा स्थित गाजी मियां की दरगाह पर भगवा झंडा लहराने से उपजे विवाद के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। हालांकि माहौल शांतिपूर्ण है। मामले को लेकर अभी तक किसी भी पक्ष के द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। न ही कोई रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस अपने स्तर से प्रसारित वीडियो के माध्यम से उपद्रवियों को चिन्हित कर रही है। सोमवार को यह चर्चा रही की दरगाह पर नियमित रूप से दर्शन पूजन करने जाने वाले कुछ अनुयाइयों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञात हो कि सिकंदरा स्थित सालार मसूद गाजी मियां की दरगाह पर महाराजा सुहेलदेव सुरक्षा सम्मान मंच के कार्यकर्ताओं ने रविवार को भगवा झंडा फहरा दिया था। परिसर में काफी देर तक विरोध प्रदर्शन कर दरगाह को हटाने की मांग की। इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब प्रदर्शनकारी जा चुके थे।

बहरिया ब्लॉक के सिकंदरा कस्बा स्थित गाजी मियां की दरगाह पर प्रत्येक रविवार और बुधवार को रौजा मेला लगता है, जिसमें हिंदू और मुसलमान पहुंचते हैं। विवाद 23 मार्च को शुरू हुआ, जब दरगाह पर रौजा मेला कमेटी के अध्यक्ष सफदर जावेद की ओर से पुलिस ने ताला लगवा दिया था। हालांकि, शाम को जावेद ने बयान जारी किया कि मरम्मत कार्य की वजह से ताला लगाया गया है। दूसरे दिन ताला खोल दिया गया लेकिन सन्नाटा रहा। इसके बाद कुछ लोग पहुंचते रहे। लेकिन 30 मार्च को मेले वाले दिन फिर बैरिकेडिंग कर दी गई। पुलिसकर्मी तैनात रही और मेला नहीं लगा। रविवार को महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच के कार्यकर्ता मानेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में भगवा झंडा लेकर दरगाह पर पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ कार्यकर्ता दरगाह के मुख्य द्वार के गुंबद पर चढ़कर झंडा लहराने लगे। इससे अफरातफरी मच गई। प्रदर्शन के दौरान वहां कोई सुरक्षाकर्मी नजर नहीं आया। न ही स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। प्रदर्शन का वीडियो वायरल होने पर एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया, थाना अध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। कस्बे में फ्लैग मार्च किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

## पानी की समस्याओं पर तत्काल निस्तारण को आदेश : विजय कुमार

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4. नगर पंचायत घोरावल में 3, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 1, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 1, नगर पंचायत पिपरी में 4, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बाजार में 2, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है।

# सीबीएसई विद्यालयों के प्रबंधकों की हुई बैठक

**बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मन मानेपन का मुद्दा उठा**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सभी सीबीएसई विद्यालयों की सम्मिलित एसोसिएशन इटावा सीबीएसई स्कूल एसोसिएशन की एक एग्जीक्यूटिव बैठक विवेक यादव की अध्यक्षता में नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में संपन्न हुई जिसका संचालन प्रदीप पांडे द्वारा किया गया। उक्त बैठक में गुणवत्ता परक शिक्षा में सभी विद्यालयों की एकरूपता लाकर इटावा के बच्चों को शिक्षा दिलाने पर चर्चा करके निर्णय लिए गए। साथ ही सरकार द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने हेतु चलाई जा रही योजना निशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (एक )के तहत सरकार की मनसा द्वारा बनाई गई नियमावली को अनदेखी कर अपने स्वार्थसिद्ध के तहत अपात्रों को लाभ देने की नियत से सूचियां भेजी जा रही हैं जबकि इस संबंध में एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष बैठकर चर्चा करके पूर्व में भेजी गई सूची में नियम विरुद्धता सिद्ध की गई थी उन्होंने आगे से नियमावली के तहत ही सूची जारी करने के निर्देश अपने अधीनस्थों को दिए थे परंतु पुनःजब इस वर्ष बेसिक शिक्षा विभाग से सूचियां प्रवेश हेतु विद्यालयों को प्राप्त हुई उसमें उसी प्रकार की खामियां और मन मानापन गया। उक्त संबंध में बैठक में चर्चा और निर्णय लिए गए। बैठक में शिव प्रसाद यादव, शिव किशोर दुबे, सतीश यादव, अतिवीर सिंह, डॉ के के सक्सेना, कैलाश यादव, पप्पन जी, मनोज कुमार, नितिन पोरवाल, शेखर त्रिपाठी, अवधेश कुमार दुबे, फादर रोशन ओवैस, कौशल किशोर आदि सभी विद्यालयों के प्रबंधक उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किए।

# परशुराम मूर्ति स्थापना हेतु भूमि पूजन संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सदर तहसील क्षेत्र में भगवान परशुराम की आदमकद प्रतिमा की स्थापना के लिए शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन संपन्न हो गया। तरवां( श्रीरामपुरी ) , बड़का गांव में मूर्ति स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है , यह जानकारी भगवान परशुराम न्यास के प्रवक्ता और कार्यक्रम संयोजक मंडल के सदस्य श्रीकांत दुबे ने बताया। काशी के विद्वान पंडितों द्वारा निर्धारित मुहूर्त के अनुसार प्रातः 9 बजे धार्मिक और शास्त्रीय विधि से भूमिपूजन संपन्न हुआ। प्रवक्ता ने बताया कि जयपुर के कई कारीगर मूर्ति निर्माण में व्यस्त हैं जिसे 25 अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाएगा, सफेद संगमरमर में निर्मित की जा रही इस मूर्ति के हाथ में धनुष और फरसा भी रहेगा। उन्होंने बताया कि विप्र समाज परशुराम जी को अपना पूर्वज और आदर्श भी मानता है, जनपद सोनभद्र में विप्र समाज की एकता, परस्पर समन्वय और कल्याण की सोच के साथ सर्व समाज के कल्याण की भावना के साथ एक ट्रस्ट का भी निर्माण किया जा रहा है, जिले के विप्र समाज के सौ प्रमुख व्यक्ति मिलकर न्यास के प्रबंधन की जिम्मेदारी युवा वर्ग को सौंपेंगे।

# परिसर में एक प्राध्यापक एवं दो सह प्राध्यापक नियुक्ति किये जा चुके है : डॉ. एन.के. शर्मा

वहाज अली निहाल



**इटावा।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, मत्स्य महाविद्यालय एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा.एन.के.शर्मा ने सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेन्स में कहा कि परिसर के महाविद्यालयों को आगे बढ़ाने के लिए किये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुये अवगत कराया कि किसी भी संस्थान का विकास उसके मुखिया पर निर्भर करता है।

इसी कड़ी में उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति डा.आनन्द कुमार सिंह के विस्तृत दृष्टिकोण के क्रम में उनके अथक प्रयास से रिक्त पदों पर नये शिक्षकों की नियुक्ति करने का कार्य किया जा रहा है जिसमें इटावा परिसर में एक प्राध्यापक एवं दो सह प्राध्यापक नियुक्ति किये जा सके है साथ ही 08 प्राध्यापक, 14 सह प्राध्यापक एवं 13 सहायक प्राध्यापक के लिए पद विज्ञापित किये गये है। इसके साथ ही वर्ष 2023 में छात्रों की संख्या 77 थी जो कि 2024 में 115 हो गयी है। महाविद्यालय द्वारा प्रतिष्ठित आइ.सी.ए. आर. संस्थान के साथ पहली बार समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित कर स्टूडेन्ट रेडी कार्यक्रम के अनुसार सीआइएफए, सीआईवीए, सीआईएफ में छात्रों ने अपना इन प्लान्ट प्रशिक्षण पूर्ण किया। विश्वविद्यालय ने अपनी मान्यता में सुधार के लिये बायोलीग, आईएफईआरपी और आईएससीए के साथ दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और भारत में वर्चुअल और फिजिकल मोड में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। छात्रों के हितो को ध्यान में रखते हुये छात्र उद्योग सम्पर्क कार्यक्रम में ग्रोवेल फीड प्राइवेट लिमिटेड ने छात्रों के औद्योगिक कौशल में सुधार के लिए उनके साथ दौरा किया साथ ही अन्तिम वर्ष के छात्रों के लिये ग्रामीण मत्स्य पालन कार्य के तहत मोतीझील तालाब के सौन्द्रीयकरण के लिये नगर पालिका इटावा को प्रस्ताव भेजा गया एवं छात्रों द्वारा चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित कृषि प्रदर्शनी में मत्स्य महाविद्यालय ने प्रथम स्थान एवं कृषि इंजी.कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संकाय एवं छात्रों के प्रदर्शन के लिये कम्प्यूटर विज्ञान एवं खाद्य एवं प्रक्रिया इंजी.विभाग द्वारा दो वेबीनार का आयोजन किया गया। छात्रों के प्लेटमेन्ट प्रक्रिया बढ़ाने के अन्तर्गत गेट परीक्षा में कृषि इंजी.की छात्रा वर्तिका सचान ने AIR-40, अंकित कुमार ने AIR--41, सुयेष तिवारी ने AIR-58 सहित 05 छात्र की परीक्षा में चयनित हुये एवं 01 छात्र ऋषि सचान को पर्ड्यू यूनिवर्सिटी, अमेरिका खुराना प्रोग्राम फॉर स्कॉलर्स-2025 के तहत प्रो.किंगस्ली एम्ब्रोस के निर्देशन में इर्न्टनशिप प्राप्त हुई है। साथ ही दो छात्रों को वीएसटी ट्रैक्टर लि.एवं एक छात्र को बानस डेयरी में प्लेसमेन्ट कराया गया है।

# सीएम ने 13 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

■ एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है भारत: योगी

**गोरखपुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है क्योंकि हमारी विकास दर किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक मजबूत है। गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 91 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 13 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में खुद को उभरते देखा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''आज का समय प्रतिस्पर्धा का समय है। आपने देखा होगा कि कभी भारत ने शिक्षा और तकनीक में दुनिया का मार्गदर्शन किया था। हम विश्व गुरु भी कहलाए।'' उन्होंने कहा कि 10वीं शताब्दी तक दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में भारत का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक था। उन्होंने कहा,



''1600 के दशक तक भी वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक थी। यह स्थिति तब थी जब भारत काफी नुकसान झेल चुका था।''मुख्यमंत्री ने कहा कि औपनिवेशिक शोषण ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा, ÷अंग्रेजों ने भारत के संसाधनों को लूटा, देश को कच्चे माल का केंद्र बना दिया और व्यवस्थित रूप से हमारे आर्थिक आधार को नष्ट कर दिया।÷ आजादी के बाद से भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 तक भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, लेकिन वहां पहुंचने में इसे 65 से 70 साल लग गए। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷पिछले दस सालों में भारत हर क्षेत्र में नए आयाम पर पहुंचा है। देश में एक नयी ऊर्जा, एक नया उत्साह है।'' उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले दो सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने कहा, ÷भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है क्योंकि आज हमारी विकास दर किसी भी अन्य देश की तुलना में मजबूत है। हर क्षेत्र में भारत एक नयी पहचान बना रहा है।

नेतृत्व के प्रभाव को रेखांकित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''देश, संसाधन, व्यवस्था- सब पहले एक जैसे थे। लेकिन पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के साथ, एक बदला हुआ भारत अब नयी ऊंचाइयां छू रहा है जिसे दुनिया उत्सुकता से देख रही है।

## राकेश सचान ने 90 दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा की

**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को निर्यात भवन सभागार, लखनऊ में एमएसएमई विभाग की 90 दिनों की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृष्टि के अनुरूप विभागीय योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने जोर दिया कि लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ प्राप्ति में किसी भी तरह की बाधा न आए, इसके लिए व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया जाए।

समीक्षा के दौरान मंत्री सचान ने प्रमुख योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने के लिए बैंकों, शैक्षिक संस्थानों और स्टेकहोल्डर्स के साथ सघन समन्वय स्थापित किया जाए।

# मंत्री धर्मपाल सिंह ने तरल दूध की बिक्री में कमी पर सख्त चेतावनी दी

■ हर सप्ताह दुग्ध संघों के कामों की मुख्यालय पर समीक्षा की जाए

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आजमगढ़, चित्रकूट, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर और गोरखपुर के दुग्ध संघों के महाप्रबंधकों को तरल दूध की बिक्री में कमी पर सख्त चेतावनी देते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने झांसी के महाप्रबंधक को डेयरी प्लाण्ट के कामों में नियमानुसार बजट खर्च न करने पर कार्रवाई करने, अप्रैल का वेतन रोकने और चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि हर सप्ताह दुग्ध संघों के कामों की मुख्यालय पर समीक्षा की जाए। पराग के लाभ में न आने और नुकसान होते रहने पर पीसीडीएफ के अधिकारी और दुग्ध संघों के महाप्रबंधक इसका नुकसान वहन करेंगे और पूरी तरह जिम्मेदार



होंगे। दुग्ध विकास मंत्री ने सोमवार को पीसीडीएफ सभागार में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी 19 दुग्ध महासंघों के दुग्ध महाप्रबंधकों से उनके कामां की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि गर्मी को देखते हुए पराग के दूध, दही, छाछ, आइस्क्रमी आदि उत्पादों में कोई कमी न हो। पराग के उत्पादों की गुणवत्ता में कोई समझौता न करें। प्रदेश में पराग की स्वादिष्ट आइस्क्रीम के लिए रिटेल आउटलेट्स खोले और सभी तरह की पैकेजिंग और फ्लेवर की आइस्क्रीम पराग बनाए। दिव्यांगजनों को आइस्क्रीम बेचने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ें। सभी दुग्ध महाप्रबंधक मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दें और एक्शन प्लान बना कर काम करें। हर जनपद के हर वार्ड में पराग बूथ स्थापित किये जाएं और कामर्शियल मोड में इनका संचालन कराएं। पराग बूथों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए महाप्रबंध जिम्मेदार होंगे। महाप्रबंधक दुग्ध संघों के फायदे-नुकसान पर विचार करते हुए काम करें और खर्चे कम करने के विशेष प्रयास करें। पराग दुग्ध उपार्जन और तरल दुग्ध विक्रस में वृद्धि करें। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक ने मंत्री को आश्वस्त किया कि सभी दुग्ध संघ दिशा-निर्देशों के अनुरूप काम करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को दुग्ध समितियों और पराग बूथों की संख्या बढ़ाने और पराग उत्पादों को ऑनलाइन डिलीवरी कम्पनियों के जरिए वृहद रूप से जनता के बीच पहुंचाने के लिए सुदृढ़ कार्ययोजना बना कर उसके क्रियान्वयन के निर्देश दिये।

## टाटा मोटर्स लिमिटेड का कैम्पस ड्राइव 09 अप्रैल को

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 09 अप्रैल को टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ द्वारा एक दिवसीय कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अप्रेन्टिसशिप एवं अस्थाई कामगार पदों पर कुल 1000 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। यह कैम्पस ड्राइव दिन बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से संस्थान परिसर में प्रारंभ होगा। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि इस रोजगार मेले में महिला एवं पुरुष दोनों ही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह अवसर आई.टी.आई. उत्तीर्ण युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका है, जिसमें सीधे उद्योग से जुड़ने और अपना भविष्य सुरक्षित करने का अवसर प्राप्त होगा। संस्थान के ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि टाटा मोटर्स लिमिटेड द्वारा अप्रेन्टिसशिप के साथ-साथ अस्थाई कामगार के रूप में कार्य करने के लिए चयन किया जाएगा।

# न्यायपालिका में सामाजिक संतुलन नहीं होगा तो मनुवादी व्यवस्था लागू हो जाएगी

■ सामान्य वर्ग की आबादी 15 प्रतिशत है लेकिन जजों की नियुक्ति में उन्हें 77 प्रतिशत हिस्सेदारी दी गयी: शाहनवाज़

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने अपने एक बयान में कहा कि न्यायपालिका में सामाजिक संतुलन नहीं होगा तो मनुवादी व्यवस्था लागू हो जाएगी। भारतीय जनता पार्टी इसी मनुवादी व्यवस्था को लागू करना चाहती है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति में पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की कम संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन वर्गों की कम संख्या ने देश की न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को बहुजनों की नजर में संदिग्ध बना दिया है। आलम ने कहा कि कानून और न्याय मंत्री



अर्जुन राम मेघवाल ने संसद में स्वीकार किया कि वर्ष 2018 से अब तक उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में हुई 715 नियुक्तियों में 551 सवर्ण हैं जो कुल नियुक्ति का अकेले 77 प्रतिशत है। इसी तरह दलित वर्ग के 3 प्रतिशत यानि 22, आदिवासी समाज के 2 प्रतिशत यानि 16, पिछड़े समाज के 12 प्रतिशत यानि 89 और अल्पसंख्यक वर्ग के कुल 5 प्रतिशत यानि 37 लोगों को ही कॉलेजियम ने जज के पद पर नियुक्ति दी। आलम ने कहा कि सामान्य वर्ग की कुल आबादी 15 प्रतिशत है लेकिन जजों की नियुक्ति में उन्हें 77 प्रतिशत हिस्सेदारी दी गयी, वहीं जिन बहुजनों की आबादी 85 प्रतिशत है उन्हें 23 प्रतिशत में समेट दिया गया। इन आंकड़ों ने साबित कर दिया है कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासियों को मोदी सरकार में न्याय क्यों नहीं मिल रहा है। बिल्कीस बानो के बलात्कारियों को न्यायालय क्यों छोड़ देता है, राम मनोहर नारायण मिश्रा महिलाओं के बलात्कार को अपराध क्यों नहीं मानते या जज बीच-बीच में आरक्षण समीक्षा की बात क्यों करते हैं। आलम ने अपने बयान में कहा कि मनुवादी व्यवस्था में न्याय करने का अधिकार सिर्फ सवर्णों को था। शूद्र, अवर्ण, आदिवासियों को न्यायिक प्रक्रिया से बाहर रखा जाता था। भाजपा कॉलेजियम के जरिए फिर से वही मनुवादी व्यवस्था थोपना चाहती है। आलम ने कहा कि अगर लोकतंत्र को बचाना है तो भाजपा को सत्ता से हटाना होगा।

# कौशल विकास से जुड़े नए अवसरों के द्वार प्रदेश के युवाओं के लिए खुले

■ ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के लिए आईटीआई अलीगंज और टाटा मोटर्स के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

■ 13 व्यवसायों में मिलेगा प्रशिक्षण, मिलेगा स्टाइपेंड, फ्री कैंटीन और बस सुविधा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार युवाओं को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने के लिए ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (कैज) योजना को प्रभावी रूप से लागू कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को लखनऊ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज और टाटा मोटर्स के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता न केवल युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें औद्योगिक वातावरण में कार्य का व्यावहारिक अनुभव भी देगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को ?8500 प्रतिमाह स्टाइपेंड, फ्री कैंटीन और बस सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के तहत 13 व्यवसायों फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रिक पावर डिस्ट्रिब्यूशन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, वेल्डर, एमएमवी, मैकेनिक डीजल, ट्रैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, कोपा, पेंटर जनरल और वायरमैन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों को 03 से 06 माह और दो वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 06 माह से 01 वर्ष तक का औद्योगिक प्रशिक्षण टाटा मोटर्स में दिया जाएगा।

## आरडीएसओ अस्पताल में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस



**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल में स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों और आम जनता को प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल के साथ-साथ गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर, डीएमओ, डॉ. उर्वशी यादव ने स्वस्थ शुरुआत के लिए गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल के महत्व पर जोर दिया। पीसीएमओ, डॉ. कमल किशोर ने भी लोगों को सहज प्रसव और नवजात शिशुओं की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के बारे में शिक्षित किया। कार्यक्रम में आरडीएसओ अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों और अधिकारियों सहित उल्लेखनीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# 19 अप्रैल से प्रारम्भ होगा सांसद खेल स्पर्धा

■ ज़ोन स्तर पर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जिलाधिकारी, लखनऊ विशाख जी0 के अध्यक्षता में आज सासद खेल स्पर्धा के तैयारियों के सम्बन्ध में एक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी, उन्होंने बताया कि सांसद खेल महाकुम्भ का आयोजन दिनांक 19 अप्रैल, 2025 से 22 अप्रैल, 2025 तक के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में होगा। यह प्रातः 09:30 बजे से प्रारम्भ होकर 11:00 बजे तक समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस खेल महाकुम्भ में जनपद लखनऊ के नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले 08 जोन के स्कूल एवं कॉलेज के छात्र/छात्राएं अपने जोन से पृथक-पृथक प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक जोन के अन्तर्गत आने वाले स्कूल एवं कॉलेज में अन्तर्जोनल प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। प्रत्येक जोन की प्रतियोगिता की विजयी टीम/प्रतिभागी जनपद स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने



बताया कि आयोजित होने वाली 08 जोन स्तरीय प्रतियोगिता स्थल का निर्धारण जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उसी जोन के उसी विद्यालय/कॉलेज में किया जाएगा। इण्टर कॉलेज के पी0टी0आई0, प्राइवेट कॉलेज के स्पोर्ट्स टीचर, बेसिक शिक्षा विभाग के खेल अनुदेशक एवं खेल विभाग के कोच तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि खेल स्पर्धा आयोजन स्थल पर पेयजल, वाटर शेड एवं अन्य समुचित सुविधायें समय से सुनिश्चित कर ली जाये। यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि खेल में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग एवं यातायात प्रबन्धन की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

# आई.वाई.सी. के मीडिया प्लान का विमोचन

■ सहकारी समितियों के एजीएम कैलेण्डर का विमोचन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र सहकारिता विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तत्वाधान में आयोजित एक मेगा इवेंट का आयोजन सहकारिता भवन स्थित पीसीयू सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर द्वारा बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेण्टों देकर स्वागत किया गया। इस महत्वपूर्ण मेगा इवेंट के अवसर पर पीसीयू के छठवें तल पर नवनिर्मित सहकारिता डाटा बेस सेन्टर का लोकार्पण माननीय मंत्री के कर कमलों से वर्चुअल रूप में किया गया तथा आई.वाई.सी. के मीडिया प्लान एवं सहकारी समितियों के एजीएम कैलेण्डर का विमोचन भी किया गया। इसी के साथ ही कार्यक्रम में यू.पी.एस.डब्ल्यू.सी. की ई-ऑफिस पर ऑनबोर्डिंग की गयी तथा यू.पी.एस.डब्ल्यू.सी. में सेवाकाल में मृत सेवकों के आश्रितों सविता बाजपेई, मंशा, सोनी श्रीवास्तव, सरिता बाजपेई, विभा सिंह, कुलदीप सिंह, देवेन्द्र कुमार, एवं ऋषभ तिवारी को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। सहकारिता मंत्री ने सहकारिता बेस डाटा सेंटर का उद्घाटन करते हुये कहा कि इस डाटा सेंटर का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं की डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा करना है और उनके डेटा का सुरक्षित प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी: मौर्य

■ हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान

■ जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाय, जवाबदेही

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अलीगढ़ जाने से पहले अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का



सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# 'सऊदी हुकूमत जिस रसूल का कलमा पढ़ती है उसकी बेटी की कब्र पर कोई साया नहीं'

■ जन्नतुल बकी में दुख्तरे रसूल और इमामों की मजारों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना स्थित जन्नतुल बकी में दुख्तरे रसूल और इमामों की मजारों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को मौलाना यासूब अब्बास के आह्वान पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से सऊदी अरब के नई दिल्ली स्थित दूतावास को खून से लिखा ज्ञापन भेजा गया, जिसमें पवित्र मजारों के पुनर्निर्माण की मांग की गयी है। शहीद स्मारक पर आयोजित प्रदर्शन में काले कपड़े पहने शामिल हुए प्रदर्शनकारी अपने हाथों में सऊदी हुकूमत होश में आओ, रौजों की तामीर करो, शाह सऊद बर्बाद, उसके साथी नाशाद, री-बिल्ड जन्नतुल बकी, सऊदी गर्वनमेण्ट शेम-शेम जैसे नारे लिखी तख्तियां लिए हुए थे। इससे पहले प्रदर्शन का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कलामे पाक से किया।





प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि आज से लगभग 102 साल पहले सऊदी अरब के शासक आले सऊद ने जन्नतुल बकी में रसूल के खानदान वालों और उनकी बेटी के रौजों को ध्वस्त कर दिया था। अफसोस की बात है कि सऊदी हुकूमत जिस रसूल का कलमा पढ़ती है उसकी बेटी की कब्र पर आज तक कोई साया नहीं है। उन्होंने मांग की कि या तो सऊदी हुकूमत जन्नतुल बकी में रौजों का निर्माण कराए या हमें इजाजत दे कि हम वहां मजारों का पुनर्निर्माण करें। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सऊदी हुकूमत पर दबाव बनाने की मांग की कि शिया समुदाय पर होने वाले अत्याचार को बन्द कराएं। मौलाना ने कहा कि इस्लाम किसी पर जोर-जबरदस्ती नहीं करता, लेकिन सऊदी हुकूमत मुसलमानों पर जबरदस्ती कर अपना दृष्टिकोण दूसरे मुसलमानों पर लादना चाहती है, जो इस्लाम के उपदेशों के खिलाफ है। वहीं बोर्ड अध्यक्ष मौलाना साएम मेहदी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। प्रदर्शन को मौलाना सदफ जौनपुरी, मौलाना कुमैल अब्बास, मौलाना इंतिजाम हैदर, हसन मेहदी झब्बू, मौलाना अनवर हुसैन रिजवी, मौलाना अली रिजवाना जैदपुरी, मौलाना जाफर अब्बास, मौलाना मीसम जैदी सहित अन्य ने भी सम्बोधित करते हुए जन्नतुल बकी में रौजों के पुनर्निर्माण की मांग की।

## सरकार गोवंश संरक्षण एवं पशु चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अलीगढ़ के हाजीपुर चौहट्टा में राधारमण गौसेवा समिति के सौजन्य से स्थापित कराए जाने वाले नवीन आवासीय गौवंश चिकित्सा केंद्र का विधिवत शिलान्यास किया। यह केंद्र गोवंशों के संरक्षण, चिकित्सा एवं देखरेख के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। उपमुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन के दौरान गौवंश चिकित्सा केंद्र को स्वेच्छा से 01 लाख रूपये की धनराशि दान देने की घोषणा करते हुए चिकित्सा केंद्र के लिए भूमि दान करने वाले परिवारों का आभार प्रकट किया। उन्होंने गौमाता के प्रतीक पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के उपरांत मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों, समिति सदस्यों ने पुरोहितगणों द्वारा किए जा रहे मंत्रोचार के साथ गौवंश चिकित्सा केंद्र की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मौर्य ने कहा कि सरकार गोवंश संरक्षण एवं पशु चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नवीन केंद्र के निर्माण से क्षेत्रीय पशुपालकों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं सुलभ होंगी।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

■ टीम A.B.S द्वारा एक प्रेरणादायक पहल 7 सहयोग-अपोलो हॉस्पिटल्स

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाज के महान चिंतक और मार्गदर्शक, डॉ. कल्बे सादिक साहब की याद में टीम A.B.S (Anti Breaking System of Life) द्वारा एक विशेष मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। टीम A.B.S डॉ. साहब को अपना रहबर मानती है और उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ इस शिविर की योजना बनाई गई। शिविर का आयोजन अपोलो हॉस्पिटल्स के सहयोग से हुआ, जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हरीश (MBBS, MD – इंटरनल मेडिसिन), डाइटीशियन निदा, फिजियोथेरेपिस्ट, और नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अनीता की उपस्थिति रही। शिविर की मुख्य सुविधाएं थीं: ECG की सुविधा, रक्त जांच- डॉ. लाल पैथ लैब्स के सहयोग से ओबेसिटी पर विशेष जागरूकता, सभी मरीजों को विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत सलाह कुल 358 लोगों की जांच की गई, जिसमें कई गंभीर स्वास्थ्य



समस्याएं सामने आईः- कैंसर के संभावित 2 केस, हृदय रोग-1, फेफड़ों की समस्या- 2. हड्डियों से संबंधित परेशानी, 2 डायबिटीज - 17, लिवर के 4 केस,मोतियाबिंद- 3, आँखों की दोबारा समस्या- 2, ओबेसिटी के 30 केस (एक महिला का वजन 105 किलोग्राम पाया गया)

इस अवसर पर वफ़ा अब्बास साहब की मुख्य उपस्थिति रही। उनके कर-कमलों से कैम्प में आए प्रतिभागियों को मोमेंटो भेंट किए गए। डॉ. नूरी साहब (डॉ. कल्बे सादिक साहब के सुपुत्र) ने अपोलो हॉस्पिटल्स और टीम A.B.S के सदस्यों को सम्मानित किया।

समापन के बाद सभी गणमान्य अतिथि जामा मस्जिद, तहसीनगंज स्थित जनाब रिज़वान हैदर साहब के आवास पर पहुँचे और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।टीम के वरिष्ठ स्तंभ नासिर अब्बास जी ने सभी से अपने पिताजी के स्वास्थ्य के लिए दुआ करने की विनती की। उल्लेखनीय है कि हैदर साहब ने तहसीनगंज जामा मस्जिद के पुनर्निर्माण एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। टीम A.B.S के अर्श, अर्शद और एलमा आबिदा के कार्यों की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. हरीश, नदीम और करण का विशेष योगदान रहा। टीम A.B.S, भारत सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को ज़मीन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है – और यह शिविर इसी दिशा में एक प्रभावशाली कदम रहा।